राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 मेसी बने फीफा फुटबॉलर...

आज अफगानिस्तान का सूपडा साफ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 245 | पटना, बुधवार, 17 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 14°C
न्यूनतम तापमान 08°C

बाजार

सोना 64,425

चांदी 78,700

सेंसेक्स 73,128

निफ्टी 22,032

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या में 22 जनवरी को चुनावी कार्यक्रम : राहुल

चिफोबोजू। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को चुनावी, राजनीतिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आरएसएस का कार्यक्रम बना दिया गया है जिस वजह से पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्राह्न के तीसरे दिन यहां संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और इस लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को पूरी तरह से राजनीतिक और नरेंद्र मोदी फंक्शन बना दिया है। यह संघ और भाजपा का कार्यक्रम बन गया है। यही कारण है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में नहीं जाएंगे।

20 जनवरी तक बंद रहेंगे पटना के सभी स्कूल

डीएम ने जारी किया नया आदेश

पटना। बढ़ते ठंड और शीतलहर के मद्देनजर 20 जनवरी तक राजधानी पटना के 8वीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने 8वीं तक के सभी स्कूलों को आगामी 20 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 16 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया था लेकिन बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया है। जिला प्रशासन ने वर्ग 9 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पहले के आदेश के अनुरूप सुबह 09.00 से दोपहर 03.30 बजे के बीच सावधानी के साथ संचालित करने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 18 एजेंडों पर लगी मुहर

गरीब परिवारों को मिलेंगे दो-दो लाख रुपये

बिहार लघु उद्यमी योजना की स्वीकृति, 94 लाख से अधिक गरीब परिवारों को मिलेगा लाभ

- तीन किस्तों में मिलेगी अनुदान राशि
- गरीब परिवारों के आर्थिक विकास में मिलेंगी मद्द

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूबे के 94 लाख 33 हजार 312 गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए दो-दो लाख की अनुदान राशि दी जाएगी। यह ऐसे परिवार हैं जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस योजना समेत कुल 18 प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी। मंत्रिपरिषद् की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि उद्योग विभाग के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न वर्गों के गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना की स्वीकृति दी गई। इस योजना के तहत राज्य के 94 लाख 33 हजार 312 गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए दो-दो लाख की अनुदान राशि दी जाएगी। तीन किस्तों में यह राशि दी जाएगी। योजना की पूरी प्रक्रिया तय करते हुए 1250 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति भी दे दी गई है। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत दो लाख रुपये के अनुदान के लिए गरीब परिवारों को आनलाइन आवेदन करना होगा। इस योजना के लिए 18 से 50 वर्ष के केवल बिहार के निवासी पात्र होंगे।

आवंटित राशि के अनुसार लाभुकों का रैंडम चयन किया जाएगा। अनुदान राशि से स्वरोजगार के लिए 62 उद्योग भी चिह्नित किए गए हैं। इनमें लकड़ी आधारित उद्योग, निर्माण उद्योग, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग आदि उद्योग शामिल हैं। इसके अलावा सैलून, इलेक्ट्रानिक, लांड्री, दैनिक उपभोग की जरूरत जैसे सर्विस क्षेत्र को भी योजना में शामिल किया गया है। अनुदान की राशि तीन किस्तों में मिलेगी। पहली किस्त में 25 प्रतिशत, दूसरी किस्त में 50 प्रतिशत जबकि तीसरी किस्त में शेष 25 प्रतिशत राशि दी जाएगी। योजना को लागू करने के लिए उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव की अध्यक्षता में कमेटी भी बनाई गई है।

कमेटी जरूरत के मुताबिक दूसरे क्षेत्र के उद्योगों को भी योजना में शामिल कर सकती है। गौर हो कि राज्य में पिछले दिनों हुई जाति आधारित गणना के आधार पर 94 लाख 33 हजार 312 गरीब परिवारों का चयन किया गया है। यह ऐसे परिवार हैं, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। राज्य सरकार का लक्ष्य अगले पांच सालों में इन परिवारों के कम से कम एक सदस्य को रोजगार के लिए दो लाख की अनुदान राशि मुहैया कराना है। वर्ष 2023-24 के लिए 250 करोड़ जबकि वर्ष 2024-25 के लिए सांकेतिक रूप से एक हजार करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

असंगठित कामगारों को दुर्घटना में मौत पर मिलेंगे दो लाख : राज्य कैबिनेट ने बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा- 2011 के तहत मिलने वाली सहायता राशि भी बढ़ा दी है। अभी तक कामगार व शिल्पकार की दुर्घटना मृत्यु पर आश्रितों को एक लाख मिलते थे जिसे बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह स्वाभिक मृत्यु पर सहायता राशि 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये, पूर्ण अपंगता पर 75 हजार से बढ़ाकर एक लाख और आंशिक अपंगता पर 37 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा दुर्घटना के बाद कम से कम पांच दिनों तक अस्पताल में रहने पर चिकित्सा सहायता अनुदान पांच हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपये कर दिया गया है। इस योजना के दायरे में 18 से 65 वर्ष तक के कामगार एवं शिल्पकार आएंगे।

बिहार निवास का बनेगा नया छह मंजिला भवन

पटना। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित बिहार निवास को तोड़कर उसकी जगह नया भवन बनाया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट ने 121.83 करोड़ रुपये खर्च करने की स्वीकृति दी है। नया भवन छह मंजिला होगा, जिसमें कुल 72 कमरे होंगे। इनमें तीन वीआईपी, जबकि सात वीवीआईपी कमरे बनाए जाएंगे। इसके अलावा लंबी अवधि तक रहने वाले अतिथियों के लिए वन-बीएचके के 14 कमरे और टू-बीएचके के छह कमरे बनाए जाएंगे। भवन निर्माण विभाग ने इससे जुड़ा प्राकक्लन तैयार किया है, जिसे राज्य स्कीम मद में मंजूरी दी गई है। वहीं, कैबिनेट ने अब बिहार सरकार की गाड़ी से दुर्घटना होने पर मृतकों के आश्रितों और घायलों को मुआवजा देने का फैसला लिया है। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि सरकारी स्वामित्व वाले मोटर वाहनों से हुई दुर्घटना में मृत्तक के आश्रितों को तत्काल 5 लाख रूपया दिया जायेगा। वहीं, ऐसी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों या उनके आश्रितों को 2 लाख 50 हजार रूपया का मुआवजा दिया जायेगा।

किडनी ट्रांसप्लाट की दवा के लिए मदद : बिहार सरकार ने पहले से ही तय कर रखा है कि राज्य के वैसे नागरिक जिनकी वार्षिक आय दो लाख पचास हजार रुपए तक है, उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अनुदान के रूप में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से तीन लाख रुपए दिये जाते हैं। अब राज्य सरकार ने ये फैसला लिया है कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से किडनी ट्रांसप्लांट कराने के बाद ऐसे हर मरीज को नियमित दवा सेवन के लिए पहले साल में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर छः-छः माह पर दो किश्तों में कुल राशि दो लाख सोलह हजार रुपए की मदद दी जायेगी। हालांकि ये पैसा सिर्फ एक साल ही मिलेगा। वहीं, श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011 में संशोधन के फलस्वरूप बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना संशोधन 2024 को लागू करने की स्वीकृति दी गई। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत पूर्व से सम्मिलित परीक्षाओं के अतिरिक्त संघ लोक सेवा आयोग, केन्द्रीय कर्मचारी चयन आयोग, विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोग, विभिन्न बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस तथा विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परिशिष्ट-1 के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा को सम्मिलित करते हुए उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले राज्य के अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित दर के अनुसार प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने एवं कुल 9 करोड़ 79 लाख 50 हजार मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय की स्वीकृति दी गई। नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत नगर परिषद्, मोकामा क्षेत्र से जल निकासी के लिए 40 करोड़ 56 लाख 15 हजार 100 की स्टॉर्म वाटर डेज्नेज सिस्टम योजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यकारी एजेंसी के रूप में राज्य सरकार के उपक्रम बुडको को नामित करने की स्वीकृति दी गई।

नीति आयोग और यूएनडीपी के मुताबिक गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में बिहार अव्वल : विजय चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मंगलवार को जनता दल यू प्रदेश मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नीति आयोग और यूएनडीपी के संयुक रिपोर्ट आई है, जिसमें दशार्या गया है कि गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संयोग से 2005-06 से 2022-23 तक का रिपोर्ट उसमें शामिल है और 2005 से ही नीतीश कुमार ने बतौर मुख्यमंत्री बिहार का पदभार संभाला था। तब से लगातार उन्होंने गरीबों की आर्थिक उन्नति के लिए और उनके तरक्की के लिए जो योजनाएं चलाई गई उसके नतीजे अब सतह पर दिखने लगें हैं। श्री चौधरी ने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव का विषय है कि आज इस उपलब्धि की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। गरीबी उन्मूलन की दिशा में बिहार अव्वल रहा है। इसके लिए सिर्फ और सिर्फ हमारे मुख्यमंत्री से नीतीश कुमार की प्रगतिशील नीतियां रही है और बिहार सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रम इसके मुख्य कारक रहे हैं। यह बताता है कि आने वाले समय में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का भविष्य कितना सुरक्षित, उज्ज्वल और चमकदार रहेगा। श्री चौधरी ने कहा कि हम लोगों के नेतृत्व की खासियत रही है, सुशासन और न्याय के साथ विकास।

गठबंधन में कहीं कोई नाराजगी नहीं : सीट शेयरिंग पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर श्री चौधरी ने कहा कि हमारी पार्टी का शुरू से मानना रहा है कि सीट शेयरिंग जल्दी हो जाता तो अच्छा होता। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कहीं कोई नाराजगी नहीं है। 2024 के चुनौतियां से निपटने के लिए हमारी तैयारी चल रही है। संयोजक के पद के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार शुरू से ही इस बात को कहते आए हैं कि हमें कोई पद नहीं चाहिए। इसलिए पद का ऑफर आया तो हमारे नेता ने कह दिया कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि हम बचपन से राम मंदिर जाते रहे हैं और भगवान राम में हमारा अटूट आस्था है। संवाददाता सम्मेलन में विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे : मोदी

प्रात : किरण

पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश)/ एजेंसी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक -एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है। श्री मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, ह्न हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे। पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है। आयकर व्यवस्था को भी आसान बनाया गया है।

उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ने नेशनल स्कूल गेम्स क्रिकेट चैम्पियनशिप का किया उद्घाटन

खिलाड़ी को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी : तेजस्वी

- आप सिर्फ मन से खेलें और अपने राज्य देश का नाम रोशन करें
- खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : जितेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने मंगलवार को ऊर्जा स्टेडियम में बिहार में पहली बार होने वाले 67 वें नेशनल स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2023-24 का उद्घाटन किया। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि एसजीएफटी ने पहली बार पांच खेलों की मेजबानी का मौका बिहार को दिया है यह हम सब के लिए बहुत खुशी और गर्व का विषय है। मैं खुद भी एक खिलाड़ी रहा हूं और आपकी तरह ही प्रतियोगिता में मैदान में खड़ा रहता था। एक खिलाड़ी के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहना बहुत जरूरी होता है तभी वह अपना बेहतर प्रदर्शन दे सकता है।

आगे तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आप लोग देश के कोने कोने से यहां खेलने आए हैं और आपसे यही अनुरोध है कि आप दिल से खेलें और अपना बेहतर प्रदर्शन कर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप सिर्फ खेल पर ध्यान दें बाकी आपकी सारी सुविधा व्यवस्था का सरकार पूरा ख्याल रखेगी। खेल मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने कहा कि बिहार में खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। खेल के विकास के लिए अलग खेल विभाग बनाया गया है। स्वास्थ्य एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार एक ऐसा राज्य है जहां उगते सूरज के साथ डूबते सूरज को भी प्रणाम किया जाता है । आप सभी का बिहार में स्वागत है और आप निश्चिंत होकर यहां खेलें। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि पहले एसजीएफआई से नेशनल स्कूल चैम्पियनशिप के खेलों की मेजबानी के लिए बिहार को मौका नहीं मिलता था। लेकिन अब बिहार हर तरह से खेल के मामले इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि इस वर्ष एसजीएफआई ने पांच खेलों क्रिकेट ,गर्ल्स फुटबॉल , सेपक टाकरा ,एथलेटिक्स और भारोत्तोलन की मेजबानी की जिम्मेदारी बिहार को दी है। यह बिहार के लिए बहुत गर्व की बात है। **खिलाड़ियों ने बीइसएपी 1 के बैंड के साथ मार्च पास्ट किया :** देश भर से आयीं टीम के खिलाड़ियों ने बीइसएपी 1 के बैंड के साथ मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री और मंच को सलामी दी। बिहार टीम के कप्तान द्वारा बाकी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। बैलून उड़ाकर और आतिशबाजी के साथ प्रतियोगिता की धमाकेदार शुरूआत हुई। उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और खेल मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने फिल्ड में खिलाड़ियों संग क्रिकेट खेल कर तथा बिहार और पंजाब के बीच उद्घाटन मैच को मंच से देखकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उद्घाटन समारोह में उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, खेल मंत्री जितेंद्र कुमार राय, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण, निदेशक सह सचिव पंकज कुमार राज ,एसजीएफटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

23 जनवरी को होगा फाइनल, 33 टीमें टूनामेंट में ले रही भाग: 16 से 23 जनवरी 2024 तक पटना के ऊर्जा स्टेडियम, जगजीवन स्टेडियम और रेलवे स्टेडियम सोनपुर में बॉयज अंडर 17 नेशनल स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2023-24 का आयोजन हो रहा है। इस चैंपियनशिप में भारत के राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और 08 शैक्षणिक संस्थाओं सहित कुल 33 टीमें और 700 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं । उद्घाटन मैच बिहार और पंजाब की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच 23 जनवरी को खेल जाएगा । **पहले दिन पांच मैच हुए :** पहले दिन कुल पांच मैच खेले गए। उर्जा स्टेडियम पटना में आयोजित मैच में पंजाब की टीम ने बिहार को पराजित किया। जगजीवन स्टेडियम में नवोदय विद्यालय समिति व कर्नाटक की टीम जीत हासिल की। वहीं, सोनपुर में पहले दिन दिल्ली व चंडीगढ़ की टीम ने जीत का स्वाद चखा।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 357वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के भाईयों एवं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक सरबंसदानी गुरु गोबिन्द सिंह जी एक महान योद्धा, कवि, चिन्तक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे शौर्य, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन से हमें प्रेम, एकता और भाईचारा की भावना के साथ सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व में देश–विदेश से भाग लेने बिहार आये सभी श्रद्धालुओं का मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR No.-015261(Governor Secretariat)D. 2022-23

संक्षिप्त खबरें

नगर परिषद सफाई कर्मियों ने मृत कुत्ते के शव को मुख्य द्वार पर लटकाया

दानापुर। नगर के अंतर्गत मंगलवार को भी बढ़ाये गये वेतन में राशि के भुगतान नहीं होने से नाराज नगर परिषद के सफाई कर्मियो ने मंगलवार को भी अपनी हड़ताल जारी रखी नगर परिषद के मुख्य द्वार पर आगजनी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। यहां तक की मृत कुत्ते के शव को मुख्य द्वार पर लटकाकर अपना विरोध जताते रहे। इस बीच नप कार्यालय में काम करने वाले कर्मियो को भारी फजीहत झेलनी पड़ी। प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों ने बताया कि नगर परिषद के सशक्त स्थायी समिति द्वारा वेतन में की गयी 50 रुपए बढ़ोत्तरी का भुगतान करने की बात कही गई थी। पांच माह पूर्व वेतन में बढोत्तरी की गयी पर आज तक उसका भुगतान नहीं किया गया। नप प्रशासन के तरफ से बार बार आश्वासन दिया जा रहा है। इसलिए सफाई कर्मियो ने नगर में सफाई कार्य ठप कर बढोत्तरी वेतन की मांग कर रहे है। इस संबंध में नगर परिषद प्रशासन के तरफ से वेतन बढोत्तरी की मांग पूरा करने का कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आया है। फिलहाल सफाईकर्मियों के इस हड़ताल से नगर वासी गंदगी सफाई को लेकर काफी परेशान है।

तख्तश्री के बेसमेंट में सिलिंडर में आग, पाया काबू

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के बेसमेंट से आगे जाकर बाबा पटियालेवाले के द्वारा करीब सौ कमरे का निर्माण किया जाना है। यहां पर फिलहाल चाय और पकौड़े का लंगर चल रहा है। यहां सिलिंडर के पास जैसे ही गैस की चाबी खोली गई, भभक कर आग पकड़ लिया। जैसे ही आग लगी, लोगों ने आनन-फानन में उस पर काबू करने का प्रयास किया। यहीं पर मौजूद सिविल डिफेंस के प्रभारी सिविल डिफेंस के टीम लीडर जयप्रकाश त्रिवेदी, वालेंटियर कुंदन कुमार, एसएन चौरसिया, प्रकाश कुमार, सुदय रंजन द्वारा आग पर काबू पाया गया। इससे कोई हताहत नही हुआ। एक खोई बच्ची को चौक थाना के एसआई सुदेशर पासवान द्वारा परिजनों को सौंपा गया। इस नेक काम के लिए कमिटी के लोगों ने शाबाशी दी।

सीमा सुरक्षा बल की मेडिकल टीम संगतों का कर रही इलाज

पटना सिटी (प्राकि)। गुरुद्वारा बाललीला परिसर में ठिठुरन भरी ठंड में बाहर से आए श्रद्धालुओं की सेवा सीमा सुरक्षा बल की मेडिकल टीम के द्वारा की जा रही है। बाल लीला गुरुद्वारा परिसर में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ सुधांशु एवं लैब टेक्नीशियन रमन कुमार, एएसआई फार्मासिस्ट अनिल कुमार कुटेल, मेडिक्स शैलेश कुमार के द्वारा यहां आए सिख संगतों की फ्री शुगर जांच तथा ब्लड फ्रेशर जांच कर दवा दी जा रही है। साथ ही इस मौके पर पटना सिविल सर्जन की ओर से डॉ अनुपमा, डॉ बैजनाथ, रानी कुमारी, एएनएम सहित टीम द्वारा सिख श्रद्धालुओं को खांसी, सर्दी, बुखार की जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा है।

संगतों का किया इलाज व सेवा

पटना सिटी (प्राकि)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की सिटी शाखा के द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें जन्मदिन पर रामबाग के सामने स्थानीय और बाहर से आए सिख श्रद्धालुओं के लिए बढ़ते शीतलहरी को देखते हुए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। इसमें अनेक लोगों का इलाज किया गया। साथ ही राहगीरों और असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मंगल तालाब स्लम एरिया, चौक, चौकशिकारपुर, नालापर सब्जी मंडी में अलग-अलग जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में चेयरमैन गोविन्द कानोडिया, डॉ राजेश कुमार आनंद, डॉ सतेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

महाप्रबंधक की पहल से कई रेलकर्मी की लंबित समस्याओं का हुआ निराकरण

हाजीपुर। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में 08 रेलकर्मी/उनके आश्रित से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

देहु शिवा वर मोहे ऐसे शुभ करमन से कभी न करूं...

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वाहो-वाहो गोविंद सिंह जी कलियां वाले गोविंद सिंह जी, तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिखे भव लयो, देहु शिवा वर मोहे ऐसे शुभ करमन से कभी न टरूं जैसे बोल, कीर्तन और बोले सो निहाल सतश्री अकाल जैसे जयकारा लगाते हुए करीब पांच किलोमीटर का फासला अशोक राजपथ पर गुरुद्वारा गायघाट से तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के बीच नगर कीर्तन से गुंजायमान रहा। नगर कीर्तन का दर्शन-दीदार करने के लिए सड़क के दोनों ओर और घर की छत पर लोग मौजूद थे। गुरुद्वारा गायघाट के दर्शनी ड्योढ़ी के पास सजे सजाए पालकी साहब खड़ा है। इन पर गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजित किया जाता है। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह के अलावा सहयोगी में नवराज सिंह हैप्पी बारी-बारी से गुरु ग्रंथ साहिब की सेवा करते चल रहे थे। आगे में पंज प्यारे थे और उनके आगे महिला पुरुष संगतों का जत्था सड़कों की सफाई व धुलाई कर रही थी। साथ ही उस पर पुष्प वर्षा किया जा रहा था, ताकि पंज प्यारे और महाराज की पालकी शुद्धता और सफाई के बीच गुजरे। नगर कीर्तन में सबसे आगे एनाउंसर थे। इसके बाद 11 घोड़ा के साथ ऊंट के बाद बैंड बाजा था। इसके अलावा कीर्तनी जत्था में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा फ्रेजर रोड, श्री गुरु गोविंद नगर चितकोहरा, पटना साहिब जत्था, सचखंड हजूर साहिब जत्था, रांची का जत्था, सासाराम का कीर्तनी जत्था, रांची रातू रोड का कीर्तनी जत्था के अलावा रानीपुर स्थित गुरु नानक सेंट्रल स्कूल, श्री गुरु गोविंद सिंह बालिका मध्य विद्यालय, श्री गुरु गोविंद सिंह बालिका उच्च विद्यालय, श्री गुरु गोविंद सिंह मध्य विद्यालय, श्री गुरु गोविंद सिंह उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का मार्च पास्ट और बैंड एक अलग समां बांध रहा था। इसके अलावा समस्तीपुर के धर्मेंद्र एंड पार्टी का आर्केस्ट्रा, झारखंड के निरसा चट्टी के दलजीत सिंह एंड पार्टी का आर्केस्ट्रा, जैमल सिंह एंड पार्टी, विक्की छाबड़ा एंड पार्टी का आर्केस्ट्रा भी सर्वशदानी के महिमा को गीतों के माध्यम से पेश कर रहे थे। पटना साहिब का गतका पार्टी ज्ञानी सतनाम सिंह के नेतृत्व में अनेक साहसिक करतब लोगों के सामने पेश करते हुए चल रहा था। इसे स्थानीय लोगों, संगतों और बाहर से आए लोगों ने भी खासा सराहा। नगर कीर्तन में विभिन्न चार पहिया वाहनों पर दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की भव्य तस्वीर, उनके बाल्य काल की तस्वीर से लेकर अन्य गुरु महाराज की छवि शामिल था। जुलूस में प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल, प्रवक्ता सुदीप सिंह के अलावा जगजीवन सिंह, दमनजीत सिंह, पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह, सुमित सिंह कलसी, सूरज सिंह नलवा, परमजीत सिंह, प्रीतपाल सिंह, अमरजीत सिंह, रविंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, दीपक सिंह लांबा आदि शामिल थे।

किया गया स्वागत: नगर कीर्तन के तख्तश्री पटना साहिब पहुंचने के बाद हरिमंदिर गली के रास्ते महाराज का स्वरूप सेवा करते हुए ले जाया गया। इसके बाद हरिमंदिर गली के पुराने दर्शनी ड्योढ़ी के पास पंज प्यारों को माला पहना कर स्वागत किया गया। उनकी आरती उतारी गई और पुष्प वर्षा किया गया। उनके आगे बढ़ने के बाद गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा की गई और माल्यार्पण किया गया। यहां पर स्थानीय लोगों ने व्यवस्था में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुरानी दर्शनी ड्योढ़ी के पास दीया और मोमबत्ती भी जलाया गया था और फूल-माला से सजाया गया था। यहां पर तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारीगण, सदस्यगण और कार्यालय से जुड़े अधीक्षक दलजीत सिंह, मैनेजर हरप्रीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल, पपिंदर सिंह आदि भी मौजूद थे।

सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग के फाइनल में राज मिल्क पहुंची

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के वीएन शर्मा इंस्टीच्यूट, खेल मैदान में चल रही लीग मैच का दूसरा सेमीफाइनल राज मिल्क एफसी और इंपीरियल सॉकर एफसी के बीच खेला गया। मुकाबला काफी जोरदार हुआ।

खेल अतिरिक्त समय में किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। अतिरिक्त समय के 108वें मिनट में मोहम्मद तौहिद ने गोल कर अपनी टीम को फाइनल का टिकट दिला दी। सेमीफाइनल मुकाबले के शुरू होते ही दिलशेर ने 18वें मिनट में गोल कर राज मिल्क एफसी को 1-1 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ का खेल समाप्त होने के चंद मिनट पहले इंपीरियल सॉकर के राकेश हांसदा ने गोल कर मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दियादूसरे हाफ का खेल शुरू होते ही राज मिल्क एफसी के स्टार खिलाड़ी दिलिराम संन्यासी ने गोल कर 2-1 की बढ़त दिला दी पर इंपीरियल सॉकर भी कहां पीछे रहने वाला था। 59वें मिनट में दिलीप कुमार ने गोल कर फिर मैच 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच बढ़त लेने के लिए कश्मकश जारी रही। निर्धारित 90 मिनट तक परिणाम 2-2 की बराबरी पर रहा। फिर अतिरिक्त समय का सहारा लिया गया जिसमें राज मिल्क के मो तौहिद 108वें मिनट ने गोल कर 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इंपीरियल सॉकर के खिलाड़ियों ने मैच में वापसी का पूरा प्रयास किया पर सफलता हाथ नहीं लगी।

द रेड वेलवेट होटल अपनी पाँचवी वर्षगांठ मनाया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के दानापुर बेली रोड स्थित द रेड वेलवेट होटल ने अपने 5 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर होटल प्रबंधन ने केक काटकर होटल के पाँचवी वर्षगांठ को बड़े हीं धूमधाम से मनाया। इस मौके पर होटल के प्रबंध निदेशक रोहित कुमार ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है कि द रेड वेलवेट होटल ने सफलतापूर्वक अपने पांच वर्ष पूरे कर लिए।

इन पांच वर्षों में होटल ने अपने उत्कृष्ट सेवाओं से ग्राहकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह होटल आज टॉप फैमली व व्यावसायिक होटलों में गिना जा रहा है। इसके लिए मैं अपने टीम मेम्बर, कर्मचारियों व अपने अतिथियों का धन्यवाद करता हूं।

अपने संबोधन में होटल के सीईओ रणधीर कुमार रंजन ने बताया कि यह होटल सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है जिसमें रेस्टुरेंट, 2 बैंकवेट हॉल, 1 बोर्ड रूम, जिम, स्पा तथा 28 आधुनिक सुसज्जित कमरे हैं। होटल के ऑपरेशन मैनेजर प्रबोध कुमार ने कहा कि इस वर्षगांठ पर हम अपने ग्राहकों को रूम्स पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहे हैं।

स्लम बच्चों के बीच पार्षद किरण ने मनाया जन्मदिन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम वार्ड 53 की पार्षद श्रीमती किरण मेहता का 54वां जन्मदिन गायघाट काली स्थान स्थित स्लम बस्ती में मनाया गया। लोगों एवं बच्चों के बीच केक काटकर मनाया गया। स्लम के बच्चों के बीच बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण किया गया। श्रीमती किरण के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन एवं दीघार्यु होने की मंगलकामना की गई। अजीमाबाद अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, सफाई निरीक्षक गौतम कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार मंटू, गुंजन कुमार, अयोध्या मेहता, रौशन कुमार, विकास मित्र प्रमोद कुमार चौधरी, अतुल कुमार अभि, शिव कुमार, आलोक राज, प्रीतम अभिषेक, मो आबिद हुसैन, रवि राज, फूलन देवी, संगीता कुमारी, सोनू कुमार, चुनचुन कुमार, टिंकू मेहता, मो प्रिंस, बबली पाण्डेय, अभि कुमार, विक्की कुमार आदि लोग मौजूद रहे थे।

गुरुद्वारा गायघाट में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सर्वशदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा गायघाट में विशेष दीवान सजा। यहां पिछले दो दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। इसके बाद विशेष दीवान सजा। यहां रागी जत्था भाई महागुरजोत सिंह जगाधरीवाले, भाई जसवीर सिंह कविश्री जत्था टाटानगर, भाई बलविंदर सिंह रंगीला चंडीगढ़, भाई गुरमीत सिंह जी शांत जालंधरवाले ने कीर्तन पेश किया। कथा प्रवचन हजूरी कथावाचक भाई दलजीत सिंह ने किया। इसके बाद अरदास जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने किया। मौके पर अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, गुरदयाल सिंह, सुखदेव सिंह, रोशन सिंह, आदि भी मौजूद थे। इसके बाद तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह तख्तश्री कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एसएस अहलूवालिया, आरएस जीत, सरदार जगजीवन सिंह, पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह, आदि को सरोपा प्रदान किया गया।

एसडीओ ने रघुनाथ हिन्दू उवि में किया शिक्षा संवाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बेगमपुर स्थित श्री रघुनाथ हिन्दू उच्च विद्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षा संवाद का कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। इसमें पटना सिटी के अनुमंडल पदाधिकारी गुंजन सिंह एवं खुशरूपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित हुए। इसमें बिहार सरकार द्वारा छात्रों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री रघुनाथ हिन्दू उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रभा कुमारी द्वारा स्वागत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अपने सफलता के सूत्र को भी बताया गया। छात्रों को भी मोटिवेशनल स्पीच उनके द्वारा दिया गया। शिक्षा संवाद में छात्र, बच्चे, अभिभावक और शिक्षक सभी उपस्थित थे। इस दौरान कन्या मध्य विद्यालय, बेगमपुर के प्रधानाध्यापक संजय पासवान द्वारा विद्यालय के जर्जर भवन एवं बरसात के दिनों में परिसर में जलजमाव की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस बात को एसडीओ ध्यान से सुनीं और आवेदन की मांग की। मंच का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ विजेंद्र पासवान ने किया।

पटना सदर प्रमुख अमरजीत अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं बचा पाए कुर्सी

पटना सिटी। बिहार में हुए पंचायत चुनाव के दो साल बाद सदर प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में पटना सदर प्रमुख अमरजीत यादव के खिलाफ भी मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इसमें पटना सदर के कुम्हरार स्थित कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराया गया। इसमें वर्तमान सदर प्रमुख अमरजीत यादव को हार का सामना करना पड़ा। सदर कार्यालय में इस प्रस्ताव के खिलाफ चर्चा हुई और फिर वोटिंग हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार वर्मा और दानापुर के एएसडीएम की मौजूदगी में वोटिंग हुई थी। पटना सदर में पंचायत समिति के प्रमुख अमरजीत यादव के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आठ सदस्य वोटिंग में शामिल हुए। बीडीओ ने बताया कि वोटिंग में छह वोट विश्वास के समर्थन में और एक वोट विपक्ष में पड़ा। एक वोट सादा रहने के कारण से रद्द कर दिया गया। ऐसे में वोटिंग के बाद प्रखंड प्रमुख की कुर्सी अमरजीत यादव को गंवाना पड़ा है।

लंगर परोसने के पूर्व बने आइटम की जांच करते बाबा भूरीवाले

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

संगतों के रिहाइश और लंगर की पहली पसंद गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत है। यहां के प्रमुख बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह अपनी पूरी टीम के साथ रिहाइश और लंगर का प्रबंध के साथ ही ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था भी देख रहे हैं। जहां-जहां संगत ठहरी है, वहां-वहां लंगर भिजवाना भी होता है। इसके साथ ही तख्तश्री कमेटी के द्वारा कंगन घाट, ओपी साह सामुदायिक भवन और पटना साहिब भवन में भी ठहरी संगत को लंगर-पानी की व्यवस्था बाबा भूरीवाले की टीम के द्वारा ही किया जा रहा है। यहां संगतों के लिए जो भी लंगर तैयार किया जाता है, उसे कटोरी में लेकर बाबा भूरीवाले के पास लाया जाता है। यहां वह एक-एक आइटम को देखते हैं। बनाने वालों से बात करते हैं। इसके बाद ही वह आइटम संगत को परोसने के लिए अनुमति मिलने के बाद ही भेजा जाता है। वहीं बाबा सुखविंदर सिंह लंगर हॉल के बाहर में संगतों के बीच बैठते हैं। उनको चाय, कॉफी के लिए पूछते हैं। साथ ही जो संगत यहां से लौट रही होती है, उन्हें प्रसाद का पैकेट और साथ ही गुरुद्वारा बाललीला का कैलेंडर भी देना नहीं भूलते हैं। संगतों के रिहाइश के मामले में बाबा गुरविंदर सिंह और राजन सिंह पूरी व्यवस्था को अंजाम दे रहे हैं। हर किसी को हर विभाग ट्रांसपोर्टेशन, कम्युनिकेशन, जोड़ाघर, रसद आदि की जिम्मेदारी बंटी हुई है। यदि कहीं कोई किसी को परेशानी होती है, तो परामर्श कर तुरंत उसका निदान निकाला जाता है। हालांकि इस बार बाहर से आने वाली संगत की संख्या भी कम है। स्थानीय लोग भी लंगर के लिए कम पहुंच रहे हैं। इसके पीछे भी कारण है कनकनी हवा और पारा गिरने के कारण ठंड से बदहाल लोग घर से निकलना पसंद नहीं कर पा रहे हैं। पहले यहां लंगर के लिए तीन-चार लाइन लंबी लगी होती थी। लोगों को किस्तों में लंगर हॉल में जाने के लिए छोड़ा जाता था, मगर इस बार यह स्थिति नहीं है। लोग जैसे-जैसे गुरुद्वारा बाललीला परिसर में प्रवेश करते हैं। यदि उन्हें लंगर छकने की इच्छा है, तो वह सीधे लंगर हॉल में जाते हैं।

कर्पूरी जी समरस समाज के पक्षधर थे: अंजनी पटेल

24 को उनकी जयंती पर युवाओं को जुटने का आह्वान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना महानगर युवा जदयू के नेताओं द्वारा बड़ी पटनदेवी मार्ग गुलजारबाग में बैठक की गई। इसमें पार्टी द्वारा 24 जनवरी को कपूर्री ठाकुर शताब्दी जयंती समारोह पटना के वेटनरी ग्राउंड में होना सुनिश्चित हुआ है।

इस कार्यक्रम में पटना जिला से अधिक युवाओं की भागीदारी हो, ताकि कार्यक्रम सफल हो सके। इस विषय पर विमर्श किया गया। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ई कुमार अभिषेक सिंह एवं संचालन अमन कुशवाहा ने किया। मौके पर प्रदेश सचिव सह संगठन प्रभारी अंजनी कुमार पटेल ने भूतपूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और उनके अधूरे सपने को धरातल पर उतारने और आत्मसात कर पिछड़े समाज को मुख्यधारा से जोड़ कर आरक्षण देने, राजनीतिक और सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ध्वजवाहक बताते हुए आभार प्रकट किया। साथ ही कपूर्री ठाकुर शताब्दी जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए युवाओं से आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता और अरुण कुमार गुप्ता ने भी स्व कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों पर चलकर समरस समाज बनाने की अपील की। मौके पर प्रवक्ता धर्मेन्द्र पटेल, अजय यादव, मुकेश ठाकुर, संतोष अग्रहरि, कन्हाई पटेल, आदर्श सिंह, विकास यादव, पप्पू मेहता, राजू जी, हीरो कुमार आदि मौजूद थे।

राजद-जदयू के बीच सीटों को ले वर्चस्व की लड़ाई : प्रभाकर मिश्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि राजद और जदयू के बीच सीटों को लेकर वर्चस्व की लड़ाई जारी है। दोनों दल अधिक सीटों पर दावेदारी कर एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में जुटे हैं। श्री मिश्र ने मंगलवार को लालू-नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को राबड़ी आवास पर चूड़ा-दही भोज में शिरकत करने जरूर गए। लेकिन, इस सर्दी में लालू-नीतीश का राजनीतिक दंभ दोनों के अंदर बर्फ बनकर जमा रहा। वे एक-दूसरे से मिले जरूर, लेकिन दंभ का बर्फ पिघला नहीं। लालू ने छोटे भाई के ललाट पर दही का तिलक लगा कर आशीर्वाद भी नहीं दिया। दोनों के बीच 10 मिनट की मुलाकात अनेक सवाल खड़ा कर गई। श्री मिश्र ने कहा कि रही-सही कसर राजद के एक विधायक ने यह कह कर पूरी कर दी कि लालू के आशीर्वाद से ही नीतीश मुख्यमंत्री की कुर्सी पर हैं। अब हालत ऐसे दिख रहे हैं और लालू अब नीतीश कुमार को लंबे समय तक आशीर्वाद देने के लिए तैयार नहीं हैं। न दही का टीका लगा कर और न ही मुख्यमंत्री की कुर्सी में अपने विधायकों का जोर लगा कर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कुर्सी जानी करीब तय है।

भारतीय मानक ब्यूरो, द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सतपोजर विजिट

पटना। भारतीय मानक ब्यू1रो, पटना शाखा कार्यालय एवं प्रयोगशाला, पाटलीपुत्रा औद्योगिक प्रांगण पटना द्वारा मंगलवार (16 जनवरी, 2024) को बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब, नवीन राजकीय पॉलिटेक्निक, पटना एवं बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब, राजकीय पॉलिटेक्निक जहानाबाद, के छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपपोजर विजिट कराया गया। भारतीय मानक ब्यूररो के पूरे देश में स्थित कार्यालयों द्वारा समय-समय पर विभिन्नक स्टैंडर्ड क्लब/ स्कू,लों/ कॉलेज के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं औद्योगिक समूह के लोगों का एक्सापोजर विजिट कराया जाता है। इसका उद्देश्यड छात्र-छात्राओं एवं औद्योगिक समूह के लोगों के बीच मानकीकरण के विषय में जागरूकता पैदा करना है। मानकीकरण के बारे में उनके बीच कई तरह जानकारी उपलब्धे करायी जाती है। ये लोग उपलब्धग जानकारी को अन्यह लोगों के बीच चर्चा के माध्य म से बांटते हैं, इससे लोगों के बीच जागरूकता बढ़ती है। इसी क्रम में बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब नवीन राजकीय पॉलिटेक्निक, पटना, के मेंटर रोहित कुमार, लेक्चरर अमित राणा, लेक्चरर सैयद अहमद एवं बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब राजकीय पॉलिटेक्निक जहानाबाद, के मेंटर रीना कुमारी, लेक्चरर प्रतिभा कुमारी और 93 छात्रों ने पटना शाखा कार्यालय का एवं प्रयोगशाला का दौरा किया। इस कार्यक्रम में पटना शाखा कार्यालय प्रमुख निर्देशक सुमन कुमार गुप्ताप एवं प्रयोगशाला के दीपक पात्र, वैज्ञा. डी, मनोज कुमार चव्हाण, वैज्ञा. डी, आबिद हुसैन, वैज्ञा. सी, एवं गौरव मीना, वैज्ञा. बी पटना शाखा प्रयोगशाला ने उन्हें बीआईएस के कार्यकलापों एवं प्रयोगशाला के द्वारा किये जा रहे परीक्षणों के बारे में बताया गया।

महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल की अध्यक्षता में प्रबंधन में रेलकर्मियों की भागीदारी की बैठक का आयोजन

हाजीपुर। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल की अध्यक्षता में ह्लप्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारीह्व (प्रेम समूह) की वर्ष 2024 की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यात्री सुविधाओं, सुगम रेल परिचालन एवं माल लदान बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं यूनियन/ एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहाँ कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है। हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय बन जाते हैं। यूनियन एवं एशोसिएशन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं।

बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स एसासिएशन के अध्यक्ष श्री बी.के.सिंह एवं महासचिव श्री जे.पी.सिंह, ईस्ट सेंट्रल रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष श्री बी.के.दास एवं महासचिव श्री दीपक राज राय, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष श्री डी.के.पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष श्री एस.एस.डी मिश्रा एवं महासचिव श्री एस.एन.पी. श्रीवास्तव, एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव श्री पवन कुमार राम एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक के उपरांत महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आज की समीक्षात्मक चर्चा एवं इससे उत्पन्न प्रेरक विचार हमारे लिए सार्थक एवं उपयोगी साबित होंगे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (सा.) सह प्रेम ग्रुप के सचिव श्री अभिषेक कुमार द्वारा किया गया।

तख्तश्री के विशेष दीवान में हुआ कीर्तन दरबार, मुख्य समारोह आज

आज आएंगे राज्यपाल, सीएम व अन्य वीवीआईपी

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के विशेष दीवान हॉल में कीर्तन दरबार का आयोजन मंगलवार देर शाम किया गया। यहां संत समाज के प्रधान, मुखी दमदमी टकसाल के संत बाबा हरनाम सिंह जी खालसा ने कथा कहीं। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का मुख्य प्रकाश पर्व बुधवार की मध्य रात्रि को मनाया जाएगा।

इसमें सुबह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा सांसद, विधायक, केंद्र और बिहार सरकार के मंत्री एवं अन्य वीवीआईपी के आने की संभावना है। वहीं विशेष दीवान हॉल में कीर्तन रागी जत्था यूपीवाले भाई अंतरवीर सिंह, भाई बिअंत सिंह खोसेवाले, भाई गुरमीत सिंह जी जालंधरवाले, भाई हरजोत सिंह जख्मी जालंधरवाले, भाई गुरु इकबाल सिंह जत्था माता कोला भाई केंद्र, भाई महागुरजोत सिंह जगाधरीवाले, भाई अनहद वाणी जत्था बरु साहिब और भाई चमनजीत सिंह जी लाल रागी जथा दिल्लीवाले ने कीर्तन पेश किया। इस दौरान कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने अपनी कथा से मौजूद संगतों को निहाल कराया। मध्य रात्रि के बाद दीवान की समाप्ति हुई। मंच का संचालन तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और ज्ञानी भगवान सिंह जी जौहल जालंधरवाले ने किया। कनकनी हवा और गिरते तापमान के बीच ठंड में यहां आई संगतों का बुरा हाल है। नगर निगम या अनुमंडल प्रशासन के द्वारा चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था अब तक इस सीजन के ठंड में नहीं की गई है। कुछ स्वयं

नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही सरकार : सर्वजीत

बोलें-स्वरोजगार हेतु कृषि क्लिनिक के लिए 424 लाख की योजना स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिहार में विभिन्न पदों पर नियमित नियुक्ति की जा रही है। साथ ही, बड़े पैमाने पर स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बिहार के युवा, युवतियों के स्वरोजगार के लिए राज्य योजनान्तर्गत खेती-बारी कृषि क्लिनिक के लिए कुल 424 लाख रुपए की योजना स्वीकृत की गई है। इसके लिए 15 जनवरी तक ऑन-लाईन के माध्यम से आवेदन की मांग की गई थी। निर्धारित तिथि तक कुल 646 आवेदन प्राप्त हुये हैं। खेती-बारी कृषि क्लिनिक को संचालित करने के लिए इन आवेदनों में से 202 योग्य आवेदकों का चयन संबंधित जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमिटी द्वारा किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के दौरान फसलों में लगने वाले रोगों व्याधि की स्थिति में उसके उपचार हेतु कृषि क्लिनिक की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत खेती-बारी कृषि क्लिनिक की स्थापना हेतु कृषि विभाग द्वारा 02 लाख रुपए अनुदान दिया जायेगा। खेती-बारी कृषि क्लिनिक योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल उत्पादन संबंधित सभी सेवाएँ यथा मिट्टी जांच की सुविधा, बीज विश्लेषण की सुविधा, कीट,व्याधि प्रबंधन संबंधित सुझाव, पौधा संरक्षण संबंधित छिड़काव-भुरकाव हेतु आवश्यक उपकरणों एवं तकनीकी विस्तार सेवा का स्थानीय स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इससे फसलों के उत्पादन, उत्पादकता एवं उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि सहित किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चत होगी। इस योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में किया जायेगा। इस योजनान्तर्गत प्रखंडस्तरीय कुल 202 कृषि क्लिनिक की स्थापना की जायेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन 208 सहायक प्राध्यापक तथा 16 विषय वस्तु विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है।

आत्मा योजना अन्तर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, लेखापाल प्रखण्ड स्तर पर तथा आशुलिपिक-सह-लिपिक जिला स्तर के नियाजन की प्रक्रिया 23 जिलों में पूर्ण कर ली गई है। अभी तक प्रखंड स्तर पर183 प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, 375 सहायक तकनीकी प्रबंधक, 80 लेखापाल प्रखण्ड स्तर तथा जिला स्तर पर 03 आशुलिपिक सह लिपिक अर्थात कुल 641 तकनीकी, गैर-तकनीकी मानव बल का नियोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से विज्ञापित 2014 किसान सलाहकारों की शेष रिक्तियां 1630 के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1452 है जिसमें अभी तक कुल योगदान करनेवाले किसान सलाहकारों की संख्या 976 है। श्री कुमार ने कहा कि प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पद के 866 रिक्त पदों, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/उप परियोजना निदेशक आत्मा सहायक निदेशक (शष्य) एवं समकक्ष के 155 रिक्त पदों, कृषि अभियंत्रण सहायक निदेशक के 19 रिक्त पदों तथा पौधा संरक्षण सहायक निदेशक के 11 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, इन पदों के लिए 15 जरवरी से ऑन-लाईन आवेदन लिया जा रहा है।

नीतीश कुमार में देश का नेतृत्व करने के सारे गुण मौजूद : लेसी

● बोलें- प्रभु श्रीराम हम सबों के आराध्य हैं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण मौजूद है। मंगलवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा यह महागठबंधन का विषय नहीं है, निश्चित रूप से पार्टी के कार्यकताओं को अपनी भावनाएँ जाहिर करने का आधिकार है, कोई भी पार्टी का कार्यकर्ता अपने नेता को सर्वोच्च पद पर देखना चाहते हैं और हमारे नेता नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण और अच्छाइयाँ मौजूद है। देश की जनभावना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश का नेतृत्व करें। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल का जबाव देते हुए मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सबों के आराध्य हैं एवं सबों के दिल में बसते हैं। प्रभु श्रीराम सर्वोच्च हैं। अयोध्या जाना या नहीं जाना सबकी अपनी व्यक्तिगत निर्णय है। इससे पहले मंत्री ने प्रदेशभर से पहुंचे आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके न्यायसंगत निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

पूर्व एमएलसी रमेश प्रसाद के निधन पर शोक

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पूर्व विधानपार्षद एवं जाने माने अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह के निधन पर पार्टी की ओर से शोक-श्रद्धांजलि देते हुए इसे सार्वजनिक जीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। उनका निधन पिछले दिनों रविवार को एम्स पटना में हो गया था। स्मरणीय है कि दिवंगत रमेश प्रसाद सिंह छात्र जीवन से ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ गये थे। आगे चलकर वह बिहार राज्य जनबादी नौजवान संघ के वर्षों तक अध्यक्ष रहे, पटना विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के भी अध्यक्ष रहे और 1978 से 1996 तक तीन बार भाकपा के टिकट पर पटना स्नातक क्षेत्र का बिहार विधान परिषद में प्रतिनिधित्व भी किया था। अलावे वह पटना जिला न्यायालय के साथ-साथ पटना हाईकोर्ट के ख्याति प्राप्त अधिवक्ता भी रहे थे।

छूटे टोले में हर घर नल जल योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है : ललित

● नियोजन कैंप के माध्यम से दिया जा रहा रोजगार : सुरेंद्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित कुमार यादव ने कहा कि हर घर नल-जल योजना को मजबूती प्रदान करने के लिए 35 हजार के लगभग छूटे हुए टोले को हर घर नल-जल योजना के तहत 46 हजार करोड़ रुपए की लागत से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, और सरजमीन पर काम हो रहे हैं। राजद कार्यालय में मंगलवार को आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने आगे बताया कि बिहार में खराब पड़े चापाकल और नए चापाकल के लिए लगाने के लिए विभाग के स्तर से लगातार कार्य हो रहे हैं और 30 सरकारी भवन का निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया है। इन्होंने यह भी बताया कि पंचायती राज से स्थानांतरित 60 हजार वार्ड को सुचारू ढंग से चलने के लिए पीएचडी विभाग के माध्यम से काम चल रहा है, और योजनाएं सरजमीन पर चालू है। इस अवसर पर श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिक के द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य भर में पंचायत स्तर पर विशेष अभियान और कैंप लगाकर श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन करवाकर योजना का लाभ दे रही है। साथ ही साथ 16 तरह के पात्र को श्रमिक विभाग ने चिन्हित किया है और इस योजना का लाभ आम लोगो को दिया जा रहा है। साथ में बीओसीडब्ल्यू के तहत निर्माण श्रमिकों के लिए योजनाएं चलाई जा रही है और इस योजना की पात्रता वाले को लाभ दिया जा रहा है, जिसकी राशि लगभग 500 करोड रुपए से अधिक की है। श्री सुरेन्द्र राम ने आगे कहा कि नियोजन मेला और नियोजन कैंप के माध्यम से बड़े पैमाने पर नौजवानों को विभिन्न कंपनियों में समायोजित किया गया है। इन्होंने आगे कहा कि बिहार में टाटा कंपनी के साथ जो समझौता हुआ है उसके अंतर्गत आईटीआई में वर्कशेड का उद्घाटन इसी माह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में किया जाएगा। इस दिशा में महागठबंधन सरकार श्रमिकों के आर्थिक और समाजिक उत्थान के प्रति पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रतिवेदन मंत्री के समक्ष रखा, जिसे सुनकर कार्रवाई की गई। और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग और जिला के अधिकारियों को दिये। एजाज ने आगे बताया कि अगले मंगलवार 23 जनवरी, 2024 को विधि मंत्री डा मो शमीम अहमद एवं कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत सुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल भी सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रभु श्री राम के जयघोष के साथ महावीर मंदिर से श्री राम रथ रवाना

● एक बार फिर रामलला अपने स्थान पर होंगे विराजमान : सम्राट

पटना, प्रातः किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर से जय श्री राम के उद्घोष के बीच राम रथ को श्री राम ध्वज दिखाकर रवाना किया। महावीर मंदिर से रवाना यह राम रथ शहर के विभिन्न इलाको में घूम - घूमकर लोगो को 22 जनवरी को डाकबंगला चौराहे पर आकर राम-धुन, भजन के साथ हवन पूजन और प्रसाद के लिये आमंत्रित करेगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि यह दिन सनातन आस्था और स्वाभिमान के पुनर्स्थापन का दिन होगा जब 500 साल के संघर्ष के बाद एक बार फिर रामलला अपने स्थान पर विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन के लिए कई लोगों ने अपनी कुर्बानियां दी और त्याग किए। उस दिन करोड़ों लोगों का सपना पूरा होगा और भविष्य में यह पवित्र धरा असंख्य लोगो का कल्याण करती रहेगी। उन्होंने लोगों को इस दिन को दीपावली के रूप मनाने की अपील की। इस मौके पर पाटलिपुत्र सांसद रामकृपाल यादव तथा पूर्व मंत्री सह विधायक नितिन नवीन के साथ श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के अध्यक्ष सरदार जगजीवन सिंह बबलू एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी पटना में श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति ने भव्य तैयारी की है, जिसके अंतर्गत 51 हजार दीपों से पटना के डाकबंगला चौराहे को जगमग किया जाएगा, इसके साथ ही लगभग सवा लाख दीप पटना के 50 से भी ज्यादा पूजा समितियों और व्यापारिक संगठनों के बीच वितरित किए जाएँगे। कुल मिलाकर पटना को पूरी तरह से श्री राम की भक्ति और आस्था में भरने के लिए समिति ने संयोजक नीतिन नवीन तथा अध्यक्ष जगजीवन सिंह बबलू ने समिति के सदस्यों के साथ कर ली गई है।

एक दिन पहले से चौबीस घंटे का अष्टजाम और प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत भजन पूजन और हवन का आयोजन भी डाकबंगला पर चौराहे पर किया जाएगा। इन सभी बातों की जानकारी और जागरूकता के लिए ही आज महावीर मंदिर से राम रथ को रवाना किया गया है । इस मौके पर सांसद रामकृपाल यादव ने राजधानिवासियो से 22 जनवरी को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाकर दीपावली मनाने की अपील की।

बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट संकल्प महासभा में उमड़ी भीड़

● पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने आया हूं : चिराग

● बोलें-रामविलास पासवान का बेटा हूं ना तो टुटूंगा और ना ही झुकूंगा

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुई सांसद चिराग पासवान ने वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित अक्षयवट राय स्टेडियम में बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट संकल्प महासभा में विराधियों पर जमकर बरसे। कहा कि मुझे खत्म करने के लिए बड़ी राजनीतिक शक्तियों ने अपनी ताकत लगा ली बावजूद आप सबों के सहयोग से मैं आज बड़ी मजबूती के साथ आपके समक्ष खड़ा हूं। आप सबों के आशीर्वाद से ही अपने पिता के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड को फिर से तोड़ पाऊंगा। कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व पार्टी के संस्थापक दिवंगत नेता पद्म भूषण रामविलास पासवान के तैल्यचित्र पर श्री चिराग और पूर्व केंद्रीय मंत्री की पत्नी रीना पासवान ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर वैशाली जिला कमेटी के द्वारा उन्हें चांदी का मुकुट और तलवार भेंट कर श्री चिराग का स्वागत किया गया। संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए श्री चिराग ने कहा कि हाजीपुर में अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने आया हूं जिसे बिहार परिपेक्ष्य में वह पूरी उम्र देखते रहें। बिहार को फर्स्ट और बिहारी को फर्स्ट बनाने का जो उन्होंने सपना देखा था उसे आज पूरा करने का संकल्प लेता हूं। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं ना तो टुटूंगा और ना ही झुकूंगा। हमारे पिता जीवन के आखिरी सांस तक अपने स्वास्थ्य को दरकिनार करते हुए गरीबों और वंचितों के लिए काम करते रहे।पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरूण कुमार, रेणु कुशवाहा, वैशाली सांसद वीणा देवी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानन्द शर्मा, डॉ शाहनवाज अहमद कैफी, शंकर झा, अचुतानन्द सिंह, सतीश कुमार, धनंजय पासवान, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेन्द्र कुमार मुन्ना, राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह, मिथलेश सिंह, कृष्णा सिंह, बीएन सिंह, प्रणव कुमार, यामिनी मिश्रा, राजेश कुमार, इन्दु कश्यप, अनिल पासवान, हुलास पाण्डेय, संजय पासवान, रविन्द्र कुमार सिंह, अशरफ अंसारी सहित अन्य ने संबोधित किया।

बिहार लघु उद्यमी योजना राज्य सरकार का क्रांतिकारी निर्णय : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने मंगलवार को बिहार कैबिनेट द्वारा स्वीकृत बिहार लघु उद्यमी योजना को राज्य के गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए स्वागत किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने आज एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यह सरकार जो कहती है वह करती है। जबकि केन्द्र की भाजपा सरकार पिछले दस सालों में केवल जुमलेबाजी और इवेंट मैनेजमेंट के अलावा जनहित में कोई भी काम नहीं कर पायी है। लोगों के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। वहीं बिहार की महागठबंधन सरकार द्वारा पिछले डेढ़ वर्षों में हीं नौकरी देने का विश्व कीर्तिमान स्थापित कर अब 94 लाख परिवारों को स्वरोजगार के लिए दो-दो लाख रुपए देने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। नीतीश कैबिनेट के आज के फैसले में कहा गया है कि जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य में आर्थिक रूप से गरीब परिवारों की संख्या 94 लाख से अधिक है. राज्य सरकार की ओर से 05 सालों में हर गरीब परिवार के कम-से-कम एक सदस्य को रोजगार हेतु अधिकतम 2.00 लाख रुपए अनुदान की राशि तीन किश्तों में दी जानी है, जिससे वे उद्यम स्थापित करते हुए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकेंगे और बेरोजगारी दर में कमी लायी जा सकेगी. इस उद्देश्य से राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा बिहार लघु उद्यमी योजना के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार बिहार को वाजिब हक भी नहीं मिल रहा है। जबकि नीति आयोग के रिपोर्ट के अनुसार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष सहायता मिलनी चाहिए।

पीएम मोदी के नेतृत्व में चार सौ सीट पार करेगा एनडीए गठबंधन : पारस

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस दो दिवसीय दौरा पर मंगलवार को पटना पहुँचें। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इंडिया गठबंधन में अभी तक कोई ऐसा नेता नहीं है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सके। आगे पारस ने कहा कि इंडिया गठबंधन में नेताओं की भरमार तो लेकिन किसी भी नेता में त्याग की भावना नहीं है जिस गठबंधन में अभी तक यह तय नही हुआ है कि इसका संयोजक कौन बनेगा या कौन से सीट पर कितनी किसकी उम्मीदवारी होगी। इंडिया गठबंधन में 28 दल हैं लेकिन सभी नेता अपने-अपने राज्य में सीट शेयरिंग पर सभी नेता चुप्पी साध रहे हैं, तथा कुछ कहने से कतरा रहे हैं इस परिस्थिति में महागठबंधन एनडीए को कैसे चुनौती देगा। आगे पारस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों, अतिपिछड़ों, दलितों, शोषितों तथा अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए अनेकों लाभकारी योजना लाकर मुख्यधारा में जोड़नें का काम कर सभी को लाभ पहुँचानें का काम किया है। आगे पारस ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है जो अयोध्या के राममंदिर का इतना बड़ा मामलों का बिना विवाद या तीन तालाक का मामला हो सभी मामलें बिना विवाद के श्रतिपूर्ण ढंग से सभी के सहमति से इतने बड़े कार्य को सफलतापूर्वक कर देना बड़ी बात है। पारस ने कहा कि 2024 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन चार सौ पार करेगा। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि 17 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री पारस अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा लेगें।

नीतीश कुमार ने जननायक के वसूलों को अमलीजामा पहनाया : विजय

जननायक जन्मशताब्दी समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक

● आज भाजपा शासित राज्यों में तांडव मचा हुआ है : जमा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जननायक कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सांगठनिक विस्तारित सह बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशरफ हुसैन ने की। इस अवसर पर वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने कपूर्री ठाकुर के वसूलों को अमलीजामा पहनाया है। उनकी सोच को आगे बढ़ाने का काम नीतीश कुमार कर रहे हैं। श्री चैधरी ने कहा कि कपूर्री ठाकुर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गो की सदैव चिंता करते थे। आज वही काम हमारे नेता नीतीश कुमार कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि 24 जनवरी को जननायक जयंती समारोह को सफल बनाने में अल्पसंख्यक समाज के साथियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने कहा कि जब भी कोई कार्यक्रम हुआ है तब अल्पसंख्यक समाज के लोग पहली पंक्ति में खड़े रहे हैं। एक बार फिर हमें जिम्मेदारी मिली है। हमें 24 जनवरी को आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को अल्पसंख्यक समाज के नेतृत्व में दलित समाज के लोग भी पटना आएंगे। श्री जमा खां ने कहा कि आज देश की स्थिति नाजुक मोड़ पर है। भाजपा शासित राज्यों में तांडव मचा हुआ है। जबकि बिहार में कोई भी साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश तक नहीं करते हैं। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशरफ हुसैन ने कहा कि कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न्याय पुरूष है। उन्होंने अकलियत मुस्लिम महिलाओं के लिये जो काम किया है उसकी कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को आप सभी जन्मशताब्दी समारोह में शामिल होकर एक एकजुटता को साबित करें।

पार्टी के कोषाध्यक्ष सह माननीय विधान पार्षद ललन सर्राफ ने कहा कि देश की जनता ने 10 साल नरेन्द्र मोदी को काम करने का मौका दिया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि 2029 तक मुफ्त राशन देंगे। श्री ललन सर्राफ ने कहा कि 24 जनवरी को एकजुट होकर पूरे पटना को पाट दीजिये।

जननायक जन्मशताब्दी समारोह होगा यादगार : उमेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 24 जनवरी को आयोजित जननायक के जन्मशताब्दी समारोह को भव्य, शानदार और यादगार बनाना है। इसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की सहभागिता महत्वपूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण, कपूर्री ठाकुर, राममनोहर लोहिया, महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर के विचारों पर हमारी पार्टी चल रही है। हमारे नेता मुख्यमंत्र्री नीतीश कुमार इनके ही विचारों को आत्मसात कर प्रदेश उत्थान में दिनरात लगे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा अल्पसंख्यक समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया। 18 साल के शासनकाल में बिहार के अंदर एक भी साम्प्रदायिक हिंसा नहीं हुआ। वही दूसरी ओर भाजपा गंगा-जमुनी तहजीब को खत्म करना चाहतें हैं। हमें ऐसे लोगों से सचेत रहने की आवश्यकता है।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–29 वर्ष 2023–24

बिहार सरकार

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 30.01.2024 2:00 बजे अप0 तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.01.2024 2:00 बजे अप0 तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 31.01.2024 (2:30 बजे अप0)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना। विद्युत कार्य अवर प्रमंडल, दानापुर एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, पटना
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिणाम विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	S/R with E/W & E/I in Qtr No 378/800 & 364/800 at L.B.S & RB Nagar, Patna.	1,91,410.00	3,900.00	500.00	10 Days
2	S/R with addition & alteration to EI in Qtr No C-1 at Sale tax office Patnacity Patna.	260351.00	5,300.00	250.00	10 Days
3	S/R with addition & alteration to E.I in Double Store Qtr at Sale Tax office Patnacity Patna.	2,50,545.00	5,100.00	750.00	10 Days
4	S/R with E/W & E/I in Qtr No 449/800 at L.B.S & R.B Naga, Patna.	95,110.00	2000.00	500.00	10 Days
5	Patch work to E/W & E/I in Chamber of Sale tax officer Biharsharif Distt Nalanda.	1,15,680.00	2,400.00	500.00	10 Days
6	Patch work with addition & alteration of record room in the Campus of Patnacity Civil Court, Patna.	3,46,146.00	7000.00	750.00	10 Days
7	S/R with E/W & E/I in Qtr No 441/800, 443/800 & 444/800 at L.B.S & R.B Naga, Patna.	2,87,115.00	5,800.00	750.00	10 Days
9	S/R with E/W & E/I in Qtr No 446/800, 450/800 & 389/800 at L.B.S & R.B Naga, Patna.	2,87,115.00	5,800.00	750.00	10 Days
9	S/R with E/W & E/I in Qtr No 462/800 at L.B.S & R.B Naga, Patna.	95,110.00	2000.00	500.00	10 Days
10	Patch work to E/W & E/I in "Jivika Didi ki Rasoi" Canteen at Sarder Patel Bhawan, Distt Patna.	1,86,379.00	3,800.00	500.00	10 Days.

7. इस निविदा को विज्ञापन वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar पद पर देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

PR. No. 015408 (BCD) 2023-24

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 93 वर्ष 2023–24

बिहार सरकार

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.01..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of Waterproofing, Kitchen, Sanitary Fittings and Other Work at Vimarsh Building in the Campus of Residence No.- 01 at Anney Marg, Patna for the year 2023-24.	13.40	26,800=00	2,500=00	01 माह
2	A.P.P. Work, Sliding Windows in Bath and Kitchen in Main Building in Residence No.- 02 Polo Road, Patna (Hon'ble B.C.D. Minister) for the year 2023-24.	3.50	7,000=00	750=00	01 माह
3	Cleaning of Choaked Chamber, Sewerage Line, Septic Tank and Drains Under Polo Road, Patna for the year 2023-24.	2.49	5,000=00	500=00	01 माह
4	S/R to Drain and Paver Block Work near Sump House behind Irrigation Building, Patna for the year 2023-24. (Part- II)	1.50	3,000=00	500=00	01 माह
5	Repair of Boundary Wall in Residence No.- 23M at Strand Road, Patna for the year 2023-24.	1.00	2,000=00	500=00	01 माह
6	Repair and Painting Works of South Side Corridor From Room No.- 17 to 18 of Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24.	1.00	2,000=00	500=00	01 माह

8. .विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 015373 (BCD) 2023-24

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में जख्मी महिला की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर चौक पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक महिला सोमवार की देर रात जख्मी हो गई थी। जिसका इलाज समस्तीपुर के निजी क्लीनिक में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को जख्मी महिला की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में अशोक की लाल व्याप्त हो गई। एक महिला की पहचान वासुदेवपुर गांव निवासी रामसूरत महतो की पत्नी जानकी देवी के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया है कि मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

शिक्षा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोरवारा ओर खरसड विधालय में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षत सीओ कमलेश कुमार ने किया। मुखय अतिथि बीईओ राज कुमार यादव मनरेगा पीओ महेश कुमार थे। सीओ कमलेश कुमार ने कहा कि बच्चे पर अपने ध्यान नहीं देंगे तब तक शिक्षा में गुणवत्ता नहीं आ सकता है। 75 प्रतिशत उपस्थित बच्चों को सरकार द्वारा मिलने वाले लाभ योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। माता-पिता को बच्चों पर विशेष रूप से खुद ध्यान देना चाहिए। विद्यालय समय से आए और बच्चे समय से जाए। समय से नहीं आने पर बच्चों को खुद स्कूल पहुंचा दे। मंगलवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम में मोरवारा स्कूल प्रांगण में बच्चे के माता-पिता को संबोधन में कहा। मौके पर एचएम एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीण मौजूद थे।

मोबाइल चोरी व जान मारने की धमकी, मुखिया ने थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के गंगौली मंदा पंचायत के मुखिया मनोज यादव ने मोबाइल चोरी व जान मारने की धमकी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि 16 जनवरी को मैं पंचायत के कार्य से प्रखंड कार्यालय पहुंचा। तभी मेरे घर मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आय और मुखिया जी मुखिया जी कहकर बुलाने लगा। मेरा पुत्र बोला मुखिया जी नहीं है इसी क्रम में वे लोग टेबल पर रखा मोबाइल लेकर भाग गया। मुझे जान मारने की बार-बार धमकी दी जाती है। जिसको लेकर मैं पूर्व में भी जिला पुलिस पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं विभूतिपुर थाना को आवेदन दे चुका हूं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है।

मृतक महेश्वर के पिता से मिले जिला परिषद, दिया सांत्वना

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के नरहन निवासी महेश्वर राय की हत्या विगत 7 जनवरी की रात्री रिल्स बनाने से रोकने पर मृतक की पत्नी ने ही अपने मायके फफौत में प्रेमी संग मिलकर कर दी थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों से मिलकर राजनितिक दल व समाजसेवी सांत्वना देने में लगे हुए है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्थानीय जिला परिषद सह सामाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष जितेंद्र राम, अधिवक्ता सतीश ठाकुर, जदयू नेता रविंद्र राय, आरजेडी नेता मुकेश कुमार पूर्वे मृतक महेश्वर के पिता से मिलकर सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान किया। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

फास्ट फूड दुकानों में काफी अनियमियता

दरभंगा शहर में प्रशासन की लापरवाही के कारण अनियमियता रूप से चल रही है फास्ट फूड की दुकान।परंतु प्रशासन इन फास्ट फूड दुकान के विरुद्ध कारवाई नहीं कर रही है। बताया जाता है कि इन फास्ट फूड दुकानों में काफी अनियमियता देखी जा रही है। शहर के लहेरियासराय कमर्शियल चौक,बेलवागंज,दोनार,स्टेशन रोड,दरभंगा टावर चौक,नाक5, मोलागंज अल्लप्टी मेडिकल चौक बेता आदि स्थानों स्थित सड़क के किनारे चल रही फास्ट फूड दुकानों में कमर्शियल गैस सिलेंडर के बजाय घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग खुलेआम किया जाता है। कहा जाता है कि इन दुकानदारों की आपूर्ति गैस एजेंसी के होकर की मिलीभगत से आपूर्ति की जाती है साथ ही इन दुकानों में बाल श्रमिक के रूप में बच्चे से जूठा प्लेट आदि साफ करवाने के साथ-साथ अन्य काम लिए जाते हैं। जबकि दरभंगा श्रम विभाग के द्वारा समय-समय पर दुकानों में छापामारी कर बाल मुक्त कराए जाते हैं परंतु जिला मुख्यालय के नाक के नीचे फास्ट फूड की दुकानों में बाल श्रमिक के रूप में कार्य करते देखा जा रहा है इतना ही नहीं दुकान में हमेशा गंदगी का अम्बार लगा रहता है।

कृषि उद्योग से संबंधित योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता बरतें पदाधिकारी : सभापति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यलय विधानसभा के कृषि उद्योग विकास समिति का विभिन्न जिलों में दौरों के क्रम में सभापति सह तरारी विधानसभा के भाकपा माले के विधायक सुदामा प्रसाद के नेतृत्व वाली समिति ने आज दरभंगा जिला का दौरा किया। सभापति के साथ केवटी के माननीय भाजपा विधायक मुरारी मोहन झा और शेरघाटी के राजद विधायक मंजू अग्रवाल भी शामिल थे। इस मौके पर कृषि उद्योग विकास समिति के सभापति के नेतृत्व में जिला के आला अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस के मीटिंग हॉल में बैठक हुई बैठक में जिला में चल रहे विभिन्न योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया और विभिन्न कमजोरियों पर पदाधिकारियों को फटकार भी लगाए। और योजनाओं को बेहतर रूप से लागू करने को निर्देशित किया। इस मौके पर सभापति सुदामा प्रसाद ने पदाधिकारीयों को कृषि उद्योग सहित सरकारी योजनाओं को पारदर्शी रूप से और प्रचार प्रसार करके लागू करने पर बल दिए।

सभापति श्री प्रसाद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की आज विभिन्न जिला के दौरा के क्रम में दरभंगा पहुंचा हु। उन्होंने कहा की इसी क्रम में जिला के किसानों से भी मिले। तथा किसनो की समस्या को जाने।

उन्होंने बताया की किसान की आज घाटे की सौदा बन रही हैं। धान को औने पौने दाम पर खरीद हो रहा है। उन्होंने बताया की महागठबंध सरकार द्वारा किसानों के लिए योजना लगातार चलाई जा रही है लेकिन निचले स्तर पर अधिकारियों द्वारा प्रचार प्रसार नही किया जा रहा है। जो की दुखद हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील किया की सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे योजना का प्रचार प्रसार निचले स्तर पर माइकिंग कराकर किया जाय।

श्री प्रसाद ने किसानों के धान खरीद में हो रही कोताही की वजह से किसानों को औने पौने दाम पर धान बेचने की मिली शिकायत पर सहकारिता विभाग का आड़े हाथों में लेते हुए धान खरीद में तेजी लाने और किसानों के धान खरीद में आ रही रुकावटों को दूर करने का निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता ऊर्जा , जिला उद्योग पदाधिकारी आदि शामिल थे।

कई गुना ज्यादा बढ़ता जा रहा है रामभक्तों का उत्साह और जोश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जैसे-जैसे 22 जनवरी की तारीख समीप आती जा रही है, रामभक्तों का उत्साह और जोश कई गुना ज्यादा ही बढ़ता जा रहा है। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे..घर घर में भगवा हम लहराएंगे की धुन पर झूमते गाते भक्तों का अद्भुत दृष्य देखने को मिला दरभंगा के मझिगाम गांव में जहां अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सांसद गोपाल जी ठाकुर ने उपस्थित रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे रामलला अयोध्या के अपने भवन में विराजमान होने जा रहे हैं ये मानो किसी स्वप्न के साकार होने जैसा ही है। ना जाने कितनी पीढियों के संघर्ष के बाद आज ये दिन हम सभी को देखने को मिलने जा रहा है। विपक्ष हम पर तंज कसते हुए पूछता था कि मंदिर कब बनाएंगे और आज जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है तो विपक्ष ने रामलला के दर्शन करने का न्योता भी अस्वीकार कर दिया है। हम तो यही मानते हैं कि सौभाग्यशाली लोगों को ही रामलला का दर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है। वहीं दूसरी तरफ किसान मोर्चा के दरभंगा जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि रामभक्तों के लिए 22 जनवरी की तारीख स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने जा रही है क्योंकि कई सौ साल के लंबे इंतजार के बाद हमारे प्रभु श्रीराम टेंट से अपने भवन में विराजमान होने जा रहे हैं। मिथिला से प्रभु श्रीराम का अटूट नाता है क्योंकि ये पावन भूमि माता सीता की जन्मभूमि है और राम हमारे लिए पाहुन के तौर पर पूजित हैं। संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्न ने ये भी कहा कि मिथिला के सभी घरों में इस दिन दीपावली मनाई जाएगी और हम सभी रामभक्त अपने घरों में भगवा लहराएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ब्रम्हानंद यादव, ठाकुर रघुराज कुमार सिंह बघेल, कालीकांत सिंह, ठाकुर कुंदन सिंह, नरेश चौपाल,बरुण कुमार सिंह, सोनु कुमार सिंह, शंकर चौपाल, प्रदीप पासवान, नरेश साहनी, संजय साहनी, धुरन पासवान, सुजीत शर्मा एवं अन्य राम भक्त भी उपस्थित रहे।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम के तहत कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय महिषी ईसर टोल के प्रांगण में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभूतिपुर अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने शिक्षा विभाग एवं उन विभाग के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को स्थानीय मुखिया रामप्रवेश राय, विद्यालय भूमिदाता योगेंद्र, प्रमोद कुमार राय, किसान सलाहकार रंजीत कुमार प्रथम, कृषि समन्वयक अभिजीत, मुरारी प्रसाद सिंह, रामानंद ईसर, राम उदगार सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका, सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सीएचसी पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीज व उनके अभिभावकों को खुद से अलाव का व्यवस्था करना पड़ रहा है। जबकि अंचल कार्यालय के पंजी में प्रखंड मुख्यालय समेत क्षेत्र के सात जगहों पर अलाव की व्यवस्था किया गया है। लेकिन इतनी भीषण ठंड में भी अंचल कार्यालय के द्वारा लकड़ी की व्यवस्था नहीं किया गया है। प्रखंड व अंचल कार्यालय की सुरक्षा में लगे अंचल गार्ड भी खुद से अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था कर गुजर बसर कर रहे हैं। डीह कोदई गांव से सीएचसी में डिलीवरी पेसेंट को लेकर पहुंचे अशोक सिंह ने बताया कि वे सोमवार शाम से सीएचसी पर हैं। भीषण ठंड में वे अस्पताल परिसर में बिखड़े कागज व अन्य सूखे पत्ते समेट कर आग जला रात गुजारे। अंचल कार्यालय से जानकारी के मुताबिक सरकारी स्तर से कांटा पिरौंछा, लक्ष्मण नगर, जारंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गायघाट, प्रखंड परिसर, महमदपुर सूरा व जांता में अलाव के लकड़ी बीते तीन जनवरी को ही उपलब्ध करा दी गई है। जबकि अंचल कार्यालय की अलाव के लिए चालीस हजार रूपए जिला मुख्यालय से उपलब्ध करा दी गई है।अंचलाधिकारी राघवेंद्र कुमार राघवन ने बताया कि सभी चिन्हित जगहों पर अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था करा दिया गया था। किस वजह से उक्त जगहों पर अलाव नहीं जल रहा इसकी जानकारी नहीं हो सका है, इसकी जांच कर सभी जगहों पर शीघ्र लकड़ियां भेजी जा रही है।

सीतामढ़ी की बेटी श्वेता सुमन ने बीपीएससी में 158 रैंक प्राप्त कर अपने जिला का मान बढ़ाया

प्रात : किरण संवाददाता

बीपीएससी ने 68 वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में कुल 322 उम्मीदवार सफल हुए हैं। इढरउ द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक,इस परीक्षा में पटना की प्रियांगी मेहता ने टॉप किया है, जिसे राजस्व अधिकारी का पद मिला है। वहीं मेरिट लिस्ट में अनुभव दूसरे, प्रेरणा सिंह तीसरे और अंजली जोशी चौथे स्थान पर रहीं। वहीं दूसरी तरफ, सीतामढ़ी जिले के दादनचक निवासी और बिहार विधानसभा में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत भगवान प्रसाद एवं पूनम कुमारी की पुत्री श्वेता सुमन ने बिहार लोक सेवा आयोग की 68 वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में परचम लहराया है। श्वेता ने पहले प्रयास में ही 158 रैंक प्राप्त कर अपने जिला सीतामढ़ी को मान बढ़ाया । श्वेता सुमन को सहायक आपदा प्रबंधक पदाधिकारी का पद प्राप्त हुआ हैं । श्वेता के इस सफलता से परिवार में हर्ष उल्लास है। वहीं दूसरी तरफ श्वेता को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है. श्वेता बचपन से मेधावी रही है और बचपन से ही उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाकर देश और राज्य की सेवा करना था.उन्होंने बताया कि सफर काफी लंबा था। स्कूल के दिनों से ही मैं पढ़ाई को लेकर काफी सीरियस थी और शुरू से ही दिमाग में था कि सिविल सर्विसेज में जाना है। कक्षा 10 वीं से ही मैं सिविल सर्विसेज की प्रतियोगी परीक्षा के बारे में पढ़ा करती थी। ये मेरा पहला पहला प्रयास था, जिसमें मैंने सफलता हासिल की। जब श्वेता से उसकी सफलता का राज पूछा गया तब उन्होंने कहा कि निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर लगन के साथ तैयारी करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी।

शहरी महिलाओं के लिए रोजगार योजना लागू किया जाए : रानी सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन(ऐपवा) के राज्यव्यापी आहवान एक दिवसीय प्रतिवाद दिवस के रूप मे जिला समाहरणालय पर प्रदर्शन किया। पोलो मैदान से प्रदर्शन निकलकर दरभंगा क्लब, लहेरियासराय टावर होते हुए समाहरणालय के मुख्यद्वार पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के कार्यालय में सौंपकर ऐपवा के जिला सचिव शनिचरी देवी की अध्यक्षता में सभा को सम्बोधित करते हुए ऐपवा के जिलाध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के झुनझुना के बीच आज महिलाओं को रसोई गैस तक खरीदना मुश्किल है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार नहीं मिल रहा है। महिलाओं पर अत्याचार-बलात्कार जारी है और कई ऐसे अपराधी ऊंचे पदों पर आज भी आसीन हैं। ऐपवा इसके खिलाफ गांव-गांव में अभियान चलाकर केंद्र सरकार की भंडाफोड़ करेगा। वहीं सभा को सम्बोधित करते हुए ऐपवा नेत्री रानी शर्मा ने कहा कि समाज की आधी आबादी को आज भी गुलाम और कमजोर समझ कर उसके सम्मान और बराबरी के अधिकार को दबाने की कोशिश केन्द्र सरकार कर रही है। यह सपना साकार नही होगा। ऐपवा ने चौदह सूत्री मांग में शामिल महिला आरक्षण कानून को (पिछड़ी, दलित- आदिवासी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण के साथ) 2024 के चुनाव में लागू किया जाए, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, बीएचयू की छात्रा के बलात्कारी भाजपा आईटी सेल के कुणाल पांडे समेत सभी बलात्कारियों को सजा की गारंटी की जाए, फुलवारी शरीफ की दो नाबालिग बच्चियों के बलात्कारी-हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए, रसोई गैस की कीमत 500 फिक्स हो, परास्नातक (पीजी)तक लड़कियों की शिक्षा मुफ्त किया जाए, वृद्धा,विधवा, विकलांग पेंशन न्यूनतम 3000 दिया जाए, सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बने और स्वास्थ्य सुविधाओं का निजीकरण बंद हो, मनरेगा में 200 दिन काम 600 मजदूरी की गारंटी हो, शहरी महिलाओं के लिए रोजगार योजना लागू किया जाए, स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं को रोजगार की गारंटी हो, रसोईया, आशा समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 10000रुपये मानदेय दिया जाए, महाजनी प्रथा पर रोक लगे, माइक्रोफाइनेंस संस्थानों को नियंत्रित किया जाए, दहेज प्रथा और महिलाओं पर हिंसा पर रोकने की मुकम्मल व्यवस्था हो। आदि मांग शामिल था। सभा को अन्य लोगो के अलावा ओणम सिंह, वसन्ती देवी, इंसाफ मंच के नेता पप्पू खां आदि ने सम्बोधित किया।

महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल द्वारा रात्रि में पटना-बक्सर रेलखंड का औचक फुटप्लेट निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा कल रात्रि में पटना-बक्सर रेलखंड का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय सर्वप्रथम पटना जं. पहुंचे जहां उन्होंने गाड़ी संख्या 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस के पटना जंक्शन आगमन पर यात्रियों से चर्चा कर यात्री सुविधा आदि से जुड़े पहलुओं पर उनका फीड़बैक लिया। तदुपरांत महाप्रबंधक ने 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस से पटना जंक्शन से औचक फुटप्लेट निरीक्षण करते हुए बक्सर स्टेशन पहुंचे । इस दौरान उन्होंने संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। फुटप्लेट के दौरान उन्होंने कुंभ एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट से कोहरे के मौसम में ट्रेनों के परिचालन में होने वाली समस्याओं से अवगत हुए। इसके उपरांत औचक निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक बक्सर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, संरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पैनल रूम सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों से चर्चा कर यात्री सुविधा से जुड़े पहलुओं से रूबरू हुए । इसके साथ ही उन्होंने बक्सर स्टेशन पर लगाए गए ह्यएक स्टेशन एक उत्पादह्य स्टॉल का भी जायजा लिया । बक्सर से पटना लौटने के क्रम में महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल मध्य रात्रि में बक्सर-वरुना रेलखंड पर रात्रि में रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे रेलकर्मी के साथ कुछ समय बिताया । उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेवारियों के प्रति सजग रहने हेतु पेट्रोलिंग कर रहे रेलकर्मी का उत्साहवर्द्धन किया । इसके साथ ही महाप्रबंधक ने उनकी समस्याओं से अवगत हुए तथा उनका तत्काल समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक देर रात्रि रघुनाथपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने पैनल रुम का निरीक्षण किया । इसके साथ ही उन्होंने रघुनाथपुर स्टेशन के समीप समपार सं. 59/बी का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समपार फाटक पर कार्यरत कर्मचारी को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

ईवीएम प्रचार वाहनों को डीएम ने किया हरी झंडी दिखाकर रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। समाहरणालय परिसर से, ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर 11 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु ईवीएम,वीवीपीएटी प्रचार वाहनों को रवाना किया गया।ज्ञातव्य है कि ज़िले के सभी 3,463 मतदान केंद्रों से संबंधित 2,104 मतदान केंद्र स्थलों पर निर्वाचको के मध्य ईवीएम/ वीवीपीएटी के हैंड्स ऑन कराने हेतु यह परिभ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।सभी 11 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 11 नोडल /मुख्यालय प्रखंडों से रूट चार्ट के अनुसार इन जागरूकता वाहनों का परिचालन किया जाना है। उक्त अवसर पर जिलाधिकार ने उपस्थित मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनों को ईवीएम मशीनों से वोटिंग की विस्तृत जानकारी देने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा एवं निश्चित रूप से इस ईवीएम/ वीवीपीएटी प्रदर्शन सह जागरूकता अभियान द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी काफी मदद मिलेगी। डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सत्यप्रिय कुमार, डीपीआरओ, दिनेश कुमार, ईवीएम नोडल सह मैनेजर डीआरसीसी मनोज कुमार तथा बीडीओ पारू, मड़वन, बोचहा, कांटी, कुढ़नी, कटरा, गायघाट मुशहरी, के साथ साथ ,जेडीयू के जिलाध्यक्ष रामबाबू कुशवाहा, बीजेपी नेता मनोज कुमार,एलजेपी नेता राजकुमार पासवान तथा सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कई डीएलएमटी एवं एएलएमटी उपस्थित थे।

लाइब्रेरियन के पद पर बहाली को लेकर सभापति को आइसा ने सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन आइसा के राज्य सह सचिव शम्स तबरेज,राज्य कार्यकारणी सदस्य प्रिंस राज ने दरभंगा पहुंचे कृषि उधोग समिति के सभापति सह भाकपा माले तरारी विधायक सुदामा प्रसाद से जिला अतिथि गृह में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है की ललित नारायण मिथिला वि वि के कुलपति और निवर्तमान कुलसचिव कें कार्यकाल की जांच करवाने,उत्तर बिहार के एक मात्र सरकारी लॉ कॉलेज सीएम लॉ कॉलेज को लेकर वि वि प्रशासन द्वारा बीसीआई को गलत एफिडिफिट देने के कारण आज तक नामांकन पर रोक लगा हुआ है उसे पुन चालू करवाने,साथ ही साथ नियम के विपरित विज्ञान के शिक्षक को प्रभारी प्रधानाचार्य से हटाने,साथ ही साथ लंबे समय से शिक्षक कर्मचारियों के बकाए वेतन का भुगतान करने,नालंदा खुला वि वि के तर्ज पर उतर बिहार में एक नया खुला विश्व विद्यालय की स्थापना करने,अथवा दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को ही खुला वि वि घोषित करने,दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ललित नारायण मिथिला वि वि में कार्यरत शिक्षा कर्मियों का लंबित वेतन भुगतान करने के साथ विश्व विद्यालय के रिक्त पदों पर समायोजन करने,ललित नारायण मिथिला वि वि प्रशासन द्वारा वाणिज्य संकाय के डीन की अवैध नियुक्ति रद्द करवाने,तथा जांच कर करवाई करवाने,बिहार के वि वि में लंबे समय से रिक्त पड़े शिक्षक-कर्मचारी की बहाली करने,संबंध व अंगीभुत महाविद्यालयों में स्थाई प्रधानाचार्य की नियुक्ति करने,अतिथि शिक्षक के बकाए वेतन का भुगतान करने,ललित नारायण मिथिला वि वि सहित बिहार के सभी वि वि में आंदोलन रत्त वि वि कर्मचारियों के मांग को पूरा करवाने,बिहार के लाइब्रेरी में लंबे समय से रिक्त परे लाइब्रेरियन के पद पर बहाली करवाने सहित मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने के बाद आइसा राज्य सह सचिव शम्स तबरेज व राज्य कार्यकारणी सदस्य प्रिंस राज ने बताया की सभापति द्वारा सभी मांगों को संबंधित विभागों को लिखकर करवाई करवाने का अश्वासन दिए है। आइसा नेताओ ने बताया की वर्तमान कुलपति और निवर्तमान कुलसचिव के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। करोड़ों रुपया का गबन हुआ है। अपने चहेते लोगो को अधिकारी बनाए हुए है। इस सवालों पर लगातार आइसा आंदोलन रत्त है।

शिक्षा संवाद का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के विभिन्न प्रखंडों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गायघाट प्रखंड के रामनगर, बाघाखाल व दहिला पटशर्मा में शिक्षा संवाद का आयोजन बीईओ तारा कुमारी की मौजूदगी में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजना एवं सुविधाओं की जानकारी संवाद कार्यक्रम में शामिल अभिभावकों को दी गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तारा कुमारी ने बताया कि इस मौके पर छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मुख्यमंत्री बालिका, बालक साईकिल योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, प्रोत्साहन योजना, माध्यमिक स्तर, उच्च माध्यमिक स्तर, स्नातक स्तर, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, छत्रवृति योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही अन्य विभागों की महत्त्वपूर्ण योजनाएं यथा श्रम संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग उद्योग विभाग आदि फ्लैगशिप योजनाओं की चर्चा भी की गई। छात्रों के साथ उपस्थित अभिभावकों को विस्तार से विभिन्न विकास योजनाओं से परिचित कराया गया ।

पुलिस ने स्कार्पियो से 30 बोतल शराब के साथ दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार, वाहन जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग अभियान के तहत एक उजला रंग के स्कार्पियो से 300एमएल का 30बोतल देशी नेपाली शराब के साथ दो व्यक्तियो को गिरफ्तार कर लिया गया।रहिका थानाध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनो व्यक्तियो की पहचान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के जानकी नगर के सरोज साह एव पवन राय को गिरफ्तार कर लिया गया तथा तलाशी के क्रम में पवन राय के जाकेट के जेब से एक लाख सात हजार रुपए बरामद किया गया।जो रुपया शराब बिक्री का बताया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियो के विरुद्ध उत्पाद मध निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता:निशा मिश्रा

आलमनगर,मधेपुरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में वार्ड पार्षद सदस्य निशा मिश्रा व समाजसेवी रिंटू मिश्र के द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए जगह-जगह पर निजी कोष से अलाव की व्यवस्था की गई। इस दौरान वार्ड पार्षद सदस्या निशा मिश्रा ने बताया कि मानव सेवा ही मेरा पहला कर्तव्य है। जिस उम्मीद से जनता ने हमें चुनकर नगर पंचायत के पार्षद पद को शोभित किया है। मैं उस जनता का आभारी हूं और मैं अपने वार्ड के विकास के लिए तात्पर खड़ी उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। समाजसेवी सह पार्षद प्रतिनिधि रिंटू मिश्र ने बताया कि वार्ड मे कई योजनाएं चल रहा है ।मुझे ठंड देखा नहीं गया तो मैं अपने निजी कोश से अपने वार्ड के विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था किया हूं।

पर्स छिनतई के दौरान टैम्पो से गिरी शिक्षिका, मौत

मुजफ्फरपुर। बाइकर्स गिरोह के तांडव में आज एक शिक्षिका की जान चली गई। घटना जिले के कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर हाउसिंग बोर्ड के समीप की है ।बाइकर्स गिरोह द्वारा छिनतई की घटना को अंजाम देने के कारण एक निजी स्कूल की शिक्षिका की ऑटो से गिर कर मौत हो गई। शिक्षिका एक निजी विद्यालय में कार्यरत थी और अपनी बेटी के साथ ऑटो से शहर जा रही थी। इसी बीच बाइकर्स गिरोह के द्वारा ऑटो में बैठी शिक्षिका से पर्स छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया ।घटना के दौरान ही शिक्षिका ऑटो से नीचे गिर गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद मामले की सूचना कांटी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मृत शिक्षिका की पहचान कांटी थाना क्षेत्र के कस्बा, नगर परिषद क्षेत्र निवासी स्वर्गीय अतुल कुमार की पत्नी मंजू कुमारी के रुप में हुई है।

20 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में 20जनवरी तक कक्षा 1से 8तक के लिए शिक्षण गतिविधियों पर रोक लगा दिया है ।पहले यह आदेश 16जनवरी तक के लिए था। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में ठंड की स्थिति में कोई सुधार नहीं होने और न्यूनतम तापमान में गिरावट एवं शीतलहर जारी रहने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है ।इस कारण जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों में 8वीं कक्षा तक के छात्रों का पठन पाठन 20जनवरी तक प्रतिबंधित रहेगा। कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्व के आदेश के अनुरूप पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे के बीच पर्याप्त सावधानी के साथ जारी रहेगी। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

अव्यवस्थित माहौल में चले शिक्षा संवाद कार्यक्रम में वरीय उपसमाहर्ता ने एचएम की जमकर ली क्लास

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड के जवाहर प्लस टू हाई स्कूल रामनगर बेला में मंगलवार को आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। विद्यालय प्रधान प्रिंसिपल सरदार की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान जैसे ही मंच पर वरीय उपसमाहर्ता अभियान त्रिवेदी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पायरट पहुंचे की वहां मौजूद कुछ छात्रों ने हो हंगामा करते हुए विद्यालय प्रधान के बारे में कुछ कहने लगा। इसके बाद वरीय उप समाहर्ता ने छात्रों को डांट लगाते हुए चुप रहने और बारी आने पर अपनी बात रखने को कहा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए वरीय उपसमाहर्ता अभिराम त्रिवेदी ने शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों और अभिभावकों को संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गुणवत्ता बहाल करने के लिए लाभकारी योजन की जानकारी दी जाती है। जैसे की छात्रवृत्ति पोशाक साइकिल योजना मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना सहित अन्य प्रकार की योजनाएं इसमें शामिल है। उन सभी योजनाओं की बारी-बारी से व्याख्या करते हुए उन्होंने उसकी पात्रता और लाभ लेने के तरीके की जानकारी दी । कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पायरट ने भी संबोधित किया। माथे पर वरीय उप समाहर्ता ने छात्रों एवं अभिभावकों से उनकी समस्या जानना चाहा। छात्र कृष्णा कुमार झा ने कहा कि पढ़ाई की व्यवस्था सही नहीं है और स्कूल में एचएम द्वारा समय-समय पर छात्रों का दोहन किया जाता है। छात्र अमन प्रियदर्शी ने कहा कि परीक्षा देने के समय स्कूल परिसर से करीब 10 छात्रों का साइकिल चोरी हो चुका है लेकिन स्कूल प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। छात्र गोलू कुमार ने भी विद्यालय प्रधान की जमकर शिकायत की। वहीं छात्र चंदा कुमारी, विद्या कुमारी ने स्कूल में पढ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं रहने चारदीवारी नहीं रहने आए दिन छात्राओं को विभिन्न प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की जानकारी पदाधिकारी को दी गई। मौके पर अभिभावक लाल झा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि के तहत इंटर पास छात्र को 25 हजार के बदले 10 हजार की राशि ही प्राप्त हुई है। वही अवधेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्कूल में चारदिवारी नहीं रहने से पठन-पाठन पर इसका प्रतिकूल असर देखने को मिलता है। वहीं अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्राइवेट व्यक्ति को विद्यालय प्रधान द्वारा स्कूल में रखकर उनकी सेवा लेने और छात्रों का दोहन करने का आरोप लगाया गया। छात्रों के आप को सुनकर वरीय उप समाहर्ता ने स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने जो व्यवस्था देखी उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यहां की स्थिति काफी बदतर है। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल का घोर अभाव है। उन्होंने विद्यालय प्रधान की जमकर क्लास ली और इसकी शिकायत लिखित रूप में जिला पदाधिकारी को करने तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट, थानाध्यक्ष पतरिन पासवान, स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ो छात्र-छात्रा तथा अभिभावक मौजूद थे।

कड़ाके की ठंड का कहर जारी, अंचल प्रशासन ने सार्वजनिक जगहों पर जलाया अलाव

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है इसी बीच मधेपुरा जिला के कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से धूप नही निकला है। कड़ाके की ठंड पछुवा हवा और हार कपा देने वाली ठंड से पूरा जनजीवन बेहाल है। मंगलवार को कुमारखंड अंचलाधिकारी शशि कुमार ने प्रखंड के चिन्हित सार्वजनिक जगह पर लोगो को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यस्था की गई। सीओ शशि ने बताया पछुवा हवा की वजह से ठंड बढ़ा गया है। बचाव के लिए सार्वजनिक स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड, एसबीआई के समीप , कुमारखंड मुख्य बाजार , मंदिर परिसर , बस पड़ाव समेत चिन्हित स्थानों पर राजस्व कर्मचारी पंकज कुमार के द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था किया गया है। समुदियायक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मरीज अन्य लोग ठंड से बचने के लिए अलाव तापते नजर आए। वही कुमारखंड मुख्य बाजार में अलाव तापते नजर आए लोग।

राम प्राचीनता और आधुनिकता के समागम है, राम राष्ट्र की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान है : धर्मेन्द्र

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम के तहत जयनगर प्रखंड के देवधा गांव स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर ने कहा कि यह स्वच्छता अभियान सभी सनातनियों का पुनीत कार्य है जो ईश्वर द्वारा उपासनीय है क्योंकि उसके चिन्तन से ही हम मनुष्य को आत्मा के स्वरूप को समझने में सहायता मिलती है। आत्मज्ञान हम सभी मानव के अन्दर महान् बल पैदा करता है सारे विश्व में उसका महत्त्व आच्छादित है। पर उसे पाते वही हैं जो उसके प्रशासन में रहते हैं अर्थात उसकी आज्ञाओं का पालन करते है। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कचड़ा मुक्त वातावरण बनाकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। वहीं युवा भाजपा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि ब्रह्मविद्या का एक गूढ़ तत्त्व है जब तक हम सभी लोगों में ऐसे कार्यक्रम के प्रति विश्वास या जिज्ञासा नहीं पैदा होगी की इस समाज का अन्तिम निर्णायक कोई ईश्वर है तब तक वे हर मनुष्य केवल सांसारिक कर्मों में ही व्यस्त रहेंगे। मनुष्य के विचार और अनुभव का क्षेत्र जितना अधिक विकसित होता है उतना ही उसे इन्द्रियों और उसके विषयों की निस्सारता समझ में आने लगती है। जिन कार्यों में लोग प्रमादवश अपनी शक्ति और सामर्थ्य ही गँवाया करते हैं। परंतु हम सभी उन्हें रोक कर आत्म-शोधन की साधना में लगा सकते हैं । ऐसे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को समझने की सीधी कसौटी यही है कि जिन कार्यों से आत्म-हीनता, असंतोष और अशान्ति उत्पन्न होती हो उन्हें न करना और जिनसे दिव्य तत्त्वों की वृद्धि होती हो आत्म-सुख, सन्तोष और शान्ति मिलती हो उनका विकास करना ही ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करना है। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कहा कि तीर्थ व मंदिरों की साफ-सफाई अभियान से जुड़कर अपने शहर गांव पूर्णरूपेण स्वच्छ करना हम सबों का ध्येय है एवं इसके मद्देनजर पूरे जयनगर क्षेत्रों के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान माननीय प्रधानमंत्री के आदेशानुसार चलाया जा रहा है । आज के स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उधव कुंवर , नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता, धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, पंकज राठौड़, राजेश गुप्ता, किशुनदेव सहनी, योगेन्द्र शाह, संतोष राऊत, संतोष शाह, गोपाल पूर्वे, सूरज महतो, विशेश्वर पंडित अन्य लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना श्रमदान किया।

सहरसा से दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की तैयारी

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। सहरसा रेलवे की ओर से बड़ी सौगात मिली है। अब सहरसा से दिल्ली जाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सहरसा से दिल्ली जाने के लिए फिलहाल सिर्फ एक ही ट्रेन है, जो है सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस। यह ट्रेन पुरानी है और इसमें सुविधाएं भी कम हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से सहरसा से दिल्ली की यात्रा आसान और सुखद हो जाएगी। रेलवे ने बताया कि सहरसा से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ट्रैक का मेंटेनेंस कराने के बाद ट्रेन चलाने की योजना है। बताया जाता है कि कि कुछ दिन पहले ही पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य ट्रैक इंजीनियर मुकेश कुमार सहरसा आए थे। यहां से मुकेश कुमार ने सहरसा और समस्तीपुर के बीच रेलखंड का ट्रैक निरीक्षण किया था। वंदे भारत को लेकर क्या कहना है अधिकारी का हाजीपुर जोन के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 2024 के आखिर तक रेलवे की कोशिश है कि देश के हर राज्य से वंदे भारत ट्रेन को चलाया जाए। वंदे भारत ट्रेन की स्पीड करीब 160 किमी की होती है। इसलिए हर जगह ट्रैक का मेंटेनेंस काम किया जा रहा है। जैसे-जैसे ट्रैक ठीक होते जा रहे हैं, वहां से वंदे भारत चल रही है। सहरसा से भी भविष्य में वंदे भारत चलेगी ।इस खबर से सहरसा के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से सहरसा से दिल्ली की यात्रा आसान और सुखद हो जाएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से जुटी कुछ खास जानकारी वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह ट्रेन करीब 800 से ज्यादा यात्रियों को ले जा सकती है। वंदे भारत एक्सप्रेस को भारत में ही बनाया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहली बार 2019 में वाराणसी से दिल्ली के लिए चली।

पांच कार्टून देशी नेपाली शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि एक शराब कारोबारी पीला रंग की स्कूटी पर शराब लादकर ले जा रहा है सूचना की सत्यापन करने बताए मार्ग पर पहुंचे पुलिस को देखकर शराब तस्कर स्कूटी छोड़कर सेरिमा नहर के तरफ भागने लगा जिसका पीछा करते हुए रहिका पुलिस ने खदेड़ कर पकर लिया तथा स्कूटी पर लदे पांच कार्टून शराब के साथ स्कूटी को जप्त कर थाना परिसर लाया गया। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रहिका राजकिशोर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गादीयानी मुहल्ला निवासी विजय साह के पुत्र इंद्र कुमार के रूप में की गई है ।गिरफ्तार व्यक्ति शराब मामले में नगर थाना से पूर्व में जेल जा चुका है। वही जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग सुगौना मस्जीद ब्रेकर के पास जयनगर की ओर से जा रही मारुति कार को पीछे से जा रही पिकअप चालक ने मारुति कार में धक्का मार दिया जिससे कार क्षति ग्रस्त हो गया ।इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे पुलिस बल को पिकअप चालक के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी ।शराब के नशे में धुत चालक को हिरासत में लेते रहिका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने शराब पीने की पुष्टि की ।मारुति कार के चालक के शिकायत पर पिकअप चालक हायाघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामनारायण राय के पुत्र बाला राय को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार दोनों व्यक्तियो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया। मौके पर एसआई चंदन कुमार सिंह के साथ अन्य पुलिस बल तैनात थे।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम के जरिए दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। प्रखंड के उच्च विद्यालय रामपुर जयपाल एवं उच्च विद्यालय ककराचक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा विभाग के लोक कल्याणकारी योजना के संबंध में स्कूली बच्चों, अभिभावकों को जाकारी दी गई। शिक्षा संवाद के माध्यम से मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को जानकारी के अभाव में आवेदन करने में असुविधा होती है और ना ही योजनाओं का समुचित लाभ मिल पाता है। शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उच्च विद्यालय ककरआचक की प्रधानाध्यापिका बिंदु कुमारी ,उच्च विद्यालय रामपूर जयपाल के प्रधानाध्यापक तौकीर अहमद समेत प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

भोटिया के लाला बीपीएसी 25 वां रैंक लाकर परचम लहराया

प्रात : किरण संवादाता

सहरसा। बिहार लोक सेवा आयोग 68वीं संयुक्त परीक्षा का परिणाम का फाइनल रिजल्ट सोमवार की शाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 322 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। कुल 767 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया था, जिसमें कुल 322 अभ्यर्थी अंतिम रूप से सफल हुए हैं। वहीं सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के भोटिया गांव निवासी स्व. भोलन प्रसाद सिंह के पौत्र व पवन कुमार सिंह के सुपुत्र शिवम प्रतीक को 68 वीं बिहार लोकसेवा आयोग परीक्षा में 25 वां रैंक लाकर अपने गांव सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवम को जिला सहकारिता विभाग का पद मिला है, शिवम कि पढ़ाई का प्रारंभ सेंट माइकल स्कूल पटना से 12 वी करने के उपरांत बीआईटीएस पिलानी राजस्थान से इंजीनियरिंग में स्नातक किया और यह शिवम का दूसरा प्रयास था। उनका का पढ़ाई जारी है आगे आईपीएस बनने का सपना है। शिवम के पिता पवन कुमार सिंह वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव में पद पर कार्यरत है, चाचा कुंदन कुमार सिंह मधेपुरा में जिला योजना पदाधिकारी में पद पर पदस्थापित है। शिवम ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता पिता का प्रेरणा और अपने कुल देवी की असीम कृपा को माना है। सरपंच राज नारयण सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, होटल कार्डो परदेसी सुशील कुमार सिंह, प्रो लाल प्रसाद सिंह, राजवीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, नंदन सिंह सहित अन्य लोगों ने इस सफलता पर शिवम प्रतीक को बधाई देते मंगल भविष्य की कामना की है

एससी-एसटी एक्ट में दो फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिले के सौर बाजार थानांतर्गत पामा गांव से पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हुई जो की कारी मेहता के पुत्र रूपेश कुमार उम्र 19 वर्ष एवम दूसरा युवक गजो मेहता के पुत्र आशीष कुमार उम्र 19 वर्ष साकिम पामा वार्ड नंबर 1 के निवासी के रूप में हुई है। पतरघट ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार युवक काफी लंबे वक्त से एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहा था। जिसको पतरघट की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर घर से 15/01/2024 को समय 17; 30 बजे दूसरा 16/01/2024 समय 5:10 बाजे पुरवाहन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत सहरसा भेज दिया है।

अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति बने रहने की सम्भावना

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 17से 21जनवरी तक के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार ,अगले दो दिनों तक कोल्ड -डे की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसके बाद 20जनवरी से दिन के तापमान में वृद्धि होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। तभी लोगों को ठंड से राहत मिल सकती है ।मौसमीय वेधशाला के अनुसार, पिछले तीन दिनों के दौरान दिन और रात का अधिकतम और न्यूनतम तापमान औसत क्रमशः 18.1 एवं 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 70 प्रतिशत, हवा की औसत गति 6.5 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 0.8 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 13.6 एवं दोपहर में 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में मध्यम से घने कुहासा देखा गया। 17से 21 जनवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार ,पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ एवं मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। सुबह में मध्यम से घने कुहासा छा सकता है। अधिकतम तापमान 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 20 जनवरी से दिन के तापमान में वृद्धि हो सकती है ।औसतन 3 से 4 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में सर्द वाली पछिया हवा चलने से ठंढ़ व कनकनी बरकरार रहने का अनुमान है। जिसके चलते कोल्ड-डे की स्थिति अभी भी एक-दो दिनों तक बरकरार रहने की सम्भावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में करीब 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वर्तमान मौसम आलू की फसल में पिछेती झुलसा रोग के फैलाव के लिए अनुकूल है। किसान फसल की नियमित रुप से निगरानी करें। इस रोग से आलू फसल की पत्तियों के किनारे से झुलसना प्रारंभ होती है जिसके कारण पूरा पौधा झुलस जाता है। इसके बचाव हेतु 2.0 से 2.5 ग्राम इण्डोपिल एम0 45 फफूँदी नाषक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें। इस छिड़काव के 8-10 दिनों बाद पुनः रीडोमिल दवा का 5 से 20 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें। कटवर्म या कजरा पिल्लू कीट का प्रकोप फसल में दिखनें पर बचाव के लिए क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 25 से 3 मि०ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।पिछात गेहूँ में दीमक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर बचाव हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2 लीटर प्रति एकड़ की दर से 20-30 किन बालू में मिलाकर शाम के समय खेत में छिड़काव कर सिंचाई करें। समय से बोयी गई गेहूँ की 40 से 50 दिनों की फसल में दूसरी सिंचाई करें। अग बोई गई गेहूं की फसल जो 60 से 65 दिनों की हो गई है, उसमें तीसरी सिंचाई करें।

सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा बढ़ा दी गई है सतर्कता

प्रात : किरण संवादाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है। दैनिक नाका ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी कुलदीप राज की अगुवाई में नाका पार्टी के द्वारा की गयी कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/14 से 500 मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ लायी जा रही देशी शराब नेपाली 300 एम एल 3057 बोतल 375 एम एल 12 बोतल को जब्त किया गया है ।जब्त किया गया नेपाली शराब की बोतलों को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा मृत्युंजय श्रीवास्तव द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

मिशन शक्ति के तहत गठित समिति की बैठक

प्रात : किरण संवादाता

सहरसा। जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति के तहत गठित समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी के द्वारा मिशन शक्ति के तहत संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ओं,जिला हब फॉर एमपावरमेंट,वन स्टॉप सेंटर,अल्पवास गृह,पालना घर संचालन के संबंध में समीक्षा किया गया तथा अल्पवास गृह,पालना घर संचालन तथा रिक्त पदों पर नियोजन संबंधित निर्देश दिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत विभागीय निदेर्शानुसार सभी गतिविधियों को ससमय आयोजित करने एवं सभी सदस्यों को क्रियान्वयन में सहयोग करने का निर्देश दिया गया। अन्य योजनाओं को भी विभागीय निदेर्शानुसार संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा महिला हेल्पलाईन के टॉल फ्री नम्बर 181 का प्रचारित करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,जिला परियोजना प्रबंधक,जीविका,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,सर्वशिक्षा अभियान एवं एल॰डी॰एम॰सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता हेतु एल ई डी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया साथ ही नुक्कड़ नाटक दल को भी सभी प्रखंडों में जागरूकता हेतु रवाना किया गया।

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 94 वर्ष 2023–24

बिहार सरकार

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.01..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Provision of Residential Office Building at 12 Strand Road, Patna for the year 2023-24. (Office Room)	14.70	29,400=00	2,500=00	01 माह
2	Provision of Residential Office Building at 12 Strand Road, Patna for the year 2023-24. (Office)	9.74	19,500=00	1,250=00	01 माह

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 015372 (BCD) 2023-24

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सम्पादकीय

बेरोजगारी का संगीन साया

एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ टेक कंपनियां अब बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी नहीं रह गई है।नए साल की शुरूआत के साथ टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें आने लगी हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक सभी ने एलान किया है कि इस वर्ष वे अपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती करेंगी। इसकी दो वजहें बताई गई हैं। एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ ये कंपनियां अब बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है। इस बीच टीसीएस और इन्फोसिस जैसी भारत की भी बड़ी कंपनियों ने अपनी पिछली तिमाही की जो रिपोर्ट जारी की है, उसके परिणाम निराशाजनक आए हैं। इसका प्रभाव इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर अवश्य पड़ेगा। मतलब यह कि हाई टेक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए संकटपूर्ण दिन आने वाले हैं। वैसे यह सूरत सिर्फ टेक क्षेत्र की नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने चेतावनी दी है कि नए साल में दुनिया भर में बेरोजगारी बढे का अंदेशा है।आईएलओ ने कहा है कि साल 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत थी, जो पिछले साल थोड़ी बेहतर होकर 5.1 प्रतिशत रही। लेकिन आईएलओ के अध्ययन के मुताबिक 2024 में श्रम बाजार परिदृश्य और बेरोजगारी के बिगडे की आशंका है। इस साल वैश्विक बेरोजगारी दर बढ़कर इस साल 5.2 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। आईएलओ के मुताबिक जी-20 के सदस्य अधिकांश देशों में अतिरिक्त आय में कमी आई है। महंगाई बने रहने की वजह से जीवन स्तर में जो गिरावट हुई है, वह जल्द सुधरने वाली नहीं है। आईएलओ ने दुनिया भर में बढ़ती गैर-बराबरी और सुस्त उत्पादकता पर चिंता जताई है। लेकिन आईएलओ ने अपने एक अन्य अध्ययन के आधार पर कहा है कि चीन, रूस और मेक्सिको को छोड़कर जी-20 के सदस्य देशों में 2023 में औसत वास्तविक वेतन में गिरावट आई हुई। ब्राजील, इटली और इंडोनेशिया में वास्तविक वेतन में सबसे तेज गिरावट देखी गई। तो उभरता आर्थिक परिदृश्य सबके सामने है, जिस पर नीति निमार्ताओं को चिंता करने की जरूरत है।

खडगे: भरोसे का नाम!

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खडगे यदि इंडियाइ के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे !उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का रोल अहम है। खडगे की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं। कांग्रेसी नेताओं का मिजाज जमीनी कार्यकताओं से मिलने, उन्हें करो-मरो की राजनीतिक लड़ाई के लिए प्रेरित करने का कतई नहीं है। सभी शिकायत करते मिलते हैं- हमें पूछता कौन है? मिलने का वक्त कौन देता है ?बहरहाल, मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता से कुछ बदला लगता है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडगे चुनाव लड़-लड कर, उन्हें जीतते हुए नेता बने हैं। हिसाब से खडगे का जैसा जो राजनीतिक जीवन और अनुभव है वह जहां कांग्रेस में संभावनाओं का प्रमाण है वही राजनीतिबाजों के लिए अनुकरणीय भी। फिलहाल शरद पवार (83 वर्षीय) को छोड़ खडगे सभी पार्टियों के मौजूदा सक्रिय नेताओं में सर्वाधिक उम्रदराज (81 वर्षीय) हैं लेकिन सेहत-सक्रियता-समझ और संजीदगी में मजबूत हैं। मामूली बात नहीं है जो खडगे 1972 से लगातार बारह दफा विधानसभा-लोकसभा चुनाव लड़े और ग्यारह बार जीते। इतना ही नहीं उनकी कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी में पकड़ धाराप्रवाह भाषण की है।मैं इस सबका उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि नीतीश कुमार या शरद पवार आदि में किसी की जगह यदि इंडियाइ के संयोजक, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे बनते हैं तो विपक्षी एलांयस में बिखराव नहीं बनेगा।

शरद पवार खुद उम्र और सेहत की वजह से महाराष्ट्र में अपने को समेटे हुए हैं। नीतीश कुमार के अरमान हैं लेकिन उन पर भरोसा अब जनता दल यू के भीतर भी नहीं रहा होगा। वे पार्टी में भाजपा के करीबी नेताओं की कठपुतली बन गए लगते हैं। सो, वे कब पाला बदल लें, क्या बोल जाएं, इसका चुनाव घोषणा तक सस्पेंस रहेगा।यों विपक्ष को चेहरे की जरूरत नहीं है। न नरेंद्र मोदी के आगे उसे कोई चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहिए। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों को सिर्फ और सिर्फ वह नेता चाहिए जो विरोधी नेताओं को परस्पर जोड़े रखे और उनके दिल-दिमाग में यह सत्य पैठाए कि यह उनकी राजनीति का आखिरी चुनाव है !सवाल है क्या मल्लिकार्जुन खडगे उत्तर भारत के विरोधी नेताओं को समझा सकेंगे? वे कांग्रेस को क्या हिंदी भाषी राज्यों में लडे लायक बना सकेंगे? मुश्किल है। अपना मानना है वे खुद अपनी पार्टी के उत्तर भारतीय नेताओं, क्षत्रपों को भी नहीं समझा सकते हैं कि उन्हें क्यों कर लोकसभा चुनाव में करो-मरो की मेहनत करनी है! कांग्रेस के लिए जरूरी है जो वह राज्यसभा, एआईसीसी और प्रदेशों में बैठे सभी मठाधीशों को लोकसभा चुनाव लड़ाए। जो काम भाजपा करती है और माहौल बनाती है वह कांग्रेस-विपक्ष को भी करना होगा। भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों में अपने कई मठाधीश नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा। इससे यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चुनाव जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगाए हुए हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसे आइडिया पर काम करवाने की सोच और हिम्मत न राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी में है और न मल्लिकार्जुन खडगे बैठकों में उत्तर भारत के कथित बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में झोंकने के मूड में हैं !सचमुच यदि यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात मतलब भाजपा के गढ़ों में कांग्रेस सभी आला नेताओं को चुनाव लड़ाने का इरादा बनाए तो चालीस-पचास उम्मीदवारों की उसकी ऐसी लिस्ट बनेगी, जिससे अपने आप कांग्रेस के करो-मरो मोड में चुनाव लगने की हवा बनेगी। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, सीपी जोशी, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, हरीश रावत, राज बब्बर, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, भूपेंदर सिंह हुड्डा, दीपेंदर सिंह हुड्डा, अजय राय, गोविंद सिंह डोटासरा, जीतू पटवारी, या राज्यसभा के तमाम कांग्रेसी सांसदों, विधायक नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों, दिग्गज विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए ताकि हिंदी भाषी प्रदेशों में तीन-चार दर्जन सीटों पर कांग्रेस के कड़े मुकाबले का मनोविज्ञान बने।पर इस तरह की किसी आक्रामक एप्रोच में एआईसीसी और मल्लिकार्जुन खडगे फिलहाल दिखलाई नहीं दे रहे हैं। जबकि हिसाब से कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा जैसे राज्यों में भाजपा से सीधे मुकाबले का है।

गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व : सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है।

योगेश कुमार गोयल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। ह्यबिचित्र नाटक को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह दशम ग्रंथ का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल पोंटा शब्द का अर्थ होता है पांव और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को ह्यपंज प्यारेह्न चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने ह्यखालसा वाणीह्न भी दी, जिसे ह्यवाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें पंच ककार (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही गुरु ग्रंथ साहिब को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

राहुल का यात्रा से सभी विपक्षी दलों को लाभ

अभी जो ममता या अखिलेश बार बार कांग्रेस सेपूछने, उसे हैसियत बतलाने के लिए कह रहे हैं कि आप बंगाल या यूपी में हो क्या? इसलिए यात्रा दौरान वे यह महसूस करेंगे तो समझ आएंगा कि देश में यह जो डर खत्म हो रहा है,लोग भावनाओं के जाल से निकलना चाह रहे हैं और राहुल की न्याय की बात, रोजगार की बात, महंगाई की बात, सरकारीशिक्षा के जरिए उनके बच्चों के भविष्य की बात अब लोगों के दिमाग मेंपहुंच रही है तो जाहिर है यात्रा विपक्ष के दिमाग के जालों को भी साफ करेगी। मामूली बात नहीं जो अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की। भरोसा दिया कि सीट शेयरिंग में कोईपरेशानी नहीं होगी। क्यों? इसे समझना मुश्किल नहीं है। उन्हे हाल में ईडी काचौथा सम्मन आया है। उनके पास बीच का कोई रास्ता नहीं है। या तो मोदी के सामने समर्पण कर दें या खड़हे, राहुल गांधी के साथ और दूसरे विपक्षी नेताओं उद्धव ठाकरे, लालू यादव, तेजस्वी, स्टालिन जैसे नेताओं के साथ मिलकर मोदी से चुनावी लड़ाई लड़े। केजरीवाल को भी समझ में आ गया है कि मोदी से अगर अभी अभय दान मिला भीतो वह स्थाई नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद तो और बड़ा हमला होगा।तीसरी बार जीते हुए नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पाएगा। खुद भाजपा और संघभी नहीं। मगर अभी यह बात ममता बनर्जी और अखिलेश यादव कोपूरी तरह समझ में नहीं आ रही है।उन्हें अपने बंगाल और उत्तर प्रदेश की ताकत पर बड़ा घमंड है।

शकील अख़्तर
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

सवाल है राहुल गांधी की न्यास यात्रा से क्या होगा?होगा यह कि जैसे जैसे राहुल आगे बढ़ते जाएंगे इन्डिया गठबंधन के घटक दलोंको होश आता जाएगा! अभी जो ममता या अखिलेश बार बार कांग्रेस सेपूछने, उसे हैसियत बतलाने के लिए कह रहे हैं कि आप बंगाल या यूपी में हो क्या? इसलिए यात्रा दौरान वे यह महसूस करेंगे तो समझ आएंगा कि देश में यह जो डर खत्म हो रहा है,लोग भावनाओं के जाल से निकलना चाह रहे हैं और राहुल की न्याय की बात, रोजगार की बात, महंगाई की बात, सरकारीशिक्षा के जरिए उनके बच्चों के भविष्य की बात अब लोगों के दिमाग मेंपहुंच रही है तो जाहिर है यात्रा विपक्ष के दिमाग के जालों को भी साफ करेगी।

मामूली बात नहीं जो अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की। भरोसा दिया कि सीट शेयरिंग में कोईपरेशानी नहीं होगी। क्यों? इसे समझना मुश्किल नहीं है। उन्हे हाल में ईडी काचौथा सम्मन आया है। उनके पास बीच का कोई रास्ता नहीं है। या तो मोदी के सामने समर्पण कर दें या खड़हे, राहुल गांधी के साथ और दूसरे विपक्षी नेताओं उद्धव ठाकरे, लालू यादव, तेजस्वी, स्टालिन जैसे नेताओं के साथ मिलकर मोदी से चुनावी लड़ाई लड़े। केजरीवाल को भी समझ में आ गया है कि मोदी से अगर अभी अभय दान मिला भीतो वह स्थाई नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद तो और बड़ा हमला होगा।तीसरी बार जीते हुए नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पाएगा। खुद भाजपा और संघभी नहीं।

मगर अभी यह बात ममता बनर्जी और अखिलेश यादव कोपूरी तरह समझ में नहीं आ रही है।उन्हें अपने बंगाल और उत्तर प्रदेश की ताकत पर बड़ा घमंड है। मगर दोनों यह भूल रहे हैंकि लोकसभा जीतने के बाद फिर जो पश्चिम बंगाल और उत्तरप्रदेश के चुनावों में मोदीजी लडेंगे तोइन दोनों दलों का नामो निशान भी मिट जाएगा।

विपक्ष में सभी अनुभवी नेता हैं। इसलिए ये क्या यह नहीं जानते कि हैट ट्रिक के बाद मोदीजी किसतरह व्यवहार करेंगे? चक्रवर्ती सम्राट की तरह। कोई विपक्ष रहना ही नहींचाहिए। और अगर विपक्ष में रहने का शौक ही है तो मायावती की तरह चुपचाप बैठे रहिए।

मायवती ने सोमवार को अपने जन्म दिन घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी लोकसभा काचुनाव अकेले ही लड़ेंगी। मतलब भाजपा को बाहर से समर्थन देते हुए। सपा औरकांग्रेस के वोट काटते हुए। सपा को यह बात समझना चाहिए। विपक्ष के जोपूर्व मुख्यमंत्री हैं उनमें सबसे युवा अखिलेश यादव हैं। उनके पास राजनीति करने का बहुत समय पड़ा हुआ है। जिस पीडीए की वह बात करते हैं उसका बड़ाहिस्सा उनके पास है। पिछड़ा मुख्यतः उनकी अपनी जाति के यादव, दलित मेंमायावती की जाति को छोड़कर बाकी दलितों का एक हिस्सा और अल्पसंख्यकों का भी एक बड़ा हिस्सा।

आखिर 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें इतना वोट ऐसे हीनहीं मिला। सपा बनने के बाद से पहली बार उसने 32 प्रतिशत वोट निकाला है।1993 में मुलायम सिंह यादव ने पार्टी बनाई थी और उस वक्त 18 प्रतिशत वोट पायाथा। जो अब बढ़ते-बढ़ते 32 प्रतिशत तक पहुंच गया है। और यहां अखिलेश यादव के लिए यह बातसमझने की है कि यह वोट उन्हें तभी तक मिलेगा और बढ़ भॉ सकता है जब तक वे ताकतवर दिखेंगे, मुकाबले में दिखेंगे। जिस दिन मायावतीजैसे वे कमजोर दिखे उनका जनाधार भी खिसक जाएगा। क्योंकि मूलतः उनका आधारकमजोर पृष्ठभूमि के लोग ही हैं। वे ऐसे कमजोर नेता के साथ नहीं रह सकतेजो उन्हें मुसीबत में बचा नहीं सकता हो।

सोमवार को मायावती ने समाजवादी पार्टी पर खूब हमले किए। मायावती, बीजेपी को खुशकरने के लिए हर उस आदमी पर हमले करती हैं जिससे बीजेपी को चुनौती मिलनेकी संभवना होती है। लेकिन अखिलेश के लिए मायावती पहले नंबर की शत्रु नहींहैं। उन्हें तो भाजपा से ही मुकाबला करना होगा। और इस समय बहुत मजबूत होगई भाजपा को हिलाने के लिए उन्हें कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों कीपूरी मदद चाहिए। वे मायावती नहीं बन सकते। मायावती अपनी पारी खेल चुकीहैं। भतीजे को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। मगर कोई पूछे कि आपउत्तराधिकार में छोड़कर यूपी में क्या बचाए हुए हैं? केवल एक विधायक! बाकी लोकसभामें उनके सपा के साथ गठबंधन में लड़ने से दस जीते थे वह अब भाजपा के साथअप्रत्यक्ष गठबंधन में कितने रह जाएंगे, कोई नहीं जानता। तो मायावती कहतो यह रही हैं कि मेरे एक मात्र उत्तराधिकारी आकाश आनंद। मगर उसेराजनीतिक रूप से क्या मिलेगा, कहना मुश्किल है। बाकी पैसों, वैसों के साथतो इतने मामले मुकदमे आएंगे कि उस युवा लड़के के लिए सामान्य रूप से जीनाभी मुश्किल हो जाएगा। और सबसे बड़ी बात वे कांशीराम जी नहीं हैं कि जिनकेद्वारा मायावती को उत्तराधिकारी बना देने के बाद दलितों ने उन्हे स्वीकारकर लिया था। खुद मायवती की स्वीकृति दलितों में कम होती चली जा रही है।मुसलमानों में खत्म हो गई है। एक लोकसभा सदस्य अमरोहा के दानिश अली कोउन्होंने पार्टी से इसलिए निकाल दिया कि वे भाजपा के खिलाफ मुखर हो रहेथे। तब ऐसे में अल्पसंख्यक वोट का उनके साथ रहना मुश्किल है।

तो इन परिस्थितियों में अखिलेश यादव को फायदा ही फायदा है। लेकिन अगर वे यूपीके सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता के रूप में भाजपा हराने के अलावा कुछ औरसोचेंगे जैसे कांग्रेस को दबाना तो वे अपना ही सबसे बड़ा नुकसान करेंगे।

राहुल गांधी की इस दूसरी यात्रा का बड़ा फायदा यूपी में अखिलेश को भी मिलेगा।यूपी में पिछला 2022 का विधानसभा चुनाव वे हारे तो इसकी प्रमुख वजह गरीब,पिछड़ों, अति पिछड़ो, दलितों में बैठ गया डर भी था। राहुल इस बार सबसेज्यादा समय यूपी को ही दे रहे हैं। पूरे 11 दिन। और उद्देश्य सीधा सीधासबको मालूम है कि लोगों के मन में जो डर बैठ गया है उसे निकलाना। जोनिराशा आ गई है कि अब कुछ नहीं हो सकता। युवाओं को रोजगार, मंहगाई हटाना,सरकारी अस्पतालों और सरकारी स्कूलों की अब वापसी नहीं होने वाली। केवलधर्म की राजनीति चलेगी। तो इसे दूर करके बताना कि नहीं आम आदमी के रोजीरोटी की बात फिर से होगी।

राहुल की यह यात्रा सिर्फ और सिर्फ एक पार्टी भाजपा को नुकसानपहुंचाएगी। मगर यह नहीं है कि केवल एक पार्टीम् उनकी पार्टी कांग्रेस कोफायदा पहुंचाएगी। बल्कि सभी विपक्षी दलों को फायदा मिलेगा। इसलिए क्योंकि जब डर कामाहौल हटेगा तो उसका फायदा सभी को मिलेगा। और डर एक ऐसी चीज है जब हटेगीतो जैसे अब कुछ ही दिनों बाद वसंत आने वाला है। कोहरा एकदम से छंट जाएगा।वैसे ही डर की ठिठुरन भी सूरज के तेज निकलने से एकदम से गायब हो जाएगी।और जैसे सूर्य के ताप का फायदा सबको मिलता है वैसे ही राहुल की इस न्यायभारत जोड़ो यात्रा का फायदा सभी विपक्षी दलों को मिलेगा। बशर्त की वेमायवती न बन जाएं।

होईहें वही जो राम रचि राखा

प्रदीप कुमार

सत्ताधिकारी जब धर्म की ओर गति करते धमार्नुरागी धर्मनिष्ठ होते हैं, तो देश और धर्म सशक्त, जनता सुखी और सज्जन हो जाती है। दूसरी तरफ धर्माधिकारी जब राजनीतिन्मुख हो जाते हैं, तो धर्म की हानि तो होती ही है, स्वयं उनके प्रतिष्ठा की भी हानि होती है। यही नहीं समाज भी भोगोन्मुखी हो जाता है। यही आज की परिस्थिति भी है और लगभग यही हो भी रहा है।

सोमवार 22 जनवरी 2024 को न सिर्फ भारत बल्कि पूरा विश्व, एक ऐसी धारा का साक्षी बनेगा जिसके लिए सनातनियों ने, हिंदुओं ने, न केवल कुछ वर्ष बल्कि कई शताब्दी तक संघर्ष ही नहीं किया बल्कि अपना तन, मन, धन सब न्योछावर कर दिया, जान का बलिदान भी दिया।

आज पूरा भारत लगभग राममय हो चुका है। लोगों ने अपने सोशल मीडिया का डीपी, मोबाइल का रिंगटोन, स्टेटस सब राममय ही कर दिया है। प्रभात फेरियाँ निकाली जा रही है, मंदिरों की साफ-सफाई करना शुरू कर दिया गया है, और हाय झ हेलो की जगह जय श्री राम बोलना भी आरंभ कर दिया है। न सिर्फ अयोध्या, पूरे भारत के लोगों ने अपने दुकानों पर, घरों पर, भगवा पताका लहरा रखा है। एक तरफ अयोध्या जी से आई अक्षत और आमंत्रण पत्र पाकर लोग खुद को भाग्यशाली समझ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कोई शुद्ध घी पहुंचा रहा है, तो कोई विशाल अगरबत्ती बनाकर भेज रहा है। जिसे जो बन पड़ रहा है, वह अपना योगदान देने में लगा है। राम मंदिर न्यास परिषद ने इस पावन अवसर पर देश-विदेश के अनेक गणमान्यों को निमंत्रण भेजा है और अधिकांश लोग उस निमंत्रण को पाकर खुद को भाग्यशाली समझ रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने इस पुनीत आमंत्रण को ठुकरा दिया है। ठुकराने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने न सिर्फ हमारे आराध्य को सालों तक तंबू में रखा, बल्कि मंदिर निर्माण में हमेशा रोड़े अटकाए। हद तो तब हो गई जब इन्होंने राम को काल्पनिक तक कह डाला और रामसेतु तोड़ने की तैयारी भी कर ली थी।

उनका उद्देश्य सिर्फ सनातनियों को अपमानित करना, अपने तथाकथित वोट बैंक को कायम रखना और एक खास वर्ग के तुष्टिकरण का था। कहते हैं कि सत्ता जिसके पास रहती है उसकी तूती बोलती है। जब तक विरोधियों के हाथ सत्ता थी तो उन्होंने मंदिर का विरोध करने में कोई कमी नहीं छोड़ी, किसी ने अनेक राज्यों का सरकार गिराया तो किसी ने कार्य सेवकों पर गोलियां चलवा दी। जब सत्ता उनके हाथ से गई तब यह लोग तंज करना शुरू कर दिया की, मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। जबकि नई सत्ताधारी पार्टी के मेनिफेस्टो में राम मंदिर तो शुरू से था और मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा भी।

लगता है कि राम जी को भी सही उत्

संक्षिप्त खबरें

प्रखंड प्रमुख की कुर्सी बची

लहलादपुर। प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार साह के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के बैठक में एक भी बीडीसी सदस्य नहीं पहुंचा, जिस कारण कोरम के अभाव में प्रमुख के प्रति लाये गये अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया तथा प्रमुख की कुर्सी जाने से बच गयी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक पूरी तरह प्रशासनिक तैयारी की गयी थी।मगर निर्धारित समय तक एक भी सदस्य बैठक में भाग नहीं लिया। विदित हो कि प्रमुख के विरुद्ध कुछ बीडीसी सदस्यों ने उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह रहने, अपने अधिकारों का नजायज उपयोग करने, बीडीसी सादयों के प्रति भेद-भाव रखने आदि आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जो खारिज हो गया। प्रमुख समर्थकों में काफी हर्ष देखा गया।

गरीब-असहायों के बीच कंबल वितरण

लहलादपुर।राज्य शिया वफ्फ बोर्ड के चेयर मैन शैयद अफजल अब्बास ने प्रखंड क्षेत्र में स्थित अपने पैतृक गांव लशकरीपुर एक सभा का आयोजन कर गरीब एवं असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के अल्पसंख्यकों का विकास हो रहा।आर्थिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के साथ अन्य वर्ग के लोगों के लिए भी उद्योग विभाग के माध्यम से पचास प्रतिशत अनुदान पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है।इस मौके शिया वफ्फ बोर्ड के माध्यम से लगभग डेढ़ सौ गरीब-असहाय तथा बुजुर्ग पुरुष-महिलाओं को कंबल वितरण किया गया।

सेमरी ग्राम में हुआ महायज्ञ का शुभारंभ, निकाली गई शोभा यात्रा

रक्सौल। सेमरी ग्राम, लक्ष्मीपुर लक्ष्मनवा पंचायत स्थित शिवशक्ति राधाकृष्ण धाम की प्राण प्रतिष्ठा व 27 जनवरी से आरंभ होने वाले सप्तदिवसीय महायज्ञ समारोह के अवसर पर सुबह धर्म ध्वज के साथ शोभा यात्रा निकाली गई और धर्म ध्वज की स्थापना की गई। महायज्ञ के पीठाधीश अभिषेक पराशर, स्थानीय ग्राम के पुरोहित पंडित ललन तिवारी व यज्ञ के समस्त यजमान सहित समस्त ग्रामवासियों ने महायज्ञ का धर्म ध्वज लेकर ग्राम भ्रमण किया। भ्रमण के बाद धर्म ध्वज को महायज्ञ परिसर में स्थापित कर दिया गया। विदित है कि इस महायज्ञ के समस्त कार्यक्रम 27 जनवरी से प्रारंभ होंगे। उस रोज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। महायज्ञ की पूणार्हुति 2 फरवरी को होगी। इस दौरान प्रतिदिन के नियमित कार्यक्रम होंगे।।महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर समस्त पंचायतवासियों में काफी उत्साह है। पूरा पंचायत भक्तिमय होने लगा है। लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

लूट की योजना बना रहे 6 अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के नगडीहां चवर में लूट की योजना बना रहे छव युवकों को पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 3 देशी कट्टा जिंदा कारतूस, दो लूट की बाइक तथा छव मोबाइल बरामद किया गया है। पुछ-ताछ के बाद पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को जेल भेजा गया है। जिस घटना में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त स्थान पर कुछ अपराधी लूट की योजना बना रहे है। जिसपर पुलिस के पहुचते ही सभी आरोपी भागने लगे। जहां पुलिस बल द्वारा खदेर कर सभी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जलालपुर थाना क्षेत्र के भटकेशरी गांव निवासी संदीप कुमार, सोनू कुमार, नंदू राय, संदीप कुमार शर्मा तथा बनियापुर थाना क्षेत्र के नगडिहां गांव निवासी सत्या कुमार तथा हंसराजपुर गांव निवासी मुन्ना कुमार के रूप में किया गया है। जिन आरोपियों के पास से देशी तीन देशी कट्टा जिंदा कारतूस, दो लूट की बाइक तथा छव मोबाइल बरामद किया गया है।

होटल रेस्टोरेंट में धरल्ले से हो रहा है डोमेस्टिक गैस का इस्तेमाल

छपरा सिटी। शहर में धड़ल्ले से होटल व रेस्टोरेंट में डोमेस्टिक गैस का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे राजस्व की क्षति हो रही है। शहर के अलग-अलग गैस एजेंसी का कहना है कि होटल , रेस्टोरेंट एवं अन्य कमर्शियल व्यवसायी डोमेस्टिक गैस का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं।इससे राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। प्रशासन द्वारा होटल रेस्टोरेंट इत्यादि पर नियंत्रण नहीं रहने से धड़ल्ले से होटल और रेस्टोरेंट संचालक कमर्शियल के बजाय डोमेस्टिक गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिस पर नियंत्रण करना आवश्यक है। इस संबंध में भारतगैस के ओम एंटरप्राइजेज के संचालक अभिषेक कुमार सिंह ने सभी से अनुरोध किया है की बिजनेस प्रतिष्ठानो में डोमेस्टिक के बजाय कमर्शिकल गैस कनेक्शन का इस्तेमाल करें।

छात्र हित में मैन्युअल ऑफलाइन में होंगें काम : कुल सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सत्र विलंब को देखते हुए तथा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा सत्र नियमित करने के बनाए गए दबाव के बदौलत जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ प्रोफेसर रंजीत कुमार ने मंगलवार को कुलपति के आदेशानुसार किये गए समीक्षात्मक बैठक में यह घोषणा कर दी की छात्र हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से ऑनलाइन नहीं बल्कि ऑफलाइन मैन्युअल कार्य किए जाएंगे। बताते चलें कि कुलपति के आदेश से कुल सचिव कोषांग में सभी संकायाध्यक्ष एवं अध्यक्ष की समीक्षा बैठक मंगलवार के दिन संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पीजी सेमेस्टर दो सत्र 21-23 पिजी 2 सेमेस्टर एवं पीजी सेमेस्टर 3 सत्र 20--23 के अंतर्गत पेंडिंग परीक्षा फल के सुधार 18 जनवरी से 31 जनवरी तक विश्वविद्यालय के सभी पीजी विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालय से फॉरवर्डिंग करा कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में छात्रों को जमा करना है । वहीं अंक पत्र में सुधार के बाद 7 फरवरी तक उपयुक्त सत्र में जो अभी तक किसी कारण से परीक्षा का आवेदन नहीं भर सके हैं परीक्षा प्रपत्र भरकर जमा कराएंगे तथा उक्त सत्र के परीक्षा लेने की संभावित तिथि की घोषणा 16 फरवरी को निर्धारित की गई। उक्त समीक्षात्मक बैठक में परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर कमल जी ने विस्तार से सभी बातों पर प्रकाश डाला। वहीं कुल सचिव प्रोफेसर रंजीत कुमार के कोषांग में कुलपति के आदेशानुसार जो बैठक संपन्न हुई उसमें कुल सचिव ने यह बताया कि सभी कार्य मैन्युअल किए जाएंगे। कुल सचिव ने यह भी कहा कि सत्र को नियमित करने के लिए सभी शिक्षकों की सहायता से युद्ध स्तर पर उपयुक्त सभी कार्य किए जाएंगे। इसके लिए अभी से यह समस्त कार्य ऑफलाइन ही किए जाएंगे । इस कार्य के लिए सभी विभागाध्यक्ष, सभी सकायाध्यक्ष एवं सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारी से सहयोग की कुल सचिव ने अपेक्षा की तथा उन्होंने यह भी बताया कि सत्र 20--22 पीजी तृतीय सेमेस्टर एवं सत्र 21-23 पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा संभवत 16 फरवरी से प्रारंभ की जाएगी।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से डीन प्रोफेसर कुमार मोती, प्रोफेसर महेंद्र सिंह, प्रोफेसर नबी अहमद, प्रोफेसर बीएन मिश्रा, प्रोफेसर राजेश नायक, प्रोफेसर उषा सिंह, प्रोफेसर रामनाथ प्रसाद, प्रोफेसर एसके गुप्ता, डॉ निते सिंह, डॉ सुनीता सिंह, प्रोफेसर बिभु कुमार तथा संयोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रोफेसर हरिश्चंद्र उपस्थित थे।

22 जनवरी के पूर्व मंदिर की सफाई में जुटी बीजेपी महिला मोर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी नए पुराने मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसके अंतर्गत आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय मंदिर छठियाघाट के प्रांगण में सभी महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें मंदिर की साफ सफाई की गई। उक्त अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता ने कहा स्वच्छता में भगवान निवास करते हैं और 500 साल बाद इतनी बड़ी खुशी हमें मिलने जा रही है, उस दिन अयोध्या में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं, उस दिन हम लोग को अपने-अपने घरों को सजाना है, सभी मंदिरों में पूजा पाठ भजन का कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव मनाना है, क्योंकि 22 जनवरी को पूरे देश में ही नहीं विदेशों में भी दीपावली मनाई जाएगी, यह बहुत ही सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता, जिला मंत्री एवं जिला महिला मोर्चा जिला प्रभारी अनुराधा शर्मा, महामंत्री पूनम गुप्ता, उपाध्यक्ष स्मृति रौनियार, मीतु गुप्ता,मीरा देवी, आईटी सेल प्रभारी राजलक्ष्मी, सोशल मीडिया प्रभारी सरोज गिरी, मंत्री संध्या सर्राफ, शकुंतला देवी, पूनम चौरसिया, कार्यकारिणी सदस्य संगीता मिश्रा, चंदा श्रीवास्तव, उमा बरनवाल, मधु देवी, राजकुमारी देवी, अमृता शर्मा, सुषमा देवी, मन की बात प्रभारी प्रिया गुप्ता, चंपा देवी, खुशबू गुप्ता एवं बहुत सारे आसपास के राम भक्त आकर सफाई कार्य में सम्मिलित हुई।

रेड क्रॉस सोसाइटी सारण ने किया हॉकर्स के बीच कंबल का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी सारण के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए छपरा शहर में विभिन्न अखबारों को घर-घर वितरण करने वाले हॉकर्स के बीच कंबल का वितरण किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला सचिव जीनत जरीना मसीह ने बताया कि युथ रेड क्रॉस के प्रभारी भुवनेश्वर कुमार के नेतृत्व में होली क्रॉस प्रेप स्कूल में युवा इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा छपरा शहर के अखबार वितरण करने वाले हॉकर्स के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला सचिव जीनत मसीह ने बताया कि कंबल का वितरण पूरे सप्ताह युवा इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच किया जा रहा है उसी क्रम में मंगलवार को हॉकर्स के बीच कंबल वितरण किया गया।जीनत मसीह ने बताया कि इस कड़ाके के ठंड में ये हॉकर्स सुबह उठकर घर घर अखबार वितरण करने का कार्य करते है, जिसमें इन्हे ठंड का सामना करना परता है।इसी उद्देश्य से हॉकर्स के बीच कंबल वितरण किया गया।कंबल वितरण कार्यक्रम में रेड क्रॉस युवा इकाई के प्रभारी भुवनेश्वर कुमार,सदस्य इम्तियाज एवम रेड क्रॉस सदस्य अमन राज, संजीव चौधरी की भुमिका काफी सराहनीय रही।

अंडर-14 राष्ट्रीय तलवारबाजी विद्यालय खेल प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के द्वारा जगदालपुर, छत्तीसगढ़ में चौदह से सत्रह जनवरी तक आयोजित अंडर-14 राष्ट्रीय तलवारबाजी विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सोमवार को बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए तलवारबाजी के ईपी टीम स्पर्धा में पूर्वी चम्पारण के चार खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया है ईपी टीम स्पर्धा में सभी चार खिलाड़ी राजेश कुमार, अंकित कुमार, आदर्श पंकज और अभिषेक कुमार पूर्वी चम्पारण से है। खिलाड़ी राजेश कुमार, अंकित कुमार, आदर्श पंकज शहर के आर्य विद्यापीठ से है, जबकि एक खिलाड़ी अभिषेक कुमार संत जेवियर्स स्कूल से है। सभी खिलाड़ी खेल भवन मोतिहारी में संचालित प्रशिक्षण केन्द्र पर तलवारबाजी प्रशिक्षक राकेश कुमार एवं राजन कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। तलवारबाजी के ईपी टीम स्पर्धा में बिहार टीम ने सीबीएसई को 15-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, क्वार्टर फाइनल में बिहार ने जम्मू कश्मीर को 15-14 से हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई, सेमी फाइनल में तेलांगना से 15-13 हारकर बिहार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी गौरव कुमार, बिहार तलवारबाजी संघ के सचिव कुशल प्रसाद, संयुक्त सचिव अप्पू कुमार, जिला तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष साजिद रजा, उपाध्यक्ष जीवेश सिंह, सचिव अशफाक अहमद, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सदस्य परशुराम सिंह, सज्जन यादव, विजय कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, सुधीर कुमार गुप्ता, राहुल रंजन, मनोज कुमार प्रसाद आदि ने राष्ट्रीय सफलता के लिए बधाई दी है।

नेपाल के त्रिशूली नदी खाड़ी में गिरी बोलेरे, लोगों की खोज में जुटी नेपाली पुलिस एवं सेना

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। नेपाल अपनी खूबसूरती के लिए भले ही जाना जाता है, परंतु पहाड़ों के बीच यात्रा करना बड़ा ही खतरनाक होता है। फिर एक बार एक भारतीय चार पहिया वाहन नेपाल के नारायणगढ़-मुगलिन मार्ग में पड़ने वाले खाड़ी में गिर गया, जिसमें बैठे सवारियों का कोई अता-पता नही है। जानकारी के मुताबिक त्रिशुली नदी में 09 जीसी 1430 नंबर की एक भारतीय बोलेरो गिरी हुई बरामद हुई है, जिसकी जानकारी मुंगलिन के वरिष्ठ सई राजेंद्र बहादुर ने दी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह नारायणगढ़-मुगलिन सड़क में पड़ने वाले चितवन के इच्छा कामना-5 स्थित 3 नंबर पुल के नजदीक त्रिशूली नदी में लगभग 85 मीटर नीचे बोलेरी गाड़ी गिर गई। इसकी जानकारी पुलिस को तब मिली जब एक बस चालक ने नदी के बीच में गाड़ी के बत्ती को जलते हुए देखा तो उसने मुगलिन पुलिस को बताया। जिसके बाद नेपाल पुलिस, कुरीनटार स्थित सशस्त्र पुलिस के गोताखोर टोली एवं नेपाली सेना के जवान उसमे सवार लोगों की खोजबीन में जुट गए हैं।

09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण, छपरा के द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, बुद्ध मार्ग पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण छपरा के तत्वावधान में 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना सुनिश्चित है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में दावा वाद से संबंधित वादों पर आपसी सुलह समझौते के आधार पर सुलह हेतु पुनीत कुमार गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण की अध्यक्षता में उनके प्रकोष्ठ में दावा वाद से संबंधित अधिवक्ता एवं दावा वाद से संबंधित कम्पनी के शाखा प्रबंधको के साथ बैठक आहुत की गई एवं सभी को दावा वाद से संबंधित मामलों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण छपरा के सचिव, जिगर शाह भी उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज । स्थानीय भाजपा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने मंगलवार को रिविलगंज के नगर पंचायत के गौतम ऋषि उच्च विद्यायल एवं श्रीनाथ बाबा के प्रांगण मे केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ मंगलवार को रिविलगंज पहुंची। केन्द्र के सबसे बड़ी योजना आयुषमान योजना, गरीबो को फ्री अनाज देना। कोरोना काल मे जो कार्य केंद्र ने किया वह पूरा देश कभी भूल नही सकता।

पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व के रिविलगंज नगर पंचायत चेयर मैन रमेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश में भारत का मान बढाया है। आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किस तरह 140 करोड़ जनता को कोरोना काल मे वैक्सिंग एवं भूख से बचाया। प्रधानमंत्री जी के सबसे बढ़िया योजना विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा किया एवं इसका लाभ लेने को लोगो से कहा। जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के पहला जिला है जहां हर घर मे गैस पाइप के द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के अथक प्रयास से बहुचाय जा रहा है। इस कैम्प मे प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीकरण सांसद रूडी के माध्यम से हो रहा है ने कहा केंद्र सरकार में अच्छी सड़क एवं 22 घंटा विजली दिया जा रहा है।

भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी शेखर सिंहः ने कहा कि राजनीति में पहले भरोसे का संकट होता था। जनता के बीच पहले लोग कहते कुछ और थे और सत्ता में आने के बाद करते कुछ और थे, दिखता कुछ और था। ऐसी परिस्थितियों में जनता को राजनीति करने वालों पर में भरोसे का संकट बना हुआ था। भरोसे के इस संकट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी गारंटी से समाप्त कर दिया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सुरभी सिन्हा, अध्यक्षता नगर भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र कु शर्मा ने किया एवं संचालन पूर्व नगर भाजपा अनुरंजन प्रसाद ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ,शम्भूनाथ पाण्डेय, सदर मण्डल अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी, नगर महामंत्री सुधीर कु सिंह, रमेन्द्र कुमार, पूर्व पार्षद राज किशोर सिंह,रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह,जितेश कुमार , भीम दास स्टेट बैंक,सेंट्रल बैंक के अधिकारी , नगर पंचायत के कृष्णा जी, मुकेश सिन्हा शामिल हुए।

अनियंत्रित मोटरसाइकिल बिजली के पोल टकराई, मौके पर चालक की मौत

गरखा। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर गलीमापुर चवर के बिच कदम चौक के पास रविवार के देर रात्री अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल बिजली के लोहे के पोल से टकरा गई ,टक्कर इतनी भयानक थी कि ऊसकी अवाज काफी दुर तक लोगो को सुनाई दी मौके पर चालक की मौत हो गई व पीछे बैठे एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया ,अस्थानीए लोगो ने ईसकी सुचना गरखा थाना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुँच शवॅ को कब्जे मे कर लिया व घायल वव्यक्ति को ईलाज के लिए गरखा सीएचसी पहुंचाया, मृतक की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के जोगनी परसा गांव निवासी स्व सत्रोहन महतो के पुत्र 25 वर्षीय निरंजन महतो के रूप हुई वही घायल व्यक्ति उसी गांव के छट्ठु महतो के पुत्र पप्पू कुमार बताया जाता है हालाकी घायल पप्पू अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है पुलीस पोस्टमार्टम कराने के बाद शवॅ को परिजनो को सौप दिया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने ग्रामीणों के बीच बांटे कपड़े एवं कम्बल

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत लौकरिया ग्राम के राधाकृष्ण संकटमोचन मंदिर परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रक्सौल इकाई द्वारा गरीब, असहाय एवं जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच कपड़ा एवं कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही मारवाड़ी सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती वीणा गोयल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते से हाड़ कँपा देने वाली ठंढ़ को देखते हुए उनकी संस्था द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत ग्रामीण इलाकों में कपड़ा एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम को सम्पादित किया गया है। वितरित किये गये कपड़ों में साड़ियां, लेडिज सूट, किशोर एवं छोटे बच्चे के कपड़े तथा कम्बल शामिल रहे। श्रीमती गोयल ने यह भी कहा कि विगत कई वर्षो से सर्दी हो गर्मी मारवाड़ी महिला सम्मेलन अपनी सेवा भावी सदस्यों के समर्पण एवं सहयोग से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा कार्य जारी रखे हुए है। वहीं सचिव सोनू काबरा ने कहा कि इस कंपकपाती ठंढ़ में जरूरतमंदों एवं गरीब व असहाय लोगों को वस्त्र एवं कम्बल बाँटना बेहद पुनीत कार्य है तथा अशक्त, असहाय एवं गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इसी भाव को आत्मसात कर मारवाड़ी सम्मेलन लगातार सेवा कार्यो को कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आने वाले दिनों में मौसम ऐसे ही प्रतिकूल बना रहा तो ठंढ़ की मार झेल रहे जरूरतमंदों, असहाय, गरीब लोगों के बीच गर्म कपड़े एवं कम्बल वितरण करने के साथ अन्य कल्याणकारी सेवा कार्यक्रम को संपादित करने के लिए मारवाड़ी महिला सम्मेलन प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सम्मेलन की अनुराधा शर्मा, बबिता रूंगटा, संगीता रूंगटा, मधु अग्रवाल, शिखा रंजन एवं सुनीता शाह ने उल्लेखनीय योगदान दिया ।

गड़खा के छात्र का नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने को हुआ चयन

गड़खा। जेएम उच्च विद्यालय रायपुर के एनसीसी कैंडिडेट गड़खा थाना क्षेत्र के अलोनी गांव निवासी सुबोध राय का पुत्र ऋतिक कुमार का चाय आना नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस कैंप के लिए हुआ इसकी जानकारी मिलते ही रायपुर हाई स्कूल के शिक्षक कर्मचारी और छात्र छात्रों तथा एनसीसी के कैडेट्स में खुशी की लहर दौड़ गई। एनसीसी फस्ट ऑफिसर राकेश कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक विजयेंद्र कुमार साह ने बताया कि उच्चविद्यालय के लिए यह गर्व का पल है।राकेश कुमार सिंह ने बताया की नई दिल्ली में आयोजित रिपब्लिक डे परेड में पूरे 17 निदेशालय शामिल होंगे।

मोबाइल डेमांस्ट्रेसन वैन को डीएम ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । आम लोगों को ईवीएम मशीन से वोटिंग की विस्तृत जानकारी देने की दिशा में मोबाइल डेमांस्ट्रेसन वैन मील का पत्थर साबित होगा।इससे उनमें ईवीएम के प्रति विश्वसनीयता बढ़ेगी।वहीं वोट प्रतिशत बढ़ाने में भी इससे निश्चित रूप से सहयोग मिलेगा।उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से विधानसभा वार कुल दस एमडीवी को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि इवीएम के प्रचार प्रसार के लिए यह चुनाव आयोग की महत्वाकांक्षी स्वीप अभियान का हिस्सा है।मौके पर मौजूद डीडीसी प्रियंका रानी ने वैन पर प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर और कार्यपालक सहायक को सख्ती से एसओपी का अनुपालन करने की ताकीद की।निर्वाचन शाखा के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह एडीएम मो मुमताज आलम ने कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव में यह अभियान महत्पूर्ण भूमिका निभाएगा।उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने बताया कि यह वैन जिले के सभी 1800 भवनों में स्थापित कुल 3029 मतदान केंद्रों पर ईवीएम-वीवीपीएटी का प्रदर्शन करते हुए लोगों से मॉक पोल कराएंगे।सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए बनाए गए नोडल पदाधिकारी के माध्यम से रूट चार्ट के अनुसार जागरूकता वाहनों का परिचालन किया जाना है।प्रतिदिन इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी और आयोग को ईएमएस ऐप के माध्यम से आयोग को रिपोर्टिंग की जाएगी।इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त सुमित कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी अखलाक अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी और मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम में छात्र-अभिभावकों को पदाधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा(सारण) गरखा प्रखंड क्षेत्र के श्री कृष्ण उच्च विद्याल केवानी परिसर में मंगलवार को आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में प्रशासन के पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए सरकार द्वारा चलाये जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर बीइओ गड़खा कन्हैया शुक्ला ने विद्यालयों में मुख्यमंत्री साइकिल, पोशाक योजना के अलावें छात्रा स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की जानकारी दी।वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो।एजाज ने अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को हर हाल में 75 फीसदी उपस्थिति के बाद ही इन सभी सरकारी योजनाओं के मिलने की बात बतायी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, श्रम विभाग के द्वारा भी कई योजनाएं चलायी जा रही है।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवजी पासवान ने विद्यलयों में कृषि विभाग द्वज्ञरा चलायी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी तो, प्रखंड परियोजना प्रबंधक रवि आनंद ने उद्योग एवं श्रम विभाग के योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर अभिभावकों के द्वारा भी सरकार के योजनाओं के संबंध में सुझाव दिए गये।

इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक दरवेश कुमार ने अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी।दीप प्रज्जवलन के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में शिक्षक जाकिर हुसैन, चंदेश्वर मांझी, शिवानी, संतोष कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार शर्मा, कविता कुमारी ने सराहनीय भूमिका निभायी। संचालन शिक्षक राजीव रंजन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने किया।उधर जिले के दर्जन भर विद्यालयों में भीषण ठंड के बीज शिक्षा संवाद कार्यक्रम को ले माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में उत्साह दिखा।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम मे छात्र अभिभावक मिल रहा बेहतर फीडबैक

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) सरकार के निर्देश के आलोक मे शिक्षा के क्षेत्र मे चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की जानकारी देने ,जागरूकता फैलाने के उद्देश्य आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम मे अभिभावकों,छात्रों,एव गणमान्य उत्सुकता पूर्वक शामिल हो रहे है,वही योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी अपनी मंतव्य भी रख रहे है।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन भी प्रखंड के चार माध्यमिक,उच्च माध्यमिक विद्यालयों मे उत्सवपूर्ण माहौल मे आयोजित कार्यक्रम मे उच्च विद्यालय कोल्हुआ ,उच्च विद्यालय सिसई मे बी ई ओ राम नाथ बैठा ने अपने संबोधन मे छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र मे मिलने वाली छात्रवृत्ति योजना ,पोषक,किताब की राशि ,खेल समग्री,मध्यान्ह भोजन,साईकिल योजना साहित अनेको योजना पर फीडबैक लिया जहा सभी ने अपनी हामी भरते बेहतर प्रतिक्रिया दिया।

वही उच्च विद्यालय धनाव, उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपड़पाती मे भाग दो के बी ई ओ रामेश्वर यादव,बी ए ओ अभय कुमार एम डी एम प्रभारी वीर बहादुर चौधरी साहित अन्य पदाधिकारी कर्मियों ने कार्यक्रम मे अपनी बात रखी।जहा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एव काफी संख्या मे गणमान्य शामिल थे।संचालन शैलेन्द्र पाण्डेय ने किया।

इसुआपुर तथा केरवां में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित

इसुआपुर। प्रखंड के खोभारी साह उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज इसुआपुर तथा यूएमएस केरवां में मंगलवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन क्रमशः प्रधानाचार्य विनोद कुमार साह तथा प्रधानाचार्य रवि शंकर ओझा के संचालन में हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाएं, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के अंतर्गत आने वाली योजनाएं, श्रम सं

संक्षिप्त खबरें

पूर्व कांड में दो आरोपी गिरफ्तार

संझौली (रोहतास) स्थानीय थाने की पुलिस ने मंगलवार को पूर्व के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापामारी कर पूर्व के मामले में आरोपी बैरी गांव निवासी गौतम कुमार व दूसरा दिनारा थाना क्षेत्र के भलुनी गांव निवासी योगेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

पंचायत में असहाय लोगों के बीच हुआ कंबल वितरण

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को बीडीओ अमित प्रताप सिंह की उपस्थिति में मुखिया आभा देवी और पंचायत के कर्मचारियों ने गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। गौरतलब हो कि बढ़ते ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी रोहतास नवीन कुमार ने जिला के सभी बीडीओ को गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल के वितरण का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने नोनहर में कंबल का वितरण कराया। मौके पर पंचायत सचिव आफताब अंसारी, राजस्व कर्मचारी राजीव कुमार, ग्राम कचहरी सचिव अनिल कुमार राम, रोजगार सेवक सुरेश कुमार, आवास पर्यवेक्षक गणेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता, डब्लू पासवान, झनू सिंह, बिहारी पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पतंग उड़ा भाजपा मिशन 2024 की हुई शुरूआत :- अर्जुन गुप्ता

काराकाट। अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने अपने निजी गाँव काराकाट प्रखंड के मोथा में मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सैकडो ग्रामीण बच्चों को नरेंद्र मोदी के चित्र के साथ बीजेपी मिशन 2024 प्रिंट वाला सैकडो पतंग वितरण कर इस महाअभियान की शुरूआत कि श्री गुप्ता ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की तस्वीर लगी पतंग को लेकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे तथा सभी बच्चों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की जय जयकर की साथ ही अबकी बार मोदी सरकार के नारों के साथ इस अभियान की शुरूआत की गई श्री गुप्ता ने बताया की भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ है। जो की काराकाट प्रखण्ड अन्तर्गत 17 जनवरी को किरही एवम बुढ़वल ग्राम पंचायत, 18 जनवरी को चिकसिल एवम मूंजी ग्राम पंचायत तथा 19 जनवरी को काराकाट एवम जयश्री ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा होना तय है।

पत्रकार को हुआ मातृशोक

बक्सर। पत्रकार रमेश पांडेय और पत्रकार उमेश पांडेय की माता जी का निधन हो गया। इस घटना से पूरा परिवार मर्माहत है। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति की रात 15 जनवरी को पत्रकार रमेश कुमार पाण्डेय और उमेश कुमार पाण्डेय की माँ को अचानक करीब 11 बजे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया किंतु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पत्रकार की माँ विजयलक्ष्मी देवी की उम्र तकरीबन 78 वर्ष थी। स्व0 विजयलक्ष्मी देवी अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सबसे बड़े पुत्र पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं जबकि उनसे छोटे भाई सुरेश कुमार पाण्डेय बक्सर सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हैं।

भारत मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

सासाराम (रोहतास) भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहा से होते हुए समाहरणालय के समक्ष अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उमेश प्रजापति ने बताया कि वे लोग ईवीएम मशीन का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ईवीएम मशीन एक तरह का चोर है, जो सत्ता के इशारों पर काम करती है। ऐसे में ईवीएम मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। जिसको लेकर वे लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा विभिन्न संगठनों को जोड़कर एक महा मोर्चा बनाया गया है।

उप मुखिया लगा अविश्वास प्रस्ताव

राजपुर (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के बरना पंचायत के उप मुखिया रीना देवी पर लगा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके बाद एक सहमति से वार्ड सदस्यों ने कई प्रकार के उप मुखिया पर आरोप लगाए इसके बाद में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उप मुखिया रीना देवी के खिलाफ उनके पद से हटाने के पक्ष में आठ मत पड़े इस मत विभाजन में पंचायत सचिव अमित कुमार एवं वरना पंचायत के मुखिया योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण मतदान कराया गया।

विद्यालय में शिक्षा संवाद से बच्चों में पढ़ने की जग रही जिज्ञासा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) रोहतास डीएम नवीन कुमार ने मंगलवार को दीप प्रज्वलित कर विद्यालय में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्च विद्यालय चौखंडी एवं अनुसूचित जाति उच्च विद्यालय में पदाधिकारी सहित बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्रों व अभिभावकों को जानकारी देने के लिये बिहार के सभी माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ह्यशिक्षा संवादह्ल कार्यकम आयोजित किया जा रहा है।

वही बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा इस संबंध में उनका फीडबैक भी लिया गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए मंगलवार को डीएम ने बताया कि शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन करने में उन्हें असुविधा होती है और कई बार जानकारी के अभाव में वे योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यकम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन-छात्रवृत्ति योजना, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी विस्तार में छात्रों व अभिभावकों को दी गई। इस मौके नगर निगम सासाराम आयुक्त येतेंद्र पाल, डीपीआरओ धर्मवीर कुमार व विभागीय पदाधिकारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

विद्यालय के छात्रों को शिक्षा संवाद कार्यक्रम से किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) स्थानीय शहर के उच्च विद्यालय गढ़ नोखा में गुरुवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार व शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि यदि समाज के जबतक लोग शिक्षित नहीं होंगे तबतक अपना बिहार नहीं बढेगा। इसके लिए सभी को शिक्षा की उंचाईयों को छूना होगा। वही सरकार ने सभी लोगों को शिक्षित करने के लिए अनेक प्रायोजित योजनाएं चला रखी है।

योजनाओं को घर-घर पहूंचाने के लिए हर लोगों का कर्तव्य है कि सभी लोग अपने-अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। जब सभी बच्चे शिक्षित होंगे, तभी अपना बिहार आगे बढेगा। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा को लेकर चलाए जा रहे प्रायोजित कार्यक्रम पर विस्तार से लोगों को जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों से भी विद्यालय में शैक्षणिक माहौल तैयार करने का विशेष दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नुकड़ सभा से भी छात्रों को जागरूक किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार रितेश, भाजपा नेता सुनीता गुप्ता, शिक्षक श्यामलाल सिंह, वार्ड प्रमोद शर्मा सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं व अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

लूटकांड : रुपये के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नासरीगंज थाना क्षेत्र के सबदला निवासी रामाधार राय के पुत्र रितेश कुमार द्वारा थाना कैम्पस में पहुंच कर बताया गया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के गोपाल प्रसाद से दस लाख रूपया लेकर सबदला निवासी काजू सिंह को बाइक से देने जा रहे थे। उसी दौरान नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर के समीप एक बाइक से दो अपराधकर्मी एक बाइक को ओभरटेक कर बाइक को रूकवाया और पिस्टल का भय दिखाकर दस लाख रुपया से भरा बैग छीनकर दरिहट की ओर भाग गया है।

जिसके संबंध में रितेश कुमार के द्वारा स्थानीय थाना को लिखित आवेदन दिया गया। जिसके आलोक में स्थानीय थाना के द्वारा कांड संख्या 20/2024 दर्ज किया गया। इस घटना की जानकारी नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा डीएसपी कुमार संजय बिक्रमगंज को सुचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी नासरीगंज थाना पहुंच तत्काल कांड का उद्भेदन करने के लिए एक टीम का गठन किए। गठित टीम के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए इस कांड का सफल उद्भेदन किया गया और लुटे गए रुपए के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में बिक्रमगंज डीएसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए घटना के संबंध में बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के रितेश कुमार गोपाल प्रसाद का भरकोल स्थित जमीन का बिक्री करने के लिए पवनी निवासी काजू सिंह से दस लाख रुपया लिए और जमींन मालिक गोपाल प्रसाद को पांच लाख रुपया दिए और शेष पांच लाख रुपया अपने आप मे खर्च कर लिए। जब जमीन का बिक्री नही हुआ तो काजू सिंह अपना पैसा रितेश कुमार से मांग किए तो पैसे को गबन करने के नियत से रितेश कुमार अपने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की घटना बनाए और 15 जनवरी को गोपाल प्रसाद रितेश कुमार को 5 लाख रुपया वापस किया तथा इस पैसा को रितेश कुमार अपने दोस्तों के साथ मिलकर 10 लाख रुपया की लूट होने का कांड स्थानीय थाना में दर्ज कराया। घटनास्थल के साक्षियों का बयान एवं गोपाल प्रसाद द्वारा लिए गए बयान से वादी के बयान में विरोधाभाष पाया गया। इसके बाद वादी से कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा पैसा गबन के नियत से इस तरह की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया है।

व्यापार मंडल के भीष्म पितामह ने नामांकन कर चुनाव का किया आगाज

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष और प्रबंधकारिणी सदस्य पद को लेकर मंगलवार को नामांकन हुआ प्रारंभ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी में निवर्तमान अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह ने अपने 1-1 प्रस्तावक और समर्थक सहित निदेशक मोहनी पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, शिवपुर पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, राम बच्चन चौधरी, लाल बिहारी सिंह, संजय कुमार सिंह लालन चौरसिया के समर्थन में व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए एक सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।

जिस अवसर पर राजद के वरीय नेता मुन्ना राय के नेतृत्व में हजारों समर्थक ने फूल माला पहना निवर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह का नारों के साथ स्वागत किया। वही चुनाव को लेकर मंगलवार को 6 प्रबंधकारिणी सदस्य ने भी अपना-अपना नामांकन पर्चा भरा। ज्ञात हो कि इस चुनाव को लेकर स्थानीय निवार्ची प्रखंड कार्यालय में सभी अध्यक्ष पद सहित 11 लोगों ने एनआर राशिद के कटाया है। जिस व्यापार मंडल चुनाव में प्रबंधकारिणी के सदस्य ही मतदाता स्वरूप अपना वोट देते सकते है। दूसरी तरफ इस संबंध में निर्वाचि पदाधिकारी सह बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को नामांकन उपरांत पर्चा की जांच किया जायेगा। उसके बाद प्रत्याशियों के नाम वापसी और प्रतिक चिन्ह आवंटित की जाएगी। जिसका मतदान 30 जनवरी को मतदान प्रखंड परिसर में कराया जाएगा। जिसमें 1930 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष बिरेंद्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष-सुनील सिंह, अनिल पांडे, अनिल पांडे, श्रीकृष्ण सिंह, रमेश सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थें।

बैडमिंटन टूर्नामेंट का एमएलसी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखंड के बहियारा में चल रहे जनकदेव प्रसाद मेमोरियल बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन एमएलसी जीवन कुमार, राममूर्ति प्रसाद, जिप सदस्य परिधि गुप्ता, मुखिया धीरेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट का पहला प्री क्वार्टर फाइनल मैच दूधिया रोशनी में कोईलवर बनाम दानापुर के बीच खेला गया। जिसमें कोईलवर टीम के सागर, संतोष की जोड़ी ने दानापुर के रितिक व जीतू की जोड़ी को सीधे दो सेटों में हराया। दूसरे मैच में दानापुर ए के नयन सागर व अंकित की जोड़ी ने नरवीरपुर के चांद व अमरनाथ के बीच खेला गया। दानापुर की टीम विजयी रही। जीते हुये टीमों का अगला मैच मंगलवार की रात खेला गया। विजयी टीमों को एमएलसी जीवन कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर जागा कुशवाहा, बबलू गोंड, पिंटू सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आम आदमी अलाव जलाकर ठंड में जुझते हुए, ठिठुरन भरी शितलहर में कांपती जिन्दगी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान मे संवाददाताओं को बतलाया कि आज कल कड़ाके की ठंड मे लोगों का जीवन ठहर सा गया है.आम आदमी इस ठिठुरन भरी शितलहर में कांपता अलाव जलाकर ठंड से जुझ रहा है और आरा निगम प्रशासन अलाव के लिए लकड़ी-जलावन वितरण मे भारी अनियमितता कर रहा है।

आज शुबह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व मे भाकपा माले की एक टीम ने आरा शहर के कई मुहल्लों का दौरा किया तो देखा कि लोग जगह जगह स्वयं लकड़ी या कुछ दूसरे प्रकार का जलावन जुटा कर अलाव जलाकर ठंड से जुझ रहे है.कहीं धुंआ तो कहीं बोरसी का सहारा ले रहे है लोग। भाकपा माले की टीम ने दुधकटोरा, नाजिरगंज, बलुअहिया मुसहर टोली,धरहरा मुसहर टोली, बेगमपुर,रघुटोला, अहिरपुरवा, मिराचक, गांगी, मिरगंज, कबिर मठिया मे देखा कि लोग जैसे तैसे ठंड का मुकाबला करने के लिए अलाव जला रहे है.इन इलाकों मे कहीं भी आरा निगम प्रशासन अलाव के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किया है।पिछले दिनों निगम प्रशासन ने आरा शहर के सभी चौक -चौराहों पर अलाव जलाने का का दवा किया था पर कहीं भी नगर आयुक्त का अलाव इस इलाके मे नहीं दिख रहा है। भाकपा माले की टीम ने आरा नगर आयुक्त और मेयर से मांग की है कि आरा शहर के 45 सों वार्ड के गरीबों के मुहल्लों मे अलाव के लिए जलावन की व्यवस्था करें तथा सभी वाई पार्षदों को अलाव की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपे।भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला पदाधिकारी से मांग की है कि आरा शहर मे अलाव के अलावा सभी गरीबों के मुहल्लों मे कंबल का वितरण की जाय.आम गरीबों का इस ठंड मे काम नहीं मिल पा रहा है उनके सामने भोजन रोटी,भात की समस्या उत्पन्न हो गयी है इस लिए इस आपका की घड़ी मे गरीबों के मुहल्ला मे सामुदायिक किचन की भी व्यवस्था की जाय। भाकपा माले की टीम ने आरा नगर आयुक्त पर आरोप लगाया कि वे अलाव के नाम पर दिखावा तथा अनियमितता मचाए हुए है,तथा आमज आवाम के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है।

राज्यपाल से मिले उन्हें भिक्षु धम्म छाया की प्रतिमा के अनावरण समारोह के लिए दिया निमंत्रण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

आराः कारीसाथ बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट आरा जिला अवस्थित आगामी 24 एवं 25 फरबरी 2024 को गौतम बुद्ध के महान शिष्य भिक्षुक धम्म छाया की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इस मौके पर उस क्षेत्र के लगभग बीस से पच्चीस हजार लोगो के शामिल होने की संभावना है। उस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है और बिहार के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकर्म की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

इसी संदर्भ में कल संध्या 5 बजे बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट का एक प्रतिनिधि मंडल ट्रस्ट के सचिव अरुण कुमार सिंह, प्रधान सलाहकार अभय सिन्हा, मुख्य समन्वयक डॉ शूल पाणी सिंह संस्था के नेतृत्व में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले और उन्हें भिक्षु धम्म छाया की प्रतिमा के अनावरण समारोह के लिए निमंत्रण पत्र दिया। उन्होंने इसको सहर्ष स्वीकार किया और 25 फरवरी 2024 को आरा जिला अंतर्गत कारीसाथ पधारकर प्रतिमा का अनावरण करेंगे साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्यकर्म में शामिल होंगे। इस मौके पर बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट, आरा के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष अमरकांत सिंह, कोर कमेटी के सदस्य नन्द गोपाल सिंह और प्रभात वर्मा भी मौजूद रहे। उपर्युक्त कार्यकर्म में बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ. रामचंद्र पूर्वे, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव, राजद श्याम रजक, बिहार विधान सभा, सदस्य रश्मि वर्मा, जद यू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद के अलावा पांच विश्ववियालय के कुलपति, विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित बुद्ध अनुनायी, तिब्बत से जुड़े धम्म भिक्षु भारी संख्या में शामिल होंगे। इस मौके पर वहां के स्थानीय विधायक, सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह भी उपस्थित होगें।

सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्री की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कोचस (रोहतास) जिला क्षेत्र के कोचस प्रखण्ड के परस्थुआं थाना के रूपीपुर गांव के पास एनएच 319 पर सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत हो गई। जो सड़क पार करते समय बाइक सवार पिता-पुत्री तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की चपेट में आ गए। जिससे पिता की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि बेटी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

मृतक की पहचान राजेश्वर शर्मा 50 साल एवं उनकी बेटी रानी कुमारी 20 साल के रूप में की गई है। दोनों परसथुआ थाना क्षेत्र के करमछता गांव के निवासी थे। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वर शर्मा अपनी बेटी रानी कुमारी को रूपीपुर स्कूल में इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा दिलाने लाए थे, अपने गांव वापस लौटने के लिए निकले थे, तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना के बाद पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से धायल थी। सूचना पर पहुंची परसथुआ थाने की टीम द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके से वाहन जब्त कर लिया है। दुर्घटना के बाद फॉर्च्यूनर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और घटना स्थल से कुछ दूरी पर फॉर्च्यूनर भी सड़क से उतर कर खेत में चली गई थी। परसथुआ थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि फॉर्च्यूनर को जब्त कर लिया गया है।

दुर्घटना के बाद जुटे ग्रामीणों ने एनएच 319 को जाम कर दिया है। ग्रामीण मुआवजे और उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे हैं थे जहां समाजसेवी तथा पदाधिकारी के समझाने के बाद काफी मशक्कत से जाम हटाया गया। शव को पुलिस ने कब्जा में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ऐपवा ने राज्यव्यापी आहवान के तहत आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन (ऐपवा) के राज्यव्यापी आह्वान के तहत आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया!महिला आरक्षण कानून को (पिछड़ी, दलित- आदिवासी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण के साथ) 2024 के चुनाव में लागू किया करने,महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को तत्काल गिरफ्तार करने,बीएचयू की छात्रा के बलात्कारी भाजपा आईटी सेल के कुणाल पांडे समेत सभी बलात्कारियों को सजा की गारंटी की गारंटी करने, फुलवारी शरीफ की दो नाबालिग बच्चियों के बलात्कारी-हत्यारों को गिरफ्तार करने,रसोई गैस की कीमत 500 फिक्स करने,स्नातक (पीजी) तक लड़कियों की शिक्षा मुफ्त करने,वृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन न्यूनतम 3000 करने,सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बने और स्वास्थ्य सुविधाओं का निजीकरण करने,मनरेगा में 200 दिन काम 600 मजदूरी की गारंटी करने,शहरी महिलाओं के लिए रोजगार योजना लागू करने,स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं को रोजगार की गारंटी करने,रसोईया,आशा समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 10000 मानदेय करने, महाजनी प्रथा पर रोक लगाने,माइक्रोफाइनेंस संस्थानों को नियंत्रित करने,दहेज प्रथा और महिलाओं पर हिंसा पर रोकने की मुकम्मल व्यवस्था करने आदि मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया!प्रर्दशन के बाद सभा आयोजित किया गया!प्रर्दशन का नेतृत्व ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह एवं नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने किया!प्रर्दशन के बाद सभा आयोजित की गई! प्रर्दशन को संबोधित करते हुए ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि मोदी की सरकार में महिला सशक्तिकरण के बारे में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई थी लेकिन इनकी सरकार ने महिलाओं पर जो शोषण-जुल्म का तांडव जारी है और तांडव सत्ता के संरक्षण में जारी है!बलात्कारियों को सजा देने की बजाय बलात्कारी प्रधानमंत्री के साथ फोटो खिंचवा कर शोभा बढ़ा रहे हैं!

प्रर्दशन को संबोधित करते हुए ऐपवा नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने कहा कि मोदी सरकार में मंहगाई चरम पर पहुंच गया है,रसोई गैस,खाद्य पदार्थ,पेट्रोल पदार्थों की कीमतें सरकार की बजाय कारपोरेट घरानें तय कर रही है!यानि देश में एक तरह पूंजीपतियों की सरकार चल रही है!इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में देश की महिलाएं मोदी सरकार को गद्दी से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर की पढ़ाई प्राप्त करने तथा भविष्य उज्जवल बनाने हेतु किया गया संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर भभुआ। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा रामगढ़ प्रखंड स्थित नवभारत इंटर स्तरीय विद्यालय, राजेंद्र नगर, देवहलिया में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों को शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लाभान्वित होकर शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर की पढ़ाई प्राप्त करने तथा भविष्य उज्जवल बनाने हेतु संबोधित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित अभिभावकों के द्वारा सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो एवं चलाई गई योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु संबोधित किया गया एवं फीडबैक प्राप्त किया गया।

वही संवाद के मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना कृष्णा मुरारी गुप्ता के द्वारा शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही है मुख्यमंत्री बालक बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री शताब्दी बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना इत्यादि सभी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा विभाग, प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षक, जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण उपस्थित थे।

विधानपार्षद जीवन कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर आश्रम को कब्जा करने का आरोप लगाया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी के नेता विधानपार्षद जीवन कुमार ने आरा मे स्टेशन समीप स्थित कपूर्री ठाकुर के नाम पर बना संस्थान पर अवैध कब्जा किया गया। आरा सर्किट हाउस मे प्रेस वार्ता करते हुए विधानपार्षद जीवन कुमार ने कहा कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा पटना मिलर स्कूल मैदान मे भव्य समारोह किया जा रहा है। मैने उक्त कार्यक्रम हेतु भोजपुर जिला मे कोईलवर से प्रचार रथ को रवाना किया, जो जिले भर घुमकर जनमानस को 24 जनवरी को पटना चलने का अपील किया जाएगा।उसी दौरान आरा स्टेशन के समीप स्थित जननायक कपूर्री आश्रम को देखने पहुंचा तो वहाँ ताला लटका हुआ मिला।पता करने पर मालुम चला कि वह आश्रम किसी पार्टी विशेष के कब्जे मे है। प्रशासन से बात करने पर सटीक जवाब नही मिला।चाभी मांगने पर प्राप्त नही हुआ।वह आश्रम बिहार के सभी जनता के लिए है।कपूर्री ठाकुर सबके लिए है।उन पर किसी का एकाधिकार नही है।भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महापुरुषों को सम्मान और जयंती मनाने का कार्य करती है। विधानपार्षद ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि जननायक कपूर्री ठाकुर आश्म को 24 जनवरी के पहले मुक्त किया जाएँ,नही तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करेगी। राम मंदिर के मुद्दे पर कहा कि भगवान राम सबके है।वे देश ,दुनिया के जनमानस के आस्था के केन्द्र है।यह कोई भाजपा का कार्यक्रम नही,बल्कि भारतीय संस्कृति और आम जनमानस के हित का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम मे दूसरे समुदाय के लोग भी पूरे मन से लगे है।

विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षियों का काम ही है समाज मे द्वेष फैलाना और गलत राजनीति करना, लेकिन भारत की जनता समझदार है और उन्हे अगले चुनाव मे जवाब देगी। प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रितु राज,सुरेंद्र प्रजापति, हरेन्द्र सिंह आदि थे।

विकसित भारत युवा की आवाज कैंपेन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज में मंगलवार को ह्यविकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज कैंपेन के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और विकसित भारत के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। विकसित भारत कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी चन्द्रशेखर कुमार ने कार्यक्रम के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए बताया कि विकसित भारत देश के सभी नागरिकों के सामूहिक सहयोग और उनके विकास को चिन्हित करता है। यह सभी के लिए केवल संकल्पना ही नहीं अपितु सबका लक्ष्य होना चाहिए। इस देश के विद्यार्थी ही भारत को विकसित बना सकता है और विश्व के एक अलग पहचान दिला सकता है। इसलिए देश के विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले और देश का राजनीतिक परिदृश्य को सकारात्मक रूप से जनता के हित के रूप में परिणत करें। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष विशाल कुमार ने वि

संक्षिप्त खबरें

कंप्यूटर क्लासेस पास छात्रों के बीच प्रमाण पत्र किया गया वितरण

करपी अरवल। देवकुंड आकांक्षा एचडी कंप्यूटर क्लासेस के छात्रों का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। आकांक्षा कंप्यूटर क्लासेस के डायरेक्टर संजीत कुमार ने बताया कि आईसीवीटी पास छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया इसके साथ ही आकांक्षा कंप्यूटर क्लासेस की तरफ से बेहतर प्रदर्शन मार्क्स लाने वाले छात्रों के एक-एक हजार रुपए का सहयोग राशि दी गई।

लड़का के अपहरण के मामले में लड़की पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शेरघाटी ।नाबालिग लड़का लड़की के गायब हो जाने को लेकर थाने में दो अलग-अलग प्राथमिक की दर्ज कराई गई है ।पुलिस से की गई शिकायत में लड़की पक्ष के लोगों ने लड़का के परिवार वालों के विरुद्ध अपहरण कर लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है ।जबकि लड़का के परिवार वालों ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज किया है ।इधर मामले को लेकर पुलिस ने लड़का लड़की को यहां से भागने में मदद करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने लड़का पक्ष एवं लड़की पक्ष के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों के बरामदगी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

सप्ताह भर से गायब युवती पहुंची थाना कोर्ट में पेसी के बाद परिजनों को सौंपा

शेरघाटी ।हफ्ता भर से शेरघाटी शहर से गायब नाबालिग लड़की मंगलवार को अचानक थाने पहुंची ।इसके बाद पुलिस ने उसका कोर्ट में बयान दर्ज करवाया ।सब इंस्पेक्टर इमरान ने बताया कि लड़की ने न्यायालय को बताया कि वह स्वेच्छा से अपने घर से चली गई थी ।अपने घर के लोगों से नाराज होकर वह चली गई थी, उसे किसी ने नहीं भगाया था ।वह गया में रह रही थी ।इधर पुलिस ने न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोर्ट के आदेश पर लड़की को उसके घर भेज दिया है ।बता दें कि नाबालिक के गायब हो जाने के बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज किया था ।इसके बाद लड़की के बरामद की के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

औरंगाबाद में 19 तक शीत दिवस एवं घने कोहरे का येलो अलर्ट

औरंगाबाद। औरंगाबाद में 19 जनवरी 2024 तक शीत दिवस एवं घने कोहरे का येलो अलर्ट किया गया। मौसम पूर्वनुमान के अनुसार आगामी पाँच दिनों का 17, 18, 19, 20 एवं 21 जनवरी 2024 को अधिकतम तापमान 19, 20.5, 20, 19 & 20 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 8, 8.5, 8, 8.5 & 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। डॉ अनूप चौबे कृषि मौसम वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस, औरंगाबाद ने किसान भाइयों के लिए सुझाव देते हुए कहा कि धान के फसल का थ्रेसिंग करके अनाज को सुरक्षित जगह पर भण्डारण करें। गेंहूँ के फसल में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करें। मौसम खराब होने पर फसलों में दवा का छिड़काव न करें।

अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा मनाया गया कामेश्वर पासवान की जयंती

गया ।भारतीय जनता पार्टी दिवंगत नेता पूर्व मंत्री कामेश्वर पासवान के 83 वीं जयंती अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती के आवास पर जयन्ति मनाया गया, सर्वप्रथम उनके शैल चित्र पर माला फूल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, इस अवसर पर अशोक प्रसाद भारती ने कहा कि कामेश्वर पासवान प्रख्यात राजनेता एवं समाजसेवी थे, जनसंघ के टिकट पर पहली बार 1972 मे विधानसभा पँहुचे, पुनः1977 में भी चुनाव जीते एवं 1979 में बिहार सरकार ने श्रम मंत्री बने, भाजपा के द्वारा राज्यसभा एवं लोकसभा के सदस्य के रूप में रहे हैं एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जन जाति आयोग के उपाध्यक्ष भी रह चूके है ,समाजवादी एवं राष्ट्रवादी नेता के रूप में जाने जाते हैं।

नगर आयुक्त द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को दिया गया बकाया भुगतान

गया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गया नगर निगम के सेवानिवृत कर्मियों को नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम के द्वारा लगभग 10 वर्षों से लंबित सेवानिवृत्त लाभ का भुगतान किया गया है। नगर निगम के कई सेवानिवृत कर्मियों का सेवानिवृत्त लाभ वर्ष 2012-13 से ही लंबित था । 60 सेवानिवृत कर्मियों को सेवा के लाभ 3 करोड़ 75 लाख 16 हजार 337 रुपया एवं भविष्य निधि का एक करोड़ 20 लाख 63935 रुपया का भुगतान किया गया है। कुल 4 करोड़ 95 लाख 80 262 रुपया का भुगतान कैंप लगाकर किया गया है। शेष बचे सेवानिवृत कर्मियों का आवंटन प्राप्त होते ही रोस्टर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। पूर्व में भी नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम के द्वारा भविष्य निधि की राशि का भुगतान कैंप लगाकर किया जा चुका है।

सेवा का नियमितीकरण होने तक कार्यरत रहे कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। सिंचाई विभाग, कार्यपालक अभियंता कार्यालय,दाउदनगर के समक्ष विभाग से जुड़े मौसमी- दैनिक-वेतनभोगी कर्मियों ने अपनी सेवा की नियमितीकरण, विगत जून-2023 से लेकर अक्टूबर- 2023 तक के बकाए वेतन का भुगतान शीघ्र करने,सेवा का नियमितीकरण होने तक सालों भर काम देने,इत्यादि अपनी 17- सूत्री मांगों के समर्थन में आज दोपहर में जोरदार प्रदर्शन किया तथा उक्त कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों के सन्दर्भ में जमकर नारेबाजी की।

सबसे पहले मौसमी कर्मियों के प्रमंडलीय कमिटी के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार एवं कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल सिंचाई प्रमंडलीय कार्यालय,दाऊदनगर में कार्यपालक अभियंता से बातचीत करने पहुंचा । उनके आने के बाद बड़ी संख्या में अन्य मौसमी-कर्मी भी अपनी प्रमंडलीय कमिटी के विगत 14 जनवरी 2024 की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आज दोपहर करीब 12:00 बजे कार्यपालक अभियंता से होने वाली शिष्टमंडल वार्ता का हाल देखने-जानने के लिए धीरे-धीरे उनके कार्यालय के समक्ष जमा हो गए । जब वहां उन्होंने देखा कि कार्यपालक अभियंता अपने कार्यालय-कक्ष में मौजूद नहीं हैं तथा साथ हीं उनकी जगह वार्ता करने के लिए कोई अन्य पदाधिकारी भी उपलब्ध नहीं हैं तो सभी आक्रोशित मौसमी-कर्मियों ने वहां अपना प्रदर्शन एवं नारेबाजी शुरू कर दी ।

आज के इस प्रदर्शन का नेतृत्व दाऊदनगर सिंचाई प्रमंडलीय कमिटी के अध्यक्ष- रविन्द्र कुमार,संघ के राज्याध्यक्ष- जयराम सिंह तथा कोषाध्यक्ष- रविशंकर कुमार ने किया । इनके अलावा इस प्रदर्शन में संघ के उपाध्यक्ष- छठन राम, पुनदेव यादव,प्रेमशंकर,छोटन बैठा,चंद्रमा सिंह,विजय चौधरी,सुदामा सिंह, ललन यादव, जयप्रकाश राम,बबन यादव,कमलेश प्रसाद,मेवालाल, हरिनंदन पासवान,जुगल सिंह,छोटन बैठा, महेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र पासवान,इत्यादि बड़ी संख्या में अन्य मौसमी कर्मी भी इस प्रदर्शन में शामिल रहे । अन्त में आक्रोशित मौसमी कर्मियों ने वहीं पर एक संक्षिप्त सभा कर यह निर्णय लिया कि अब चुप नहीं रहा जाएगा तथा आगे सेवा की नियमितीकरण करने ; विगत जून- 2023 से लेकर अक्टूबर- 2023 तक के बकाए वेतन का भुगतान शीघ्र करने तथा अन्य सत्रह-सूत्री मांगों के समर्थन में अब इससे भी ज्यादा जुझारू संघर्ष शुरू किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही यहां के स्थानीय पदाधिकारियों की होगी।

साईकल लेने की जिद पूरा नही होने पर लड़की ने की फाँसी लगाकर आत्महत्या

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।थाना क्षेत्र के बनियाडीह गांव में मंगलवार को इंटर की छात्रा ने साईकिल लेने की ज़िद पूरा नहीं होने पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली ।घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर भूलन यादव ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दिया।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टिया शव को देखने के बाद आत्महत्या प्रदेश होता है ।उन्होंने बताया कि छात्र के गले में निशान है ।वही छात्र के परिजनों ने बताया कि सुबह में जब काफी देर तक शिल्पी सो कर नहीं जागी तो घर के लोगों ने उसे जगाने का प्रयास किया ।लेकिन जब पुकारने का कोई प्रतिक्रिया न आया तो उसकी बहनों ने जा कर देखा की साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर लटकी हुई है ।तब जाकर हम लोगों ने देखा और उसे उतारा तब तक काफी देर हो चुकी थी ।छात्र के पिता रामविलास राम ने पुलिस को बताया कि शिल्पा कुछ दिनों से साइकिल के लिए जिद कर रही थी ।हमें ऐसा अंदेशा है, कि साइकिल खरीदने से असमर्थता जताने पर उसने ऐसा कदम उठाया है ।शिल्पा चार बहनों एवं एक भाई में सबसे छोटी थी ।इधर उप थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस छात्र के मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

डॉ. मनिष द्वारा स्टेशन परिसर मंदिर पर चलाया गया सफाई अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भाजपा ने देश भर के मंदिरों की सफाई अभियान चलाया हैं आज उसी अभियान के तहत भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में गया जंक्शन के बाहरी परिसर में भगवान शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली के करोलबाग स्थित गुरु रविदास मंदिर में साफ सफाई की देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आवाहन पर 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले 14 से 22जनवरी तक आस पास के सभी मंदिरों और उनके परिसरों की व्यापक सफाई अभियान चलाने का आवाहन किया था कार्यकताओं को अपने आस पास के मंदिरो में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण एलईडी टीवी पर दिखाने के साथ साथ विशेष पूजा अर्चना के साथ संध्या में मुहल्ले के सभी घरों में दीप जलाकर दीपावली पर्व मनाए। मंदिर सफाई अभियान में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक दीपक पाण्डेय,नमामि गंगे संयोजक रामप्रवेश सिंह, मंटू कुमार उपस्थित होकर सफाई अभियान किया है।

श्रेत्रीय प्रभारी की शिकायत केन्द्रीय संगठन महामंत्री से की

गया। भाजपा जहा कहती हैं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ चलने की बात वही गया मे खादानी जंनसंध और राष्ट्रीय टीम में बिहार प्रदेश भाजपा के यूवा मोर्चा, महिला मोर्चा,आइटी सेल और छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना चुनाव में अपना सबकुछ देने वाले को गया के श्रेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी पूर्व मंत्री के बेटे के इशारे पर एक राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तीन साल प्रशिक्षित और हिन्दू युवा वाहिनी का उत्तर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी को कहने पर हटाने पर रोष व्याप्त है राष्ट्रीय नेता ने श्रेत्रीय प्रभारी से पुछा है कि भाजपा और जनसंध और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मे क्या लिखने की आजादी नही है सिर्फ किसी के कहने पर किसी को भी हटा दिया जाए यही है भाजपा की विचारधारा और भाजपा का काम करने का ढंग,जिसकी जानकारी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, राष्ट्रीय संगठन सचिव सुनील बंसल जी, बिहार झारखंड के श्रेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी से करने का मोका दिया गया है।

मकर संक्रांति पर अन्नपूर्णा रसोई में सहभोज का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शहर के नई गोदाम आनन्दी माई मोड़ स्थित अन्नपूर्णा रसोई के प्रांगण में गया जी विकास समिति के सदस्यों द्वारा मकर संक्रांति को लेकर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें गरीब, असहाय व वंचितों को दही-चूड़ा का भोज कराया गया है ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिलाधिकारी डॉ ।त्यागराजन एसएम एवं स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव सहित अन्य समाजसेवियों ने अपने हाथों से चूड़ा-दही व तिलकुट परोसा ।साथ ही उन्हें कंबल ओढ़ाकर नए वर्ष व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दी है इस मौके पर समाजसेवी अनिल स्वामी, डॉ ।वीरेंद्र कुमार, अन्नतधीश अमन सहित शहर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थेइस कार्यक्रम में शामिल पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि मकर संक्रांति पर चूड़ा-दही व तिलकुट खाने की पौराणिक परंपरा रही है ।इसी को ध्यान में रखते हुए अन्नपूर्णा रसोई के प्रांगण में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जो गरीब, दलित ववंचित हैं उनके बीच चूड़ा दही का भोज दिया गया है ।अन्नपूर्णा रसोई से जुड़े सदस्यों के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी ने इसमें अपनी सहभागिता निभाई है ।मकर संक्रांति के दिन चूड़ा-दही खाने की परंपरा है, लेकिन वैसे गरीब लोग जिनकी आमदनी काफी कम है, उनके लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से ठेला, रिक्शा चलाने वाले व गरीब-मजदूर लोगों को मात्र 10 में विगत कई वर्षों से भरपेट भोजन कराया जाता है ।यह रसोई शहर के गणमान्य लोगों के सहयोग से निरंतर चली आ रही है ।बड़ी संख्या में लोग यहां प्रतिदिन भोजन करने आते हैं ।आगे भी यह रसोई निरंतर जारी रहेगी ।हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे।

काराधीन अभियुक्त को पांच साल की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनन्द भूषण के कोर्ट में मुफस्सिल थाना कांड संख्या -114/22,जी आर 751/22,टी आर 2966/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई गई है। जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त अजय कुमार सिंह देवकली ओबरा को भादंवि धारा -25(1+बी) ए में पांच साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी और धारा -26 में तीन साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक राम इकबाल यादव पु. अ. नि. तत्कालीन थानाध्यक्ष रफीगंज ने 11 अप्रैल 2022 को मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि रफीगंज थाना कांड संख्या -110/22 में बैंक लुट कांड में 31/03/22 से गिरफ्तार अभियुक्त अजय कुमार सिंह देवकली ओबरा के स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही के आधार पर सुनील चंद्रवंशी ग्राम मुंशी बिगहा के मकान से एक देशी कट्टा, एक पितल के कारतूस और बैंक लुट कांड में प्रयुक्त प्रेशन प्रो बाइक एवं 36500 रू बरामद किया गया था। अभियुक्त सुनील चंद्रवंशी का अलग ट्राइल चल रही है। 11/04/22 का तलाशी सह जाप्ति, रफीगंज, मदनपुर, मुफ्फसिल थानाध्यक्षों का संयुक्त आपरेशन था।

खाध उपभोक्ता मंत्री ने फेयर प्राइस डीलर की सभी मांगे जल्द से जल्द करवाने का दिया भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन बिहार प्रदेश के महामंत्री वरुण कुमार सिंह के आवाहन पर जन वितरण विक्रेताओं की सरकार के समक्ष लंबित 8 सूत्री मांगों के पूर्ति हेतु 1 जनवरी से चले आ रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज ही विभागीय मंत्री खाद आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह के आवास पर बिहार प्रदेश के महामंत्री वरुण कुमार सिंह एवं बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ संयुक्त बैठक मंत्री के आवास पर किया गया है ।इस बैठक में विक्रेताओं की सरकार के समक्ष लंबित 8 सूत्री मांगों पर बिंदु बार गहन विचार विमर्श करते हुए वार्ता हुई जिसमें मंत्री के द्वारा एक-एक बिंदु पर विचार करते हुए एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी के समक्ष आश्वासन दी की विभागीय स्तर पर जो भी मांग पूर्ति होने लायक है उसे मांग को विभागीय स्तर के बैठक बुलाकर और आपकी मांगों को शीघ्रता शीघ्र लागू विभागीय स्तर पर लागू कर दिया जाएगा जिस मांग पत्र के बिन्दु में सरकार को आर्थिक एवं वित्तीय मामला आता है तो उसके लिए एक कैबिनेट की बैठक बुलाकर उसे मांग की पूर्ति हेतु आने वाले आर्थिक बोझ को आकलन करते हुए कैबिनेट की बैठक में विचार विमर्श कर लागू किया जाएगा।

क्योंकि जन वितरण विक्रेताओं को 30000 मानदेय देने एवं प्रति क्विंटल 300 कमीशन देने वाली दो बात आप लोगों के द्वारा इस मांग पत्र में दशार्या गया है तो सरकार इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार विमर्श करेगी और यह आकलन करेगी की गुजरात सरकार के तर्ज पर मानदेय के निर्धारित करने पर क्या आर्थिक बोझ और दिल्ली सरकार एवं हरियाणा सरकार के तर्ज पर जो 200 मार्जिन मनी या कमिशन की बात उठाई गई है उसमें सरकार की आर्थिक बोझ कितना होगा और वर्तमान समय में विक्रेताओं की कितना कमीशन दिया जा रहा है उसका आकलन करते हुए कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पारित कर शीघ्रता शीघ्र सम्मान पूर्वक दोनों मांग में से जो भी मांग सम्मानजनक होगा किया जाएगा साथी ही साथ अनुकंपा की लाभ देने हेतु भी कैबिनेट की मंजूरी बहुत जरूरी होगी इस पर भी विचार विमर्श कैबिनेट की बैठक में कर लिया जाएगा और अन्य मांगों को विभागीय स्तर पर लागू करने योग्य है जिसमें पोस मशीन संचालक के क्रम में जो आज तक17 एवं 21 विक्रेताओं को नहीं दिया गया है उसे राशि को भी साथ ही साथ बिहार राज खाद्य निगम के पास जो आपका पैसा लंबित है उसका भी विभागीय स्तर पर गहन जांच पड़ताल कर का पैसा शीघ्र अति शीघ्र देने हेतु आदेश विभाग द्वारा निर्गत किया जाएगा और हमारे विभागीय स्तर का जो हमारी हस्ताक्षर से एवं हमारे विभाग के स्तर से मांग लागू होना है उसको अति शीघ्र लागू किया जाए इन सारी बातों पर संगठन के सभी पदाधिकारी को भरोसा तब हुआ है की जिस तरह मकान की छत को बनाए रखने के लिए चार मजबूत पिलर होती है इस प्रकार इस संगठन के मांगों के पूर्ति हेतु मकान का प्रथम मजबूत पिलर के रूप में बिहार के कृषि मंत्री सर्वजीत कुमार बिहार के कृषि मंत्री के नेतृत्व में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के दिशा निर्देश में बिहार सरकार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी के दिशा निर्देश में विभागीय मंत्री सिंह के साथ संयुक्त रूप से संगठन के सभी पदाधिकारी को यह विश्वास दिलाये कि नीतीश कुमार की सरकार हमारी सरकार सबके लिए कुछ ना कुछ किया है तो जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं भी अपेक्षित नहीं रखा जाएगा बल्कि सम्मानजनक मांग को पूर्ति किया जाएगा क्योंकि जन वितरण प्रणाली विक्रेता भी विक्रेता ही नहीं है वह हमारा बिहार के मतदाता भी है इसका ध्यान रखते हुए आपके द्वारा उठाया गया मांग पत्र को शीघ्रता शीघ्र लागू किया जाएगा।

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर मंगला गौरी मंदिर में होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भस्मकूट पर्वत पर विराजमान माता मंगला गौरी मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की महिला शाखा राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। परिषद की महामंत्री ममता गिरी ने बताया कि पूरे मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों और भगवा ध्वज से आकर्षक ढंग से सजाया संवारा जायेगा। मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में महिलाओं की टोली हनुमान चालीसा का पाठ करेगी। इसके बाद राम भक्त हनुमान जी की हनुमंत स्तुति पाठ के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर महा आरती की जायेगी ।भक्तों के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूरे मंदिर प्रांगण को दीपों की रोशनी से जगमग करने की तैयारी है। मंदिर के पास में स्थित रुक्मिणी सरोवर में रंगोली बनाकर दीपों की पंक्तियां सजाई जाएगी ।वहीं राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला मंत्री वीणा गिरी ने बताया कि भगवान श्री राम हमारे आराध्य देवता हैं। अयोध्या में 496 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति की अयोध्या के ऐतिहासिक भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। अब भगवान राम का दर्शन अयोध्या में कर सकेंगे। इस उत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए मंगला गौरी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद देर शाम दीपोत्सव आयोजित कर खुशियां मनाई जाएगी। इसी दिन से मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा केंद्र का शुभारंभ होगा। उन्होंने समस्त सनातन धर्माबलंबियों से 22 जनवरी को अपने- अपने घरों में भगवान राम के आगमन के खुशी में दीपक जलाने का आह्वान किया।

मकर संक्रांति पर गरिबों को सारीका वर्मा द्वारा कंबल वितरण

गया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वार्ड न 37 में सफाई कर्मियों एवं गरिबो के बिच कंबल का वितरण किया गया है ।गया के स्वच्छता अभियान में जिन सफाई कर्मियों के कारण गया का स्थान मिला,इस वार्ड के सफाई कर्मियों को साल उढ़ाकर सम्मानित किया गया वार्ड पार्षद सारीका वर्मा के द्वारा,इस मौके पर भाजपा नेता डा मनिष पंकज मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हम सभी के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि वास्तविक जरुरत मंद तक पहुच कर असहाय, गरिबो,अनाथ, बेसहारा लोगों को मदद करे। इस मौके पर वार्ड पार्षद सारिका कुमारी उर्फ सारीका वर्मा, महादेव प्रसाद,भाजपा नेता डा मनिष पंकज मिश्रा काफी संख्या महिला शामिल थी।

हनुमानगढ़ी में चढ़ने वाले लड्डू को जी आई टैग मिलने पर जताई प्रसन्नता

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।अयोध्या के हनुमानगढ़ी में चढ़ने वाले लड्डू को जी आई टैग ज्योग्राफिकल इंडिकेशन टैग मिलने पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की गया जिला इकाई ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शिव लाल टईया, कार्यध्यक्ष मुक्तामणि, विभाग अनंत धीश अमन, अनिल स्वामी,महामंत्री रामकुमार बारिक, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्रा, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला मंत्री नीलम मिश्रा, वीणा गिरी, महामंत्री ममता गिरी, सविता मुरारी जिला मंत्री अमीषा भारती, रजनी त्यागी, शिल्पा साहनी, नितिन रतन लाल गायव आदि सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दिया है। परिषद के जिला अध्यक्ष जिला शिव लाल टईया ने कहा कि हनुमानगढ़ी में चढ़ने वाले लड्डू पूरे प्रसिद्ध है, जो शुद्धता के साथ तैयार किया जाता है। इस लड्डू में राम भक्तों की आस्था जुड़ी रहती है। लड्डू को जी आई टैग मिलने से पूरे देश के हिंदू समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बधाई दिया है। विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले हनुमान जी के प्रिय लड्डू को पूरे विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए योगी सरकार ने बेहतर कार्य है। इधर श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हनुमानगढ़ी के प्रिय लड्डू को जी आई टैग मिलने को ऐतिहासिक कदम बताया।

सांसद ने जहानाबाद स्टेशन पर ट्रेन की ठहराव को लेकर की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जहानाबाद सासंद चंदेश्वर प्रसाद सांसद ने डीआरएम रेल डिवीजन दानापुर द्वारा महेन्द्रू घाट पटना में आयोजित मीटिंग में भाग लिया और रेल से संबंधित निम्नलिखित मांग एवं मुद्दे रखे हैं अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए जहानाबाद में 22349/50 पटना राँची वन्दे भारत एक्सप्रेस का ठहराव हो ।जहानाबाद से नई दिल्ली तथा कोलकाता की एक एक ट्रेन का परिचालन किया जाए, वर्तमान समय में जहानाबाद से बड़ी संख्या में लोग मगध , श्रमजीवी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में दिल्ली की यात्रा करते हैं । महाबोधि एक्सप्रेस बहुप्रतिक्षित माँग है, ट्रेन का विस्तार जहानाबाद तक किया जाए। पूर्व में प्रस्तावित जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वासिंग पिट मेंटेनेंस लाइन का निर्माण किया जाना था लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वासिंग पिट निर्माण किया जाए ।जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेटर बोर्ड लगाया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा होगी ।जनता के हित में जहानाबाद व गया से बेंगलुरु के लिए ट्रेन की डिमांड है , 22351/52 पाटलिपुत्र यशवंतपुर एक्सप्रेस को वाया पटना गया रेलखंड के रास्ते परिचालन किया जाए।

जहानाबाद गया रूट पर कोरोना वायरस के कारण रेलगाड़ियों को आवागमन रोका गया परंतु अब तक उन्हें दोबारा नहीं चलाया गया है उन रेलगाड़ियों के आवागमन को पुनः करोना से पहले की तरह आना-जाना एवं ठहराव बहाल किया जाए। जहानाबाद से कोलकाता के बीच पटना धनबाद गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13329-13330 को धनबाद की जगह कोलकाता तक विस्तार किया जाए।

पटना गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस एवं हटिया पटना एक्सप्रेस का ठहराव और आरक्षित टिकट काउंटर खुलवाया जाए ।बिहटा से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को जल्द बिछाया जाए ।नालंदा से गया को जोड़ने के लिए 50 किलोमीटर इस्लामपुर से मानपुर तक नई रेल लाइन बिछाया जाए। मखदुमपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ और एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हो। बिहार शरीफ से जहानाबाद तक रेल का सर्वे हो चुका है। उसे आगे की प्रक्रिया में ले जाया जाए ।गया से पटना रात्रि ट्रेन को पुनः चालू किया जाए। पटना- जहानाबाद- गया - जमशेदपुर के लिए अमृत भारत या अन्य मेल,एक्सप्रेस का परिचालन किया जाए।

जहानाबाद मुख्य स्टेशन से सटे उत्तर ह्लज़िलाधिकारी आवास से टेनी बिगहा सहबाजपुर ह्ल के बीच रेलवे ओवर ब्रिज किनारी पाली रोड से संपर्क हेतु बनाना व्यापक जनहित में है। सेवनन हाल्ट के दक्षिण में अंडरपास,करौना हाल्ट के दक्षिण में अंडरपास एव आरोबी,माई हाल्ट के पास अंडरपास निजामतपुर हाल्ट के पास अंडरपास,मीराबीघा हाल्ट के पास अंडरपास,टेहटा स्टेशन के पास अंडरपास मखदुमपुर स्टेशन के पास अंडरपास,कोटेश्वरधाम हाल्ट के पास अंडरपास,बराबर हाल्ट के पास अंडरपास,.पटना नटेसर रूप में मगध एक्सप्रेस ट्रेन इस्लामपुर में लगा रहता है उसे नटेसर स्टेशन तक चलाया जाए ।राजगीर तिलैया रूट में पैसेंजर ट्रेन को बढ़ाया जाए।

दहेजलोभी पति और सास को हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्र ने महिला थाना कांड संख्या -19/22, विचारण संख्या -2661/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दहेज के लिए क्रुरता के शिकार हुई पीड़िता नेहा (काल्पनिक नाम) मनोकामना मंदिर नागाबिगहा औरंगाबाद के आरोप सत्य पाते हुए उसके पति रितेश कुमार और सास आशादेवी मनोकामना मंदिर नागाबिगहा औरंगाबाद को सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त पति रितेश कुमार को भादंवि धारा - 498 ए में तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया गया है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम धारा 04 में एक साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है और धारा -323 में तीन माह की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। सास आशादेवी को भादंवि धारा -498 ए में दो साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत किया गया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

संक्षिप्त खबरें

शिक्षा संवाद का हुआ भव्य आयोजनः अन्नू

शाहकुंड (भागलपुर)।छात्र आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शिक्षा संवाद का अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के बेहतर विकास व शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त बातें मुख्य बाजार शाहकुंड हाई स्कूल आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में वरीय सह अपर अनुमंडल पदाधिकारी अन्नू कुमारी ने कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विद्यालयों में नामांकित छात्रों और उनके अभिभावक के बीच शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की कल्याणकारी योजना की जानकारी साझा करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही हाई स्कूल अंबा, बकचप्पर, खैरा समेत चार स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान संबंधित पदाधिकारी द्वारा श्रमिक मेधावी छात्रों के लिए अतिरिक्त सुविधा की जानकारी दी गई। वही शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग की तैयारी के तहत पीटी क्वालीफाई करने वाले छात्र को पचास हजार रुपए और यूपीएससी के लिए छात्र छात्राओं को एक लाख रुपए तक की राशि की सहायता दी जा रही है, इसके अलावा मुख्यमंत्री साइकिल, स्वास्थ्य, पोशाक, प्रोत्साहन छात्रवृत्ति, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित लाभकारी योजना से अवगत कराते हुए जानकारी साझा की। इस मौके पर अंचल अधिकारी निलेश कुमार चौरसिया, डीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती, आरओ उज्जवल कुमार, बीसीओ किसलय कृष्णा, बीएलओ रामयश मंडल सहित क्षेत्र के कई विद्यालय शिक्षकोत्तर कर्मचारियों के अलावा छात्र छात्राओं सहित अभिभावकों की मौजूदगी रही थी।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

संग्रामपुर(मुंगेर) एस बी आर टी प्रो कन्या+2 स्तरीय उच्च विद्यालय संग्रामपुर में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस के मुख्य अतिथि के रूप में संग्रामपुर प्रखंड के अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम मौजूद थी। शिक्षा संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों को मुख्यमंत्री बिहार सरकार के द्वारा चलाए गए लाभकारी योजना जैसे छात्रवृत्ति पोशाक योजना मैट्रिक में फर्स्ट आने पर दस हजार की राशि प्लस टू में छात्र के पास होने पर 25 हजार सहित राशि, कमजोर छात्र को स्पेशल क्लास , साइकिल योजना , कन्या उद्यान योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दी गई। शिक्षा की इस खास अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजन प्रसाद सिंह, श्याम कुमार संजय कुमार पल्लवी शर्मा सुप्रिया कुमारी शिक्षक पंकज कुमार प्रेमी विद्यालय के छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

बरियारपुर के प्रेम टोला में आग से चार घर जलकर राख

मुंगेर ।बारियारपुर प्रखंड के प्रेम टोला घोरघट में सोमवार की रात 11 बजे आग लगने से चार लोगों का बासा जलकर राख हो गया सोनू कुमार उर्फ दीपक कुमार एवं दिगंबर कुमार ने ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया बताया जाता है कि उस लगी आग में चार लोगों का बासा जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका। आग नवीन मंडल के घर से लगा और देखते ही देखते अन्य तीन लोग अजीत मंडल अमरजीत कुमार एवं सुमन मंडल के बासा को भी आग में जलकर राख हो गया चारों बासा मवेशी एवं उसके चारा रखने के लिए बनाए गए थे। सभी चारा सहित कुछ कपड़े पूरी तरह जलकर राख हो गया कुल 2 लाख रुपए की संपत्ति आग में नष्ट होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में हुआ पत्थराव व गोलीबारी

- भैंस चढ़ाने को ले हुई विवाद में रिटायर्ड फौजी ने की फायरिंग

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के खरीक थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर तीनघरिया टोला गांव इलाके में भैंस चढ़ाने को लेकर स्थानीय तुलसीपुर तीनघरीया टोला के मवेशी पालक सह किसान पुतुल यादव पिता स्व. पोलो यादव और रिटायर फौजी सिंटू कुंवर पिता उमाकांत कुंवर के बीच जमकर हुए विवाद के दौरान मारपीट के क्रम में दोनो ओर से ईंट-पत्थर चलनी शुरू हो गई। इस दौरान रिटायर फौजी सिंटू कुंवर के द्वारा अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग शुरू कर दिया तो वही झगड़ा देखने आए विजय यादव उर्फ बीजो की पुत्री 10 बर्षीय अंशु कुमारी को एक गोली उसके बांए कनपट्टी को छूते हुए बाहर निकल गई। वही गोली लगते ही बच्ची जख्मी व घायल हो लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही खरीक थाना पुलिस सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से घायल बच्ची को त्वरित इलाज के लिए जख्मी हालत में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरीक लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा ने बच्ची का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक द्वारा बच्ची का ईलाज किया जा रहा है।

वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुतुल यादव अपनी आधा दर्जन भैंस को लेकर स्थानीय ग्रामीण अश्वनी कुंवर के घर के पीछे की परती जमीन पर भैंस चरा रहा था, तभी रिटायर फौजी सिंटू कुंवर ने पुतुल को उक्त जमीन पर भैंस चढ़ाने से मना कर दिया। जिसको लेकर फौजी सिंटू और पुतुल यादव के बीच लप्पड़ थप्पड़ व लाठी से मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के क्रम में पुतुल को दो-चार लाठी सिंटू ने लगा दी। जिसके बाद पुतुल भैंस लेकर घर चला गया।

वही बताया गया कि कुछ ही देर बाद पुतुल यादव दर्जनों लोगों के साथ रिटायर फौजी के घर पर ईंट-पत्थर व लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान फौजी की पत्नी को भी पत्थर से चोटे आई थी, इस दौरान दोनो ओर से पहले ईंट पत्थर जमकर चला है। वही इसी बीच पुतुल के साथ उग्र दर्जनों लोगो को घर की ओर आता देख फौजी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर खिड़की व छत पर चढ़कर फायरिंग शुरू कर दी। वही फौजी द्वारा तीन-चार राउंड गोली फायरिंग की बात बताई जा रही है। इस दौरान एक गोली बच्ची अंशु कुमारी के बाएं कनपट्टी को छूते हुए बाहर निकल गई। वही दूसरी तरफ घायल बच्ची अंशु के सिर का सिटी स्कैन, आदि कराया जा रहा है।

वही मारपीट में घायल पुतुल यादव और रुचि देवी भी हुई है, वही दोनो का ईलाज खरीक पीएचसी में चल रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी आरोपी सिंटू कुंवर अपनी दबंग बरताव के कारण भैंस चढ़ाने को लेकर धमकाया था। मारपीट व गोलीबारी की घटना से तुलसीपुर तीनघरिया टोला में भय का माहौल बना हुआ है। वही घटना को लेकर खरीक पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वही घटना को लेकर खरीक थाना के थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, पुलिस मामले की जांच चल रही है। वही उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी हुई इस दौरान गोलीबारी भी हुई है या नही हुई है इसकी जाँच की जा रही है। जांचोपरांत घटना से संबंधित दोषीयों के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी।

बच्चों का नाम रखे भगवान के नाम पर: अनुराग कृष्ण शास्त्री

प्रात : किरण संवाददाता

- हमें सभी प्राणियों में ईश्वर देखना चाहिए अगर हम सब में ईश्वर देखेंगे तो झगड़ा कभी होगा नहीं उत्पन्न
- मुस्कुरा कर जिसको गम का जहर पीना आ गया, ये हकीकत है कि उसे दुनिया में उसे जीना आ गया

नवगछिया (भागलपुर)। बाल भारती स्कुल प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से आए वैदिक पथिक भागवत किंकर श्रीअनुराग कृष्ण शास्त्री उर्फ श्री कन्हैया ने अपने भागवत कथा वचन में गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीरामचरित एवं श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव किया गया। वही श्रीअनुराग कृष्ण शास्त्री उर्फ श्रीकन्हैया ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान के नाम में पाप काटने की शक्ति होती है, भगवान का नाम जपने से पाप कट मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसी लिए अपने बच्चों का नाम भगवान के नाम पर रखें। वही उन्होंने कहा कि अपने गुरु का कभी भी अपमान नहीं करना चाहिए, और सभी प्राणियों में ईश्वर देखना चाहिए। वही अगर हम सब में ईश्वर देखेंगे तो ईर्ष्या, द्वेष, झगड़ा कभी भी उतपन्न नहीं होगा, ईश्वर सर्वत्र हैं।

जब एक को छोड़कर अनेक की कामना हो तो कोई उस वक्त एक भी काम नहीं आता है, इसलिए किसी एक पर विश्वास करना चाहिए। जब हम सब मुस्कुरा कर जीवन का निर्वाह करें, जिसको गम का जहर पीना आ गया, उसे जीवन का सार समझ में आ गया, ये हकीकत है उस व्यक्ति को दुनिया में जीना आ गया, क्या भरोसा है इस जिन्दगी का, साथ देती नही यह किसी का होता भी नहीं है, साँस रुक जाएगी चलते चलते, ये वचन सुनकर हरे रामा, रामा राम, सीता राम, राम राम आदि भजनो पर श्रोतागण मनमुग्ध हो गये थे। वही दूसरी तरफ इस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को सफल बनाने में अमित अग्रवाल, मुकेश चिरानिया, रितेश मांवडिया, अशोक केडिया, आदित्य सरार्फ, अमन सरार्फ, विश्वास शर्मा, विनित चिरानिया, नीरज केजरीवाल, केशव सरार्फ, शंभू चिरानिया, अमित चिरानिया, विशाल चिरानिया, विकास मावडिया, कन्हैया केडिया, मुरारी चिरानियाँ, पप्पु चिरानियाँ, प्रितम चिरानियाँ, बिकाश चिरानियाँ, शोरभ नारनोली, मानस पंसारी, वरुण केजरीवाल, रोहित मावंडिया, सचिन साह, शैला चिरानिया, रुचि सर्राफ, ममता मावडिया, सुचिता अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु लगे हुए हैं।

बदहाल विद्यालय व्यवस्था देख आप रह जाएंगे दंग: शिक्षक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। बिहार के शिक्षा विभाग एक तरफ जहां विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर चुस्त दुरुस्त करने के साथ-साथ पटरी पर लाने की दिशा में शिक्षा की गुणवत्ता पूर्ण सुदृढ़ बनाने की कवायद में लगी हुई है। वही अभी भी क्षेत्र के कई ऐसे विद्यालय है जहां की स्थिति काफी बद से बदतर हालत में देखी जा सकती है। इसी कड़ी में भागलपुर जिला अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पुरवोत्तर रेलवे बरारी इलाके में चल रही शिक्षा मंदिर की हालत ने सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है, दरअसल यह स्कुल भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित है, लेकिन इस विद्यालय में कोई भी सरकारी सुविधा मौजूद नही दिख रही है। वही विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि यहाँ के बच्चों की जिंदगी शिक्षा को लेकर हमेशा दाव पर लगी रहती है।

विद्यालय भवन की चार दिवारी को लेकर बाउंड्री नही होने से बच्चों की जिंदगी दाव पर चल रही हैं। इलाके में हाइवे के सटे रहने से बच्चे खुले में खेलने चले जाते है, जिससे उनकी जान पर खतरा हमेशा बना रहता है। विद्यालय में क्लास वन से लेकर फाइव तक संचालन होता है पर क्लास रूम दो ही हैं वो भी छोटे छोटे कमरे ही उपलब्ध हैं, इसी दो कमरों मे क्लास वन से लेकर कक्षा फाइव तक की पढ़ाई होती है। इस व्यवस्था में आप अनुमान लगा सकते है कि यहाँ पढ़ाई किस तरह की होती होगी। वही विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि स्कुल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई बाउंड्री भी नही है जिसके कारण यहाँ के बच्चे स्कुल मे सटे हाइवे पर चले जाते है, हमेसा डर लगा रहता है कि कोई घटना न घटित हो जाय। वही विद्यालय कैंपस में असामाजिक तत्व जैसे लोगों का भी शाम ढलते ही जमावाडा लगा रहता है, वही विद्यालय के आसपास सुअर व कुत्तों के द्वारा गन्दगी फैला दिया जाता है। जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नही है। वही विद्यालय की शिक्षिका का कहना है कि वो भी अपने आप को असुरक्षित महसूस करती दिख रही है। सरकार के द्वारा जारी तमाम नियमो का पालन शिक्षकों के द्वारा किये जाने के वबजूद सरकार के द्वारा दिए जाने वाले कई सुविधाओं से वंचित रहते हुए विद्यालय चल रहा है। इस व्यवस्था के बीच विद्यालय की बदहाली को लेकर सरकार की पोल खोलती सीधी तस्वीर को साफ तौर पर देखा जा सकता है। अब देखने वाली बात है कि इस व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा क्या संज्ञान लिया जाता हैं और बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कौन सी कानूनी प्रक्रिया अपनाती है।

किसानों के बीच बिजली कनेक्शन को ले लगा शिविर: विधुत अभियंता

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिजली विभाग के द्वारा नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर एवं रंगरा प्रखंड इलाके में किसानों के लिए विशेष रूप से विधुत कनेक्शन हेतू शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं सहायक अभियंता ने बताया कि इस शिविर को लेकर के कोसी क्षेत्र के तीनों पंचायत खैरपुर कदवा में रंगरा चौक प्रखंड के सधवा चापर में एवं गोपालपुर प्रखंड के सुकटिया बाजार में इस शिविर का आयोजन किया गया है। वही सहायक अभियंता ने बताया कि प्रत्येक किसान इस शिविर के माध्यम से विधुत नियम के तहत आवेदन कर कन्जयूमर बन सकता है। जहां जिन-जिन किसानों के खेत तक पॉल, तरिया, बिजली नहीं पहुंचा है उन जगहों को सर्वे कर करके तत्काल उक्त स्थल पर बिजली प्रवाह सुविधा के साथ समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। वही सहायक अभियंता ने बताया कि यह शिविर लाभार्थियों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आगामी 31 जनवरी तक जारी रहेगा। विभाग द्वारा प्रत्येक गांव स्तर पर शिविर को लगाने की योजना है। वहीं बल सुधार को लेकर भी विभाग के द्वारा गोपालपुर प्रखंड के सैदपुर गांव एवं इस्माइलपुर के जयमंगल दास टोला में इस शिविर का आयोजन किया गया है। जहां पर किसी भी उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी हो तो उसे तत्काल विभाग के कर्मियों द्वारा निष्पादन किया जाएगा।

कई विद्यालयों में हुआ शिक्षा संवाद का भव्य आयोजन

- शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के द्वारा किया गया संवादः डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के बीच जानकारी साझा किये जाने को लेकर बिहार के कई विद्यालयों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी बाबत भागलपुर के क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्रांगण में शिक्षा संवाद में छात्र-छात्राओं व उनके संबंधित अभिभावकों की भागीदारी देखी गई। वहीं इस मौके पर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने लोगों को शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में साझा करते हुए विस्तृत रूप से बताया एवं उसके लाभ से कैसे लाभान्वित होंगे उनसे जुड़ी जानकारी पर भी प्रकाश डाला है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, विद्यालय के पद स्थापित शिक्षक कर्मचारियों के अलावा दर्जनों छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक मौजूद थे।

भ्रांतियां दूर करने को ले जागरूकता रथ को किया रवाना:डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां शुरू कर हो गई है, इसी कड़ी में लोगों के मन में ईवीएम मशीन को ले भ्रांतियां दूर करने के उद्देश्य से जिला समाहरणालय परिसर से डीएम ने जागरूकता रथ को क्षेत्र परिभ्रमण को लेकर रवाना किया गया है।

वही जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया है। इस मौके पर डीएम ने बताया कि ईवीएम मशीन में किसी भी तरह से छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है, और लोगों के मन की शंका और भ्रांतियां को दूर करने के उद्देश्य से पूरे जिले में कुल सात जागरूकता रथों को अधिकारियों के साथ रवाना किया गया है, जो प्रत्येक विधानसभा के हर एक क्षेत्र में मतदान केंद्र पर पहुंचकर लोगों को ईवीएम संबंधित होने वाले परेशानियां और उनके मन में ईवीएम मशीन को लेकर जो भ्रांतियां है उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

वही रथ को रवाना करने के दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसडीएम धनंजय कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

जनता ने लगाया आरोप, अलाव की लकड़ी में की जा रही है चोरी , शिकायत पर नहीं दिया गया ध्यान

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले के सभी शहर में कड़ाके के ठंड से गरीब और रिक्शा चालकों का रात में भगवान ही सहारा होता है। मुंगेर के जिला अधिकारी के आदेश पर चयनित स्थलों पर अलाव अंचल के आपदा प्रबंधन और नगर निगम की संयुक्त रूप से अलाव जलाया जा रहा है। मुंगेर के जिला अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि ठंड को देखते हुए जिले के चयनित 11 स्थलों पर प्रतिदिन 25 किलोग्राम लकड़ी गिरने का व्यवस्था की गई है।इस का आदेश जिले के सभी अंचल अधिकारी को आदेश दिया गया है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहीं अगर गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुंगेर सदर प्रखंड की अंचल अधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि मुंगेर नगर निगम क्षेत्र के 11 स्थानों पर दो क्विंटल 75 किलो ग्राम प्रतिदिनका निगम के सहयोग से लकड़ी जलाई जा रही हैं। वहीं सरकारी इन ढाबों को पूरब सराय के राहुल कुमार रंजीत कुमार परमेश्वर सिंह ने आरोप लगाया है कि अलाव स्थल पर पिछले 10 दिनों से सात आठ किलो ग्राम लकड़ियां ही दी जा रही हैं कभी 25 किलोग्राम लकड़ियां अलाव स्थल पर नहीं गिराई गई है। नीलम चौक पर मोहम्मद समसी बदरू मियां मोहम्मद रिजवान ने बताया कि अलाव तो जलाई जा रही हैं, लेकिन हर रोज 10 से 15 किलो की लकड़ी का अलाव स्थल पर गिराया जाता है। बाकी लकड़ी कहां जा रही हैं यह प्रशासन का दायित्व है कि इस की जांच-पड़ताल कर दोषी पर कार्रवाई करें।

लीवर के जटिल कैंसर का हुआ सफल इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। 80 साल के एक बुजुर्ग के लीवर के जटिल कैंसर को ठीक कर पारस एचएमआरआई ने उत्कृष्ट इलाज कर अपने संग्रह में एक और मुकाम जोड़ लिया। दरअसल, पटना के 80 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद यादव को लीवर से जुड़ी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके इलाज के लिए वे पारस एचएमआरआई पहुंचे।

यहां जांच में पता चला कि उन्हें लीवर का कैंसर है। इसके बाद आगे की जांच में पता चला कि वे हृदय के भी मरीज हैं। उनका हृदय सिर्फ 35 प्रतिशत ही काम कर रहा था। पारस एचएमआरआई के गेस्ट्रो सर्जन डॉ. नितिन कुमार और कैंसर सर्जन डॉ. आकांक्षा वाजपेयी ने पाया कि इस स्थिति में सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है। हालांकि यह काफी जटिल ऑपरेशन था। मगर डॉ. नितिन कुमार की देखरेख में यह सर्जरी सफल रही। इसमें मरीज का ज्यादा खून भी नहीं बहा। ऑपरेशन के बाद उन्हें सिर्फ एक यूनिट खून चढ़ाने की जरूरत पड़ी। पांच दिन के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। डॉ. नितिन कुमार बताते हैं कि लीवर के कैंसर का ऑपरेशन वैसे ही बहुत मुश्किल काम होता है।

डीएमएफ की रॉयल्टी की जमा राशि का खर्च नहीं किया जा रहा हैं सामाजिक संस्थान पर

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। राज्य मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार के सभी जिलों में रॉयल्टी फंड में जमा राशि का जिलावार ब्योरा मांगा गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार के कई जिलों में डी एम एफ फंड का खाता भी नहीं खोला गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार खनन विभाग को कमाई के नाम पर अभी तक करोड़ों रुपए फंड में जमा पड़ा हुआ है। विभाग को मिलने वाली रॉयल्टी की दो प्रतिशत राशि डीएमएफ में जमा की जाती है। फाउंडेशन बनाने का सरकार का उद्देश्य इस राशि का सामाजिक दायित्व से जुड़े संस्थानों पर खर्च करने का प्रावधान किया गया है। लेकिन आज तक इस राशि को मुंगेर जिले में एक पैसे भी खर्च नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार अभी तक डीएम एफ फंड में पूरे राज्य में 128 करोड़ 97 लाख 873 रुपए जमा है और 3 करोड़ 41 लाख 14 हजार 884 रुपए बांका जिले में चार लाख 91 हजार भागलपुर जिले में 49 लाख14 हजार जमुई जिले में 20 लाख4050 रुपए खगड़िया जिले में 07 लाख 52 हजार किशनगंज जिले में 59 लाख 03 हजार मधेपुरा जिले में 33लाख 06 हजार पूर्णिया जिले में 29 लाख 3500 सहरसा जिले में 39 लाख 9000 अररिया जिले में लखीसराय जिले में शुन्य मुंगेर जिले में सून्य है। पटना मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में अभी तक 23 करोड़ 55 लाख 10 हजार 158 रुपए खर्च किए गए हैं । वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया गोपालगंज अररिया में फाउंडेशन का अपना खाता भी नहीं खोला गया है। जानकारी में बताया गया है कि 28 जिलों में पैन नंबर भी नहीं है। इस राशि का लाभ राज्य के सामाजिक संस्थान को नहीं मिल पा रहा है

जिला पदाधिकारी ने राजस्व वसूली की स्थिति पर की समीक्षा बैठक

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की सभी अधिकारी थे मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संग्रहालय सभाकक्ष में आयोजित की गई । इस बैठक में राजस्व वसूली एवं उसके अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता खड़गपुर विवेक सुगंध एवं सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व कार्यों में तेजी लाने और स्व समय अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु राजस्व कर्मचारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में प्रायः कार्यों की धीमी गति के कारण रिपोर्ट स्व समय उपलब्ध नहीं कराया जाता था, इस लिए सबों को अब लैपटॉप उपलब्ध कराया गया है जिससे कार्य में सुधार के साथ साथ तेजी भी आएगी और सुचारू रूप से कार्य संपन्न होगा। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी से भूमि विवाद के मामलों को अंचल स्तर पीआर निपटाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित थाना के साथ हर शनिवार को आयोजित जनता दरबार में अधिक से अधिक भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे सभी पदाधिकारियों को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया गया है।

दूसरा सेमीफाइनल मैच एनएफसी गंगनिया का कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरा सेमीफाइनल में एनएफसी गंगनिया ने एक गोल से किया कब्जा। वही सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने स्वर्गीय चरणजीत के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किए किए। मैच के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए नवल किशोर कापड़ी मैदान में जाकर दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। स्वर्गीय चरणजीत की आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किए । इस के बाद गेंद को मारकर मैच की शुरूआत किया गया। वही मैंच के शुरू होते ही 17 मिनट में एनएफसी गंगनिया के जर्सी नंबर 7 सगर कुमार गोलकी। वही वही दोनों टीमों द्वारा बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते दिखे पर आशीर्वाद फुटबॉल क्लब द्वारा एक भी गल नहीं कर सके इस प्रकार से एनएफसी गंगनिया एक गोल से विजय घोषित किया गया। इस मैच का आंखों देखा हाल सुना रहे खेल प्रवक्ता महमुद आलम द्वारा सुना रहे थे । निर्णायक मंडली की भूमिका निभा रहे अजय कुमार, राहुल कुमार, रजिया अहमद तथा रंजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही गण्यमाण व्यक्ति के रूप में जय किशोर पासवान ,बहादुर पासवान, रामबालक चौधरी, सतीश चंद्र, हरिश्चंद्र मंडल तथा मैदान की निगरानी अमरेश कुमार, दिलीप कुमार,राजा कुमार, इंद्रजीत कुमार सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित।

एक बेहतर शिक्षित समाज की कल्पना तभी संभव है जब हमारे बच्चें शिक्षित होंगे: जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जमालपुर प्रखंड के सदर बाजार स्थित आरबी उच्च विद्यालय +2 में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अश्विनी कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमालपुर नंद किशोर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, अन्य कर्मी एवं छात्र व अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक बेहतर शिक्षित समाज की कल्पना तभी संभव है जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे। बेटा-बेटियों में फर्क को भूलाकर हमें अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षा के प्रति सजग और जागरूक करना होगा। इसके लिए पहले अभिभावकों को स्वयं जागरूक होने की आवश्यकता है। तभी हम अपने बच्चों को भी एक शिक्षित माहौल दे कर उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर एक बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस लिए सभी अभिभावक बेटा बेटियों में फर्क न करें और अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें। राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है। इसके अलावे मैट्रिक, इंटर अथवा स्नातक या स्नातकोत्तर की शिक्षा के लिए भी सरकार द्वारा कई योजनाओं के साथ ही प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जा रही है।

सुमित पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले 1989 के बाद पहले भारतीय

यूएस (एजेंसी)। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में प्रवेश किया। साल 2021 में नागल को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी, लेकिन तब वह हार गए थे। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने मंगलवार को टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया। 26 साल के नागल ने 2 घंटे 38 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बुब्लिक पर 6-4, 6-2, 7-6 से जीत दर्ज किया। 34 साल के बाद किसी ग्रैंड स्लैम में भारतीय मेंस सिंगल्स खिलाड़ी की किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पर यह पहली जीत है। इससे पहले, रमेश कृष्णन ने 1989 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर को हराया था। बुब्लिक को ऑस्ट्रेलियन

ओपन 2024 में 31वां सीड मिला है। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने टूर्नामेंट के पहले राउंड में बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराया।

टूर्नामेंट के आयोजक तय करते हैं सीड – बड़े टेनिस टूर्नामेंट में सीडिंग का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रैंड स्लैम जैसे विंबलडन, यूएस ओपन, फ्रेंच ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीड मिलती है। सीड किसी खिलाड़ी की ओवरऑल रैंकिंग न होकर किसी टूर्नामेंट में मिली रैंकिंग होती है। ये सीड टूर्नामेंट के आयोजक ही तय करते हैं। सीड खिलाड़ी की दुनिया में मौजूदा रैंकिंग से ही तय होती है। सीड एक टूर्नामेंट के लिए टेम्परारी तौर पर मिलती है।

टॉप सीड प्लेयर्स को मिलता है फायदा – जिस खिलाड़ी को टॉप सीड दी जाती है, उसे टूर्नामेंट में बेस्ट ड्रॉ (मैच) दिया जाता है, ताकि हाई सीडेड प्लेयर टूर्नामेंट के आखिरी तक पहुंचे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में टॉप-3 मेंस सीड प्लेयर में नोवाक जोकोविच पहले, कार्लोस अल्कारेज दूसरे और डेनियल मेदवदेव तीसरे नंबर पर हैं।

क्वालिफायर्स राउंड में एक भी सेट नहीं हारे थे सुमित –नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वालिफायर्स के पहले दौर में फ्रांस के जेफ्री ब्लैंकेनॉक्स को 6-3, 7-5 से हराया था। वहीं दूसरे राउंड में ऑस्ट्रेलियाई एडवर्ड विंटर को 6-3, 6-2 से हराया था। वहीं फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराकर 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के मेन राउंड में जगह बनाई।क्वालिफायर्स के राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराया था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास – ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

दीप्ति शर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

पैट कमिंस ने मेंस कैटेगरी का अवॉर्ड जीता, पाकिस्तान के खिलाफ झटके थे 19 विकेट

दुबई (एजेंसी)। भारत की दीप्ति शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। मंगलवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। वहीं मेंस क्रिकेटर्स में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस को यह अवॉर्ड दिया गया। आईसीसी ने दिसंबर 2023 के टॉप परफॉर्मर्स को यह अवॉर्ड दिया। दीप्ति के साथ अवॉर्ड की रेस में भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्ज और जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज भी थीं। वहीं मेंस कैटेगरी में बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स रेस में थे।

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

दीप्ति ने पिछले महीने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट झटके थे। उन्हें पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने बैट से 67 रन भी बनाए थे। इंग्लैंड के बाद दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट में 8 विकेट लिए, उन्होंने बैट से 78 रन भी बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने महज 38 रन देकर 5 विकेट लिए थे। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने के बाद दीप्ति ने कहा, दिसंबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि पिछले महीने मजबूत टीमों के खिलाफ मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकी। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी ताकि भविष्य में मुझे ऐसे और भी पल मिल सकें।

पैट कमिंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। वह इस अवॉर्ड को जीतने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलिया पुरुष बने। उनसे पहले नवंबर में ट्रैविस हेड को यह अवॉर्ड मिला था। वहीं डेविड वॉर्नर ने नवंबर 2021 में इस अवॉर्ड को जीता था।

पैट कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 19 विकेट लिए। दूसरे टेस्ट में तो उन्होंने दोनों पारियों में 5-5 विकेट झटके थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। वहीं तीसरे टेस्ट के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला।

एग्नेस नगेटिच ने 10 किमी दौड़ में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

29 मिनट से भी कम समय में पूरी की रेस

केन्या (एजेंसी)। केन्या की एग्नेस नगेटिच ने स्पेन में वालेंसिया इबरकाजा रोड रेस जीतकर 29 मिनट से कम समय में 10 किमी दौड़ने वाली पहली महिला बन गई हैं।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने 28 मिनट 46 सेकंड में रेस पूरी की और इथियोपिया के यालेमज़र्फ येहुआलाव के 2022 रोड वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हमवतन इमैक्युलेट आन्यांगो ने भी 29 मिनट से कम समय में दौड़ लगाई और 28ः57 में दूसरे स्थान पर रहे। नगेटिच ने महिलाओं की एकमात्र दौड़ में बीट्राइस चेबेट के 5 किमी के 14ः13 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की जिसे उन्होंने दो सप्ताह पहले बनाया था। नगेटिच के 10 किमी के समय ने महिलाओं के 10,000 मीटर ट्रैक के 29ः01.03 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जो इथियोपिया की लेटेसेनबेट गिडी के पास था। नगेटिच ने सितंबर में महिलाओं की एकमात्र दौड़ में 29ः24 के समय के साथ 10 किमी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। नगेटिच ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। ईमानदारी से कहूं तो, मेरा स्पष्ट लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना था लेकिन 28ः46 किसी भी उम्मीद से परे है। जब मैंने आधे रास्ते में 14ः13 देखा तो मैं डरी नहीं, इसने मुझे अंत तक प्रयास जारी रखने के लिए बहुत प्रेरित किया। अब वह मार्च में विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप बेलग्रेड 24 और फिर पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां अगस्त में एथलेटिक्स नंबर 1 खेल होगा।

रणजी ट्रॉफी दूसरा राउंड

मुंबई ने आंध्र को 10 विकेट से हराया, रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हारा कर्नाटक

मुंबई (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे राउंड के आखिरी दिन सोमवार को मुंबई ने आंध्र प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया। मुंबई के शम्स मुलानी ने दोनों पारी में 5-5 विकेट लिए और 10 विकेट हॉल पूरा किया। मुंबई की टीम फिलहाल एलिट के ग्रुप बी के टॉप मौजूद है।ग्रुप सी में गुजरात ने कर्नाटक को 6 रन से हराया। दूसरे राउंड के मैच 12 जनवरी से शुरू हुए थे, जिसका सोमवार को आखिरी दिन था।

मुंबई के कोटियन और अवस्थी के अर्धशतक – एलीट ग्रुप बी में मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले गए मैच में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 395 रन बनाए। भुपेन लवानी (61), तनुष कोटियन (54) और मोहित अवस्थी (53) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा श्रेयस अय्यर ने भी 48 रनों का योगदान दिया।

आंध्र की ओर से नीतीश रेड्डी ने पांच

विकेट झटके। जवाब में धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी की घातक गेंदबाजी के सामने आंध्र की पहली पारी सिर्फ 184 रन पर सिमट गई। धवल ने तीन और मुलानी ने छह विकेट लिए। इस मैच के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा- मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है, जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था (आंध्र के खिलाफ रणजी मैच)। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं।' इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज पर अय्यर बोले- मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

रोमांचक मुकाबले में गुजरात जीता – सिद्धार्थ देसाई के 42 रन पर 7 विकेट की अगुवाई में गुजरात ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के खिलाफ रोमांचक 6 रन से जीत हासिल की। दिन की शुरुआत में 171/7 पर करने के बाद उमंग कुमार (57) और चिंतन गाजा (23) ने गुजरात को अपने दूसरी पारी में 219 के साथ समाप्त की। जीत के लिए कर्नाटक को 110 रनों की जरूरत थी और एक समय स्कोर 50/0 होने के बाद कर्नाटक 53 रन बनाकर कुल 103 रन पर आउट हो गया। देवदत्त पड्डिकल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए।वहीं, कानपुर में आखिरी दिन कोई मैच नहीं हो सका, जिससे उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना खुश कभी नहीं देखा

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार ओपनिंग करेंगे स्टीवन ; कहा– बैटिंग का इंतजार पसंद नहीं

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्होंने स्टीवन स्मिथ को इतना खुश पहले कभी नहीं देखा। वहीं स्मिथ ने कहा कि उन्हें बैटिंग के लिए इंतजार करना पसंद नहीं। इसीलिए उन्होंने ओपनिंग करने के लिए टीम मैनेजमेंट से कहा। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 17 जनवरी से शुरू हो रहे टेस्ट में वह पहली बार ओपनिंग करने उतरेंगे। स्मिथ के साथ उस्मान ख्वाजा ओपन करेंगे। वहीं नंबर-4 की पोजिशन पर कैमरन ग्रीन खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन पहले ही अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी थी। अब वेस्टइंडीज ने भी पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना उत्साहित कभी नहीं देखा – ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, मैंने स्मिथ को किसी टेस्ट के लिए इतना उत्साहित पहले कभी नहीं देखा। वह नेट्स में कुछ ज्यादा ही खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि नई गेंद से रन बनाने में आसानी होगी। इतने बड़े लेवल का खिलाड़ी अगर किसी पोजिशन पर बैटिंग करना चाहें तो आप

उनका सम्मान करते हैं। हमने भी स्मिथ के साथ वही किया।

स्मिथ को बैटिंग का इंतजार करना पसंद नहीं – स्मिथ ने कहा, वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद तय था की ग्रीन (कैमरन) ही प्लेइंग-11 में शामिल होंगे। लेकिन उन्हें ओपनिंग का एक्सपीरियंस नहीं है। मार्नस (लाबुशेन) भी नंबर-3 पर बैटिंग करते हैं और मुझे ऐसे में बैटिंग के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता था। मुझे ये पसंद नहीं।ग्रीन नंबर-4 के बैटर हैं और वह मेरी जगह संभाल सकते हैं। लेकिन वॉर्नर के जाने से मुझे ओपनिंग करने का मौका मिलेगा और मैं वहां ज्यादा अच्छे से फिट हो सकता हूं। इस कंडीशन में देश के टॉप-6 बैटर्स टीम का हिस्सा बन सकेंगे। मैंने लम्बे समय तक नंबर-3 पर भी बैटिंग की है, इसलिए जानता हूं कि नई गेंद को कैसे खेलना है।

स्मिथ ने इंग्लैंड में बना लिया था ओपनिंग का मन – टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करने के फैसले पर स्मिथ ने कहा, मैंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐशेज सीरीज में भी ओपनिंग करने का सोचा था। तब मुझे ज्यादातर मैचों में नई गेंद ही खेलने को मिली। फिर वॉर्नर ने रिटायरमेंट का फैसला कर लिया, तब मैंने मैनेजमेंट से कहा कि मुझे ओपनिंग करनी है। मैनेजमेंट ने मुझे सीरियसली नहीं लिया।

नई गेंद से रन बनाने में आसानी होती है। मिडिल ऑर्डर में आते-आते बॉल सॉफ्ट हो जाती है, तब मुझे रन बनाने में दिक्कत होती है। अब क्रीज पर आते ही नई गेंद का सामना करूंगा तो तेजी से रन भी बना सकूंगा।

ऑस्ट्रेलिया में 2 टेस्ट खेलेगा वेस्टइंडीज – वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट की सीरीज कल यानी 17 जनवरी से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला एडिलेड में भारतीय समयानुसार सुबह 5.00 बजे से शुरू होगा। मुकाबले से पहले दोनों ही टीमों ने अपनी-अपनी प्लेइंग-11 भी घोषित कर दी है।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

वेस्टइंडीज- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, कर्क मैकेंजी, एलिक एथनाज, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ और केमार रोच।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

आज अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, कुलदीप-आवेश की वापसी संभव

बेंगलुरू (एजेंसी)। श्रृंखला जीत चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी टी20 मैच में इस लय को बरकरार रखते हुए 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी और कप्तान रोहित शर्मा के फॉर्म में लौटने की भी उम्मीद कर रही होगी।

जून में होने वाले विश्व कप से पहले यह भारत का आखिरी टी20 मैच है। मोहाली और इंदौर में मिली जीत के बाद टीम प्रबंधन कोई कोताही बरतना नहीं चाहेगा। दोनों मैचों में छह विकेट से मिली जीत में पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति अहम रही। भारत ने पहले मैच में 159 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में और दूसरे में 173 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

इससे पहले टी20 में भारतीय टीम शुरू में सावधानी से खेलकर आखिरी ओवरों में हाथ खोलने की रणनीति अपनाती आई है। लेकिन अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेल रहे हैं और शिवम दुबे तथा विराट कोहली ने इसकी बानगी पेश की। करीब 14 महीने बाद पहला टी20 खेल रहे कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीबुर रहमान का बखूबी सामना किया और उनकी सात गेंदों में 18 रन बनाए।

आम तौर पर कोहली स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं लेकिन इस मैच में उलटा देखने को मिला। वहीं दुबे पिछले साल डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये तीन साल बाद भारतीय टीम में लौटे। उसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों में भाग लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली।

मेसी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

हालैंड-एमबापे को हराया, आइताना बोनमती बेस्ट विमेंस प्लेयर, पेप ग्वार्डिओला बेस्ट कोच

मैनचेस्टर सिटी (एजेंसी)। अर्जेंटीना के लियोनल मेसी ने फीफा के फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्हे पीएसजी और इंटर मियामी क्लब के साथ नेशनल टीम के लिए परफॉर्मेंस के आधार पर अवॉर्ड मिला। मेसी ने लगातार दूसरे साल यह अवॉर्ड जीता है। स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉल ऑफ द ईयर बनीं। वह बार्सिलोना के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। वहीं मैनचेस्टर सिटी के पेप ग्वार्डिओला को बेस्ट कोच का अवॉर्ड मिला। आइताना बोनमती एक ही साल में विमेंस फुटबॉल के 4 टॉप अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। उन्होंने यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, बैलन डी ओर और वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड भी जीता।

हालैंड-एमबापे को हराकर जीते मेसी – फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में मेसी के साथ नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड और फ्रांस के किलियन एमबापे भी थे। एमबापे को वोटिंग में 35 पॉइंट्स मिले और वह तीसरे नंबर पर रहे। हालैंड को मेसी के बराबर 48 पॉइंट्स ही मिले। टॉप पोजिशन टाई हो गई थी, तब टाई-ब्रेकर का इस्तेमाल किया गया। लियोनल मेसी ने लगातार दूसरे साल फीफा मेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। मेंस नेशनल टीम के 13 कप्तानों ने मेसी को वोट किया, जबकि हालैंड को 11 कप्तानों के ही वोट मिले। टाई-ब्रेकर में 2 पॉइंट से आगे रहने के कारण मेसी को विजेता माना गया और उन्होंने लगातार दूसरे साल फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया। नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में टॉप कंटेंडर थे। वह लियोनल मेसी से टाई-ब्रेकर में हार गए।

बोनमती ने एकतरफा अंदाज में जीता अवॉर्ड – स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर बनीं। उन्हें वोटिंग में 52 पॉइंट्स मिले। कप्तान, कोच, मीडिया और फैंस सभी से उन्हें 13-13 पॉइंट्स मिले, जिस कारण वह पहले नंबर पर रहीं। बोनमती ने 2023 का विमेंस बैलन डी ओर भी जीता था। फुटबॉल इंडस्ट्री में बैलन डी ओर सबसे बड़ा इंडिविजुअल अवॉर्ड माना जाता है। विमेंस में कोलंबिया की लिंडा काइसेडो 40 पॉइंट्स के साथ दूसरे और स्पेन की ही





जेनिफर हरमोंसो 36 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। आइताना ने इसी साल बैलन डी ओर, यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल और बेस्ट फीफा प्लेयर का अवॉर्ड जीता। वह एक ही साल में चारों अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। स्पेन की आइताना बोनमती ने फीफा विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर का खिताब जीता। वह महज 25 साल की हैं।

गिलहर्म मद्रुगा का बाइसिकल किक गोल ऑफ द ईयर – ब्राजील के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। ये अवॉर्ड साल का बेस्ट गोल मारने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। मुद्रुगा ने 27 जून 2023 को पेनल्टी बॉक्स के बाहर से बाइसिकल किक के जरिए गोल मारा था। इसे फीफा ने गोल ऑफ द ईयर घोषित किया। मिडफिल्डर मद्रुगा ने सीरी-बी लीग में बोटाफोगो क्लब से खेलते हुए नोवोरिजोन्टिनो के खिलाफ गोल दागा था। गोल ऑफ द ईयर की रेस में पैराग्वे के जुलियो एन्सिको और पुर्तगाल के नुनो सांतोस भी थे। मद्रुगा पुस्कस अवॉर्ड जीतने वाले ब्राजील के तीसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले 2011 में नेमार और 2015 में वेंडेला लिरा भी इस अवॉर्ड को जीत चुके हैं। 23 साल के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। उन्होंने सीरी-बी लीग में गोल ऑफ द ईयर स्कोर किया।

सरिना वीगमैन बेस्ट विमेंस कोच – नीदरलैंड की सरिना वीगमैन ने विमेंस कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। वह फिलहाल इंग्लैंड विमेंस टीम की कोच हैं। वीगमैन को वोटिंग में 28 पॉइंट्स मिले। इंग्लैंड की एमा हेस (18 पॉइंट्स) दूसरे और स्पेन की जोनाटन जिराल्डेज (14 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड विमेंस टीम की हेड कोच सरिना वीगमैन लगातार दूसरे साल फीफा कोच ऑफ द ईयर बनीं।

ह्यूगो डेनियल फैन ऑफ द ईयर – अर्जेंटीना के ह्यूगो डेनियल टोटो इनिगेज को फीफा फैन अवॉर्ड मिला। टोटो अपने 2 महीने के बेटे के साथ अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड पहुंचे थे। मैच के दौरान टोटो बेटे को बोतल से दूध पिलाते नजर आए थे। उनके सपोर्ट और इंस्पिरेशनल स्टोरी को फीफा ने बेस्ट फैन कैटेगरी का अवॉर्ड दिया।

एडरसन और मैरी ईर्प्स बेस्ट गोलकीपर

ब्राजील के एडरसन ने मेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें 23 पॉइंट्स मिले। एडरसन मैनचेस्टर सिटी क्लब के लिए भी गोलकीपिंग करते हैं। गोलकीपर कैटेगरी में बेल्जियम के थियाबॉट कर्टोइस 20 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं मोरक्को के यासिन बोनो ने 16 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ब्राजील के एडरसन ने फीफा गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। विमेंस गोलकीपर में इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स बेस्ट रहीं। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। दूसरे नंबर की कॉम्पिटिटर से मैरी 14 पॉइंट्स आगे रहीं, उन्हें 28 पॉइंट्स मिले। जबकि स्पेन की कैटलिना कॉल (14 पॉइंट्स) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की मैकेंजी आरनोल्ड (12 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स ने विमेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता।

आईआरजीसी के मिसाइल हमले में अरबील में चार लोगों की मौत

बगदाद, एजेंसी।

इराक के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र कुर्दिस्तान की राजधानी अरबील शहर पर ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए है। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुर्दिस्तान क्षेत्र सुरक्षा परिषद ने एक बयान में कहा है कि सोमवार को रात 11:30 बजे आईआरजीसी ने अरबील में कई आबादी वाले नागरिक क्षेत्रों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। बयान में कहा गया, एक स्थिर क्षेत्र के रूप में अरबील कभी भी किसी भी पक्ष के लिए खतरे का स्रोत नहीं रहा है। मिसाइल हमले को कुर्द क्षेत्र और इराक की संप्रभुता का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया है तथा संघीय सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसे हमलों के बारे में चुप नहीं रहने का भी आह्वान किया गया। इससे पहले, एक स्थानीय सुरक्षा सूत्र ने बताया कि अरबील के उत्तरी हिस्से में निमार्णाधीन अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास आधी रात के आसपास छह विस्फोटों की आवाज सुनी गई थी। इस बीच, आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी के अनुसार, आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसने क्षेत्र में ह्यजासूसी मुख्यालयह्न पर मिसाइल हमले किए। बयान में कहा गया है कि मिसाइलों ने अपने लक्ष्यों पर हमला किया और अधिक विवरण की घोषणा बाद में की जाएगी।

ट्रम्प के आयोवा रिपब्लिकन कॉकस जीतने का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिका के कई मीडिया आउटलेट्स ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 2024 आयोवा रिपब्लिकन कॉकस जीतने का अनुमान लगाया है। सीबीएस न्यूज, एनबीसी न्यूज, एसोसिएटेड प्रेस, फॉक्स न्यूज और सीएनएन समेत अन्य ने 2024 व्हाइट हाउस की दौड़ में पहले वोट के लिए आयोवा कॉकस खुलने के आधे घंटे से कुछ अधिक समय बाद यह अनुमान लगाया। सीबीएस न्यूज ने कहा कि श्री ट्रम्प की अपेक्षित जीत पार्टी पर उनकी पकड़ साबित करती है, जबकि उन पर चार आपराधिक मामलों में कई संगीन आरोप हैं। सीएनएन के मुताबिक यह जीत जीओपी क्षेत्र में श्री ट्रम्प की अग्रणी स्थिति को मजबूत करती है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि यह देखना बाकी है कि दूसरा स्थान पर कौन जीतेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129